* ओड़िशा संस्करण

30 मार्च, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 158







## बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखने पर कृष्णा अग्रवाल पर बिफरे ढुल्लू महतो, ऑडियो वायरल

# चिट्ठी क्यों लिखी, आप माफिया हैं, चुप रहिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से भाजपा ने बाघमारा विधायक और झारखंड की राजनीति में चर्चित नाम ढुल्लू महतो को टिकट दिया है। ढुल्लू को टिकट मिलने के बाद पार्टी के अंदर तो नाराजगी है ही, अब धनबाद के सामाजिक संगठन भी ढुल्लू के खिलाफ खुल कर सामने आ गये हैं। धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मलेन ने ढुल्लू महतो को टिकट दिये जाने पर कड़ी आपत्ति जतायी है। संगठन



के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिख कर ढुल्लू महतो को टिकट दिये जाने के निर्णय को रिव्यू करने का आग्रह किया है। कृष्णा अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि ढुल्लू महतो पर 49 मामले दर्ज हैं और उन्हें चार अलग-अलग मामलों में सजा मिल चुकी है। जिस दिन से ढुल्लू महतो को टिकट मिला है, उस दिन से धनबाद में नकारात्मक चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसलिए पार्टी को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो परिणाम के दिन इस भूल पर पश्चाताप करना पड़ेगा।

*इस पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कृष्णा अग्रवाल को फोन कर उनसे बातचीत की। इसका ऑडियो वायरल हो रहा है। ढुल्लू महतो और कृष्णा अग्रवाल के बीच हुई बातचीत के प्रमुख अंश हम हू-ब-हू प्रकाशित कर रहे हैं :*

**ढुल्लू:** कृष्णा भइया बोल रहे हैं।
**कृष्णा अग्रवाल:** बोल रहे हैं
ढुल्लू: विधायक जी बोल रहे हैं ढुल्लू महतो।
**कृष्णा अग्रवाल:** हां नमस्कार बोलिये।
**ढुल्लू:** ये क्या लिखे हैं आप।
**कृष्णा अग्रवाल:** क्या लिखे हैं उ तो पढ़े ही होंगे।
**ढुल्लू:** पढ़े हैं भइया। जब गोली चल रहा था, तब स्टेटमेंट नहीं दिये आप लोग। राम मंदिर बनवाये, तब नहीं लिखे आप लोग।
**कृष्णा अग्रवाल:** एकदम हम दिये थे। आपके पक्ष में बयान दिये थे।
ढुल्लू: क्या दिये थे। ये क्या चीज है। जब गोली चल रही थी, दुकानदार से रंगदारी मांगी जा रही थी, तब एक भी नेता या व्यवसायी बयान देने नहीं आया।
**कृष्णा अग्रवाल:** हम दिये। हम धरना दिये।
**ढुल्लू:** धरना देने से क्या हुआ। भ्रष्ट लोगों से कौन लड़ता है। हम माफिया हैं? गुंडा हैं? बोलिए। किसी के कहने पर ऐसा मत कीजिए। ये सब एकदम मत कीजिए। गलत बात है भइया।
**कृष्णा अग्रवाल:** विधायक जी आप समझ नहीं रहे मेरी बात को।
**ढुल्लू:** हम ही नहीं समझ रहे?
**कृष्णा अग्रवाल:** मेरी बात सुनिए।
**ढुल्लू:** मर्डर करनेवाला लोग विधायक बन गया। मर्डर करानेवाला लोग विधायक बन गया, उस समय चिट्ठी नहीं लिखे?
**कृष्णा अग्रवाल:** नहीं नहीं, हम ये बोल रहे हैं न!

(शेष पेज 05 पर)

## न्यूज रील्स

### कांग्रेस को आयकर का 1700 करोड़ रुपये का नोटिस

नयी दिल्ली। कांग्रेस को मिले आयकर टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह बात कही। दरअसल, आयकर विभाग ने सुबह कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का नया डिमांड नोटिस जारी किया। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुमार्ने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

### चुनाव आयोग के सी-विजिल ऐप में 79 हजार शिकायतें दर्ज

नयी दिल्ली। 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि आयोग का सी-विजिल ऐप आचार संहिता उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ा हथियार बन चुका है। आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। उसके बाद से लेकर अब तक सी-विजिल ऐप पर 79 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। अब तक मिली शिकायतों में 99% समाधान कर दिया गया है।

### सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआइ जांच को मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने जेल में बंद आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआइ जांच की मंजूरी दे दी है। सत्येन्द्र जैन पर तिहाड़ जेल में रहते हुए ठग सुकाश चन्द्रशेखर से 10 करोड़ रुपये उगाही का आरोप है। इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने फरवरी में गृह मंत्रालय से सीबीआइ जांच की सिफारिश की थी। सुकेश ने 7 अक्टूबर 2022 को दिल्ली के उपराज्यपाल को इस बारे में पत्र लिखा था। सुकेश 200 करोड़ की ठगी के आरोप में मंडोली जेल में बंद है। उसे बीच में तिहाड़ जेल में शिफ्ट किया गया था।

## बिल गेट्स ने नरेंद्र मोदी का इंटरव्यू लिया

# अप्रशिक्षित हाथों में एआइ नहीं आना चाहिए : पीएम



- माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर ने पूछे कई सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), डिजिटल रेवोल्यूशन, हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, नारी शक्ति, क्लाइमेट चेंज और गवर्नेंस सहित अन्य मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआइ जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल हो सकता है। प्रधानमंत्री ने माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स को दिये एक इंटरव्यू में यह बात कही। इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा।

### इंटरव्यू के मुख्य अंश

**बिल गेट्स:** जी20 अब ज्यादा इन्क्लूसिव हो गया है। इसलिए इसे देखना शानदार है कि भारत ने वास्तव में डिजिटल इनोवेशन जैसी चीजों को बढ़ावा दिया है। जी20 वास्तव में एक मैकेनिज्म हो सकता है, जो संबंधों में सुधार ला सकता है। आप जानते हैं कि हमारा फाउंडेशन भारत में पॉजिटिव रिजल्ट से उत्साहित है। हम साथ मिलकर इसे अन्य देशों में भी लेकर जायेंगे।

**मोदी:** आपकी बात सही है, जब मैं इंडोनेशिया में जी-20 समिट में गया था, तब दुनिया के सभी देशों की उत्सुकता थी कि आपने डिजिटल रिवॉल्यूशन कैसे लाया है। तब मैं उनको समझाता था कि मैंने इस टेक्नोलॉजी को लोकतांत्रिक बना दिया है। इस पर एकाधिकार नहीं रहेगा। ये जनता का, जनता के द्वारा होगा और जनता इसमें वैल्यू ऐड करेगी। इससे आम लोगों का टेक पर भरोसा बनेगा। जैसे 10 डॉक्टर हैं, सब एमबीबीएस, लेकिन एक डॉक्टर के पास ज्यादा लोग जाते हैं। यह बताता है कि उस डॉक्टर में लोगों का भरोसा है।

(शेष पेज 05 पर)

# जो कहते हैं, वो करते हैं: चंपाई

अंकिता के दोषियों को सजा मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दुमका पेट्रोल कांड के दोषियों को सजा मिलने के बाद एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में सीएम ने लिखा है किम जो कहते हैं, वो करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इसमें अपना ट्वीट, एक बयान और आखिर में अखबार में छपी सजा मिलने की खबर की कटिंग साझा की है। इसे उन्होंने पहल और असर के रूप में दिखाया है। संभवतः इस ट्वीट के जरिए मुख्यमंत्री जताना चाहते हैं कि उनकी सरकार महिला अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई को लेकर प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि दुमका के जरुवाडीह की रहनेवाली 16 वर्षीय अंकिता को जिंदा जलाने वाले दोषी शाहरुख हुसैन और मो नईम अंसारी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

**दुमका नगर थाना में दर्ज हुआ था मुकदमा :** गौरतलब है कि अंकिता हत्याकांड में दुमका के नगर थाना में पुलिस ने शाहरुख हुसैन और नईम अंसारी के खिलाफ धारा 302, 307, 326 ए, 354, 504, 506, 509, 34 और 120बी के साथ पॉक्सो की धाराओं में भी केस दर्ज किया था। तकरीबन दो साल तक चली सुनवाई में कोर्ट में 51 लोगों की गवाही हुई। इसके बाद 28 फरवरी को कोर्ट ने शाहरुख और नईम को दोषी ठहराया। सजा सुनाने के समय दोनों दोषियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान अंकिता के पिता, दीदी और जीजाजी कोर्टरूम में मौजूद थे।

### क्या है मामला

22 अगस्त 2022 को शाहरुख ने अपने एक दोस्त के साथ मिल कर अंकित पर पेट्रोल छिड़कर उसे आग के हवाले कर दिया था। दरअसल, शाहरुख अंकिता से एकतरफा प्यार करता था। उसने किशोरी को कई बार प्रपोज किया था। हर बार अंकिता ने इनकार कर दिया ,जो शाहरुख को प्रसंद नहीं आया। इसलिए, उसने अपने एक साथी की मदद से खिड़की के जरिए पेट्रोल छिड़का और उसके बाद आग लगा दी। इस घटना में 16 वर्षीय अंकिता बुरी तरह जल गयी थी। अंकिता को पहले दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बाद में स्थिति गंभीर होने पर उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान 27 अगस्त को अंकिता की मौत हो गयी।

# मुख्तार अंसारी का आज होगा सुपुर्द-ए-खाक

गाजीपुर के मोहम्मदाबाद पैतृक गांव लाया गया शव

मौत की न्यायिक जांच होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बांदा/लखनऊ।** उत्तरप्रदेश की बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट से गुरुवार देर रात को मौत हो गयी। शुक्रवार को तीन डॉक्टरों के पैनल सहित पांच लोगों की टीम ने मुख्तार के शव का पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बतायी गयी है। शाम पांच बजे उसकी बॉडी बांदा से गाजीपुर रवाना हो गयी। यहां शनिवार को काली बाग कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जायेगा। इसी बीच मुख्तार के बेटे उमर ने बांदा डीएम को पत्र लिखा है। मांग की है कि पिता मुख्तार के शव का दिल्ली एम्स में पोस्टमार्टम कराया जाये। बांदा डीएम की संस्तुति पर मुख्तार की मौत मामले की न्यायिक जांच के आदेश सीजेएम ने जारी किये हैं।

उधर, मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा कर पिता के जनाजे में शामिल होने की अनुमति मांगी है। अब्बास कासगंज जेल में कैद है। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर के मोहम्मदाबाद स्थित उसके घर पर समर्थकों की भीड़ लगी है। मुख्तार के परिवार, करीबी रिश्तेदार, चाहने वाले, समर्थकों के अलावा समाजवादी पार्टी के कई नेता मुख्तार के आवास 'फाटक' पहुंचे।


# चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह से होंगे आजसू के उम्मीदवार

भाजपा ने गांडेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा को बनाया प्रत्याशी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** आजसू पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए गिरिडीह सीट से एक बार फिर वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर ही भरोसा जताया है। आजसू के केंद्रीय कार्यालय, रांची में शुक्रवार को आयोजित संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने प्रेसवार्ता में श्री चौधरी के नाम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन 13:1 के फॉर्मूले पर चुनाव लड़ेगा। आजसू पार्टी को गिरिडीह सीट मिली है। संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि सीपी चौधरी ही वहां से चुनाव लड़ेंगे। सुदेश महतो ने भरोसा जताते हुए कहा कि राज्य में सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत होगी। उधर, भाजपा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। यहां से दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से यह सीट खाली है।




# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कल आप की रैली

आइएनडीआइए के कई बड़े नेता होंगे शामिल

मुख्यमंत्री चंपाई और कल्पना के भी शामिल होने की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/रांची।** आम आदमी पार्टी (आप) को रविवार 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली की इजाजत मिल गयी है। दिल्ली पुलिस ने इसकी अनुमति दे दी है। बताया जाता है कि इस रैली में आइएनडीआइए गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे। यहां गठबंधन का ही बैनर लगेगा। इसमें विपक्ष के कई बड़े नेता के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक इस जनसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। साथ ही महाराष्ट्र से शरद पवार और उद्धव ठाकरे भी मौजूद होंगे। वहीं टीएमसी से डेरेक ओब्रायन के भी आने की खबर है। आप द्वारा पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### आप ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' कैंपेन लांच किया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान लांच किया है। शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मैं आपको (जनता) वॉट्सऐप नंबर 8297324624 दे रही हूं। आप इस पर मैसेज भेज कर अपने अरविंद को आशीर्वाद भेज सकते हैं। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि इडी भाजपा के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रही है। वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फोन तक पहुंच कर आपकी लोकसभा चुनाव रणनीति के बारे में जानना चाहती है। अरविंद केजरीवाल के फोन का पासवर्ड इडी नहीं, भाजपा चाहती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 63,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



# गोड्डा में इस बार विकास बनाम जातीय सियासत का होगा मुकाबला

## ■ निशिकांत दुबे के सामने चौथी बार अपने गढ़ को बचाने की चुनौती

## ■ विकास के साथ-साथ जातीय और दूसरे मुद्दों पर खुल कर बात कर रहे हैं वोटर

आजाद सिपाही विशेष

संथाल परगना में तीन लोकसभा सीटों में गोड्डा बेहद खास है। यह सीट अनारक्षित है। गोड्डा को झारखंड में भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट माना जाता है, क्योंकि यहां से लगातार तीन बार के सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने इलाके में खूब काम किया है। सांसद के रूप में उनका प्रदर्शन और कामकाज लोगों की नजर में संतोषजनक रहा है, लेकिन गोड्डा में आज भी समस्याओं की कमी नहीं है। भाजपा ने लगातार चौथी बार डॉ दुबे को मैदान में उतार कर चुनावी माहौल को 'विकास बनाम जातीय सियासत' के मुकाबले में बदल दिया है। विपक्षी इंडी गठबंधन भाजपा के निशिकांत दुबे को कड़ी टक्कर देने कीफिराक में है। इसलिए कांग्रेस के जिस प्रत्याशी के अखाड़े में उतरने की चर्चा है, उससे जातीय समीकरण, गुणा-भाग और उसके पक्ष में बहने वाली हवा मुकाबले को दिलचस्प बनायेगी। पिछले तीन चुनाव में जिस तरह निशिकांत के वोटों का प्रतिशत जीत के साथ बढ़ा है, ऐसे में इस बार भी उनके सामने लगातार चौथी बार जीत का झंडा गाड़ने की चुनौती होगी। इस सबके बीच यह भी सही है कि जरा सी भी चूक भाजपा के सफर को मुश्किल बना सकती है। विपक्ष ने अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनावी मुकाबले के रोमांचक होने के पूरे संकेत हैं। वैसे एक बात गौर करने लायक है कि पिछले 15 साल में डॉ दुबे ने गोड्डा की सियासत को जातीय गोलबंदी में बांध कर रख दिया है। इसी गोलबंदी का लाभ उन्हें मिलता है और इस बार भी कहा जा रहा है कि गोड्डा का सांसद जातीय गोलबंदी के दलदल से डूब कर ही निकलेगा। क्या है गोड्डा संसदीय क्षेत्र का सियासी माहौल और क्या हैं मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

झारखंड का 'बिहारी क्षेत्र' है गोड्डा संसदीय क्षेत्र। बिहार के बांका और भागलपुर जिले से सटे होने के कारण यह क्षेत्र विशिष्ट पहचान रखता है। ऐसे में यह सीट बेहद खास हो जाती है। गोड्डा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले देवघर को पूर्वोत्तर भारत की आध्यात्मिक राजधानी कहा जाता है। वैद्यनाथ धाम में सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यह अकेला ऐसा धार्मिक स्थान है, जहां पर शिव और शक्ति एक साथ विराजमान हैं। गोड्डा संसदीय क्षेत्र स्थित इस्टर्न कोलफील्ड्स के अंतर्गत एशिया की सबसे बड़ी ओपन पिट राजमहल यहां है। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यरत हैं। हालांकि कोयले का लाभ यहां नहीं मिल पाया है। गोड्डा में ही ललमटिया कोयला खदान है। ललमटिया के कोयले से कहलगांव और फरक्का बिजली परियोजना का संचालन होता है।

### गोड्डा की सामाजिक पृष्ठभूमि

गोड्डा को संथाल जनजाति की भूमि माना जाता है। गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लोग मूलतः कृषि पर निर्भर करते हैं। यहां की प्रमुख फसलों में गेहूं और मक्का शामिल हैं। गोड्डा संसदीय क्षेत्र पिछड़ी जाति के साथ मुस्लिम और ब्राह्मण बाहुल्य है। पिछड़ी जातियों और मुस्लिमों का दबदबा इस सीट पर रहा है। अनुसूचित जाति 11 फीसदी से अधिक और अनुसूचित जनजाति की आबादी 12 फीसदी से अधिक है। वहीं, मुस्लिम और ब्राह्मणों की भी बड़ी आबादी गोड्डा संसदीय क्षेत्र में वास करती है। भाजपा को भरोसा है कि गोड्डा संसदीय क्षेत्र में इस बार भी गैर यादव-मुसलमानों की गोलबंदी होगी, जो जीत की राह प्रशस्त करेगी। इसी को ध्यान में रख कर पार्टी की तैयारी चल रही है। दूसरी तरफ पार्टी के वरीय यादव नेता अपने स्वजातीय वोटरों में भी सेंधमारी का अभियान चला रहे हैं। गोड्डा संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक मुसलमान और यादव मतदाता हैं, जिसे विपक्षी गठबंधन का आधार वोट माना जाता है। एक अनुमान के अनुसार यहां लगभग दो से ढाई लाख यादव, ढाई से तीन लाख मुसलमान, दो लाख ब्राह्मण, ढाई से तीन लाख वैश्य, डेढ़ लाख के करीब आदिवासी, एक लाख के करीब भूमिहार, राजपूत, कायस्थ और शेष पचपौनियां और दलित हैं।




भाजपा को भरोसा है कि यदि यादव और मुसलमान गोलबंद हो गये, तो फिर बाकी सात लाख वोटर उसके पक्ष में आ जायेंगे।

### गोड्डा का राजनीतिक परिदृश्य

गोड्डा संसदीय क्षेत्र में पड़नेवाले तीन जिलों की छह विधानसभा सीटों में एक देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इन छह में से दो सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, जबकि दो पर कांग्रेस और एक-एक पर झामुमो और झाविमो की जीत हुई थी। बाद में झाविमो के विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये। इस तरह अभी चार सीट विपक्षी गठबंधन के पास और दो सीट भाजपा के पास है। देवघर सीट से वर्तमान में भाजपा के विधायक नारायण दास हैं, जबकि गोड्डा से अमित मंडल विधायक हैं। मधुपुर से झामुमो के हफीजुल अंसारी विधायक हैं। जरमुंडी, महगामा और पोड़ैयाहाट से क्रमशः कांग्रेस के बादल पत्रलेख, दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव विधायक हैं।

### गोड्डा संसदीय क्षेत्र का चुनावी इतिहास

गोड्डा जब स्वतंत्र लोकसभा सीट के रूप में नहीं जाना जाता था और अविभाजित बिहार का अंग था, उस वक्त देश में हुए पहले चुनाव में संताल परगना प्रमंडल क्षेत्र से पहले सांसद के रूप में देवघर के पुरोहित समाज के पंडित रामराज जजवाड़े निर्वाचित हुए थे। 1962 और 1967 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के प्रभुदयाल जीते। 1971 और 1977 के चुनाव में जगदीश मंडल विजयी रहे । जगदीश मंडल 1971 में कांग्रेस और 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़े थे। 1980 और फिर 1984 में मौलाना समीउद्दीन ने जीत दर्ज की थी। 1989 में इस सीट पर भाजपा के जनार्दन प्रसाद यादव जीते थे। 1991 में झामुमो के सूरज मंडल विजयी घोषित किये गये थे। पुनः गोड्डा सीट पर भाजपा की वापसी हुई। 1996, 1998 और 1999 का चुनाव भाजपा के टिकट पर जगदंबी प्रसाद यादव जीते। 2000 का चुनाव भाजपा के ही टिकट पर प्रदीप यादव जीते। 2004 में अपनी पारंपरिक सीट पर कांग्रेस ने वापसी की और फुरकान अंसारी चुनाव जीते। लेकिन उसके बाद एक बार फिर भाजपा ने गोड्डा सीट पर अपनी पुनर्वापसी की। 2009, 2014 और 2019 में पार्टी प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने जीत दर्ज की।

### निशिकांत लगातार चौथी बार खिलायेंगे कमल!

गोड्डा में अभी भाजपा के निशिकांत दुबे सांसद हैं। 2024 में भी भाजपा ने उन्हें ही मैदान में उतारा है। पिछले 15 साल में उन्होंने जितने काम किये हैं, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि उन्हें काम के मामले में चुनौती नहीं दी जा सकती है। अडाणी का पावर प्लांट, देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, गोड्डा में रेल नेटवर्क और कई अन्य काम इस संसदीय क्षेत्र में हुए हैं। इसलिए गोड्डा संसदीय क्षेत्र को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट कहा जा रहा है। सदन के भीतर भी डॉ दुबे ने जिस आक्रामक अंदाज का प्रदर्शन किया है, वह भी गोड्डा को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय फलक पर चर्चित कर चुका है। विवादों के बावजूद कामकाज के मामले में डॉ दुबे की कोई सानी नहीं है।

### गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के मुद्दे

बड़ा सवाल है कि गोड्डा में किन मुद्दों पर चुनाव लड़ा जायेगा। गोड्डा के ललमटिया में राजमहल कोल परियोजना के अंतर्गत एशिया का सबसे बड़ा कोयला पिट है। मुद्दा यह है कि स्थानीय ग्रामीणों को इसका कितना लाभ मिलता है। गोड्डा शहर में 16 सौ मेगावाट क्षमता वाला अडाणी का पावर प्लांट है। समझौते के मुताबिक इसका 25 फीसदी झारखंड को मिलना था, लेकिन नहीं मिल रहा है। गठबंधन इसे यहां मुद्दा बनायेगा। गोड्डा में भाजपा इस बार बांग्लादेशी घुसपैठ को मुद्दा बनायेगी। इसके अलावा गरीबी, पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे तो हैं ही।

### गोड्डा सीट पर विपक्ष के प्रत्याशी का इंतजार

गोड्डा सीट से भाजपा की तरफ से डॉ निशिकांत दुबे को टिकट दिया गया है, लेकिन विपक्षी गठबंधन के लिए फिलहाल कुछ भी तय नहीं है। तीन नाम चर्चा में हैं। चर्चा है कि दीपिका पांडेय सिंह अब राष्ट्रीय राजनीति के लिए महात्वाकांक्षी हैं। वह गोड्डा में टिकट के लिए दिल्ली दरबार में हाजिरी लगा रही हैं। करीब एक दशक से राजनीतिक निर्वासन झेल रहे फुरकान अंसारी भी सक्रिय हो गये हैं। उनके विधायक बेटे इरफान अंसारी समय-समय पर पिता की उम्मीदवारी की वकालत करते रहते हैं। समीकरण साधने के लिए खुद को यादव कुल का बताते हैं। वहीं पिछले तीन आम चुनावों में शिकस्त झेल चुके प्रदीप यादव भी गोड्डा में उम्मीदवारी पेश कर सकते हैं।

---

## इंडी अलायंस ने किया सीट बंटवारा

# बिहार: राजद 26, कांग्रेस 9 और लेफ्ट 5 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

### पप्पू यादव का पत्ता कटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिहार।** बिहार में महागठबंधन ने सीट बंटवारे का ऐलान कर दिया है। पटना के राजद ऑफिस में महागठबंधन ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सीट बंटवारे की घोषणा की है। बिहार में राजद 26 और कांग्रेस नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं लेफ्ट के खाते में पांच सीटें आयी हैं। इसमें भाकपा माले को तीन, सीपीआइ को एक और सीपीएम को एक सीट मिली है। सबसे ज्यादा पेंच पूर्णिया सीट को लेकर थी। यह सीट अब राजद के खाते में है। इसकी वजह से पप्पू यादव का पत्ता कट गया है। जदयू से आरजेडी में आयीं बीमा भारती इस सीट पर महागठबंधन की उम्मीदवार होंगी।

**औरंगाबाद, गया समेत 26 सीट राजद के खाते में :** राजद के खाते में औरंगाबाद, गया, जमुई, नवादा, सारण, पाटलिपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, दरभंगा, बांका, अररिया, मुंगेर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, मधुबनी, सिवान, शिवहर, वैशाली, हाजीपुर, सुपौल, वाल्मिकीनगर, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, मधेपुरा (सुपौल) और गोपालगंज की सीट आयी है। वहीं कांग्रेस किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, पटना साहिब, सासाराम, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज से चुनाव लड़ेगी। भाकपा माले (लिबरेशन) को आरा, काराकाट और नालंदा की सीट मिली है। वहीं सीपीआइ को बेगूसराय और सीपीएम को खगड़िया की सीट मिली है।

**दिल्ली में तय हुआ फार्मूला, पटना में एलान :** दिल्ली में राजद और कांग्रेस नेताओं के बीच तीन दिनों तक मंथन के बाद नियम और शर्तों के साथ फार्मूला तय हुआ है। पटना में आरजेडी दफ्तर में आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, आरजेडी नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, उदय नारायण चौधरी और लेफ्ट पार्टियों से धीरेंद्र झा, राम नरेश पांडेय मौजूद थे।



### बिहार में सात चरणों में होगा चुनाव

**बताते चलें कि बिहार में भी सात चरणों में चुनाव होने वाला है। पहला चरण 19 अप्रैल, दूसरा 26 अप्रैल, तीसरा 7 मई, चौथा 13 मई, पांचवा 20 मई, छठा 25 मई और सातवां एक जून को होगा।**

**पहला चरण :** औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई
**दूसरा चरण :** किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर
**तीसरा चरण :** झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया
**चौथा चरण :** दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर
**पांचवा चरण :** सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर
**छठा चरण :** वाल्मिकी नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज और सीवान
**सातवां चरण :** पटना साहिब, पाटलिपुत्र, नालंदा, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद

---

## संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने शिव उरांव

# पार्टी नयी क्रांति के साथ आगाज करेगी : शिव उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिव उरांव को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने उनका स्वागत करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि शिव उरांव के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इनके राजनीतिक अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा। शिव उरांव ने कहा कि पार्टी नयी क्रांति के साथ आगाज करेगी, जिसमें युवाओं की बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा और मौजूद गठबंधन सरकार दोनों ने युवाओं को छला है। भाजपा और इंडी गठबंधन के खिलाफ एक विकल्प खड़ा करेंगे। पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी कर ली है, राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश मिलने पर उम्मीदवारों की घोषणा की जायेगी। मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सबरीना टोप्पो, मैना उरांव, उमा शंकर झा, नरेंद्र साईं, मनीष चौधरी, फिरोज अंसारी, बसंत उरांव आदि मौजूद थे।

---

## संजय सेठ ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया

# आप पर हम सबको गर्व है: सांसद



### एरोबिक और जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप में पहली बार जीत कर आये झारखंड के खिलाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एरोबिक नेशनल चैंपियनशिप 2024 में झारखंड ने पहली बार मेडल जीता है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड से 13 खिलाड़ियों की टीम ने भाग लिया था। जिसमें सीनियर और जूनियर टीम के खिलाड़ी शामिल थे। झारखंड के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब जिमनास्टिक से जुड़े राष्ट्रीय खेल में यहां के खिलाड़ी विजय हुए हैं। जम्मू कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों को ब्रॉन्ज मेडल देकर उनकी जीत का सम्मान किया गया। जम्मू कश्मीर से जीतने के बाद सभी खिलाड़ी रांची पहुंचे और सांसद संजय सेठ के केंद्रीय कार्यालय में उनसे मुलाकात की। श्री सेठ ने सभी खिलाड़ियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू भी मौजूद रहे। सांसद श्री सेठ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किये और सांसद के सहयोग के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इन खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव में भी अपनी सहभागिता निभाई थी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री सेठ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता है। खिलाड़ियों के प्रति उनका लगाव है कि वह विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े खिलाड़ियों से अपना जुड़ाव रखते हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और उत्साहवर्धन का प्रतिफल है कि आज हमारे झारखंड के खिलाड़ी भी राज्य के लिए मेडल ला रहे हैं। इतिहास बना रहे हैं। संसद ने कहा कि इन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हो, आने वाले दिनों में यह खिलाड़ी भी एरोबिक्स और जिमनास्टिक जैसे क्षेत्र में झारखंड को और बेहतर पदक दिला सकें। झारखंड का नाम दुनिया में रोशन कर सकें।

---

# आयकर विभाग भाजपा को छूट दे रहा : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा को छूट और कांग्रेस से लूट की नीति के तहत देश में आयकर विभाग काम कर रहा है। लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के जरिये कराये गये आंतरिक सर्वे में हार की रिपोर्ट आने पर सरकारी एजेंसियां इडी, सीबीआइ और आइटी आदि खुल कर मैदान में आ गयी हैं। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग के जरिये कांग्रेस को 1823 करोड़ का नोटिस भेजा गया है। 135 करोड़ कांग्रेस के खाते से पहले ही आयकर विभाग के जरिये निकाला जा चुका है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा के खाते की जो जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर है ,उसमें 1297 लोगों ने बिना नाम पते के बिना पूरी जानकारी के 42 करोड़ रुपये भाजपा के खाते में 2017-18 में जमा किये हैं। कांग्रेस के 14 लाख के डिपॉजिट पर आयकर विभाग ने हमारे खाते फ्रीज कर दिये, लेकिन भाजपा के 42 करोड़ नजर नहीं आये। भाजपा ने जो नियम का उल्लंघन किया है इसके चलते उन पर 4600 करोड़ की देनदारी बनती है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore+ Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.0 °c | 23.0 °c |

सूर्यास्त (आज) : 18.03 बजे
सूर्योदय (कल) : 05.43 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# बारियातू में वाहन चेकिंग के दौरान कार से 21 लाख 92 हजार रुपये जब्त

कुतुबद्दीन/ संतोष सिन्हा

**बालूमाथ/बारियातू।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं भयमुक्त बनाने के लिए लातेहार पुलिस कृत संकल्पित है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह थाना प्रभारी राजा दिलावर के नेतृत्व एवं बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के अनुवीक्षण में अंतरजिला सीमा क्षेत्र के थाना गेट के समीप बने चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, जहां चेकिंग के दौरान एक कार जेएच 02बी एम 3719 से इक्कीस लाख पंचानबे हजार रुपये नगद जब्त किये गये। जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए उक्त चेकपोस्ट पर बीते 22 मार्च से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह मेरे अनुवीक्षण मे थाना प्रभारी दिलावर के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान चतरा से बालूमाथ की ओर जा रहे एक काला रंग के टाटा नक्सॉन चार पहिया वाहन जेएच 02 बीएम 3719 की तलाशी ली गयी। इसमें काला रंग के बैग से नगद इक्कीस लाख पंचानबे हजार रुपये रखा हुआ मिला। इसेजब्त करते हुए इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारीयों एवं अनुवीक्षण कमिटी और आयकर विभाग को दी गयी। इस आलोक में अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि लातेहार पुलिस के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत से अब तक करीब 26 लाख 11 हजार रुपये नकद जब्त किये जा चुके हैं तथा कुल तकरीबन 3 करोड़ 60 लाख रुपये मूल्य का अफीम, डोडा, नार्कोटिक्स ड्रग्स, गांजा इत्यादि भी जब्त किया जा चुका है। लातेहार पुलिस द्वारा इस क्रम में आदर्श आचार संहिता लगने के उपरांत कुल 05 हथियार (आग्नेयास्त्र) एवं 19 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। इस प्रकार आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत से अब तक लातेहार पुलिस के द्वारा करीब 04 करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुओं की बरामदगी की जा चुकी है। ये उपलब्धियां अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव कराने की दिशा में बेहतर कदम हैं। लातेहार पुलिस आगे भी इस तरह की कार्रवाई करती रहेगी। मौके पर निर्वाचक निबंध पदाधिकारी नंद कुमार राम मौजूद थे, जबकि चेकिंग अभियान में थाना के सहायक अवर निरीक्षक द्वारिका नाथ पांडेय एंव थाना के सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलने की संभावना, नौकरी में उन्नति।

**वृष** शत्रुओं पर दबाव बनाने में सफल रहेंगे। कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** आपके परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। पुराने शुभचिन्तक काम आयेंगे। शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी, परिस्थितियों में सुधार।

**कन्या** नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### दुमका लोकसभा सीट को लेकर अटकलों का बाजार खत्म

# हेमंत सोरेन नहीं लड़ेंगे लोस चुनाव : हेमलाल मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की अटकलों को जेएमएम ने विराम देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन किसी भी सीट से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे और अगले दो से तीन दिनों में जेएमएम झारखंड की सभी पांचों सीट के उम्मीदवारों की घोषणा कर सकता है। यह जानकारी जेएमएम के पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने साहिबगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया।



हेमलाल मुर्मू ने सीता सोरेन के सवालों का जवाब देने के लिए पार्टी की ओर से अधिकृत रूप से साहिबगंज में प्रेस वार्ता की और सीता सोरेन के हर सवाल का जवाब दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इस बार झारखंड में बीजेपी का खाता तक नहीं खुलेगा। हेमलाल मुर्मू ने सीता सोरेन को जवाब देते हुए कहा कि उनको पार्टी में सम्मान नहीं मिला या फिर दुर्गा सोरेन की मौत की जांच का मामला था, तो उनको विधानसभा के पटल पर रखना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि वे खुद 15 साल से एमएलए रही हैं। अपने फंड से दुर्गा सोरेन की आदम कद प्रतिमा लगा लेनी चाहिए थी, लेकिन जब बीजेपी की गोद में जा कर बैठ गयीं, तब ये सब याद आता है। बीजेपी अपनी पूरी ताकत लगा ले, हेमंत सोरेन की साख और बढ़ेगी। हेमंत का अर्थ सोना होता है, वह जितना तपेगा, वह उतना चमकेगा। भाजपा को झारखंड में जोर का झटका लगनेवाला है।

### सत्ताधारी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होने पर भाजपा ने किया तंज

# डूबती हुई नाव में सवार होने से भाग रहे हैं लोग : प्रतुल शाहदेव

**चुनाव लड़ने के मुद्दे पर महागठबंधन के नेता एक दूसरे को 'पहले आप, पहले आप' कहने की भूमिका में**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज तक महागठबंधन के द्वारा झारखंड में सिर्फ तीन उम्मीदवारों की घोषणा पर तंज करते हुए कहा है कि महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा है। महागठबंधन के नेता डूबती नाव की सवारी से बचते दिख रहे हैं। इसलिए अभी तक सिर्फ तीन नाम की घोषणा हुई। प्रतुल ने कहा कि इसके उलट एनडीए गठबंधन से अब तक सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है और सब प्रचार कर रहे हैं। 11 उम्मीदवारों की घोषणा तो एक माह पूर्व ही हो गयी थी।



प्रतुल ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भी रोज फार्मूला बदलने की खबरें आती हैं। कभी 5-6-2-1 तो कभी 7-5 -1-1 । गठबंधन के लोगों को सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटों को हथियाने की चिंता है। जनता के बारे में इन्होंने अपनी कोई सोच या योजना उजागर नहीं की है। अंततः ऐसा ना हो कि महागठबंधन को जनता ही झारखंड से नौ दो ग्यारह कर दे।

प्रतुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधान मंत्री बनाने के लिए पूरे देश में राष्ट्रवाद और विकास की आंधी चल रही है। इस आंधी का सामना करने के लिए महागठबंधन के नेता हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। प्रतुल ने कहा कि महा गठबंधन के भीतर खाने से चुनाव लड़ने के मुद्दे पर नेताओं में एक दूसरे को 'पहले आप,पहले आप' कहने वाली स्थिति दिख रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि धर पकड़ के और आरजू मिन्नत कर पिछले बार के चुनाव में हारे हुए उम्मीदवारों को ही खोज-खोज कर लड़ाने की तैयारी की जा रही है।

### एनसीपीसीआर के चेयरपर्सन की झारखंड सरकार से अपील

# दुमका की बच्ची के हत्याकांड में शामिल दोषी शाहरुख और नइम को दिलायें मृत्युदंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने झारखंड सरकार से शाहरुख और नइम को हाइकोर्ट से मृत्युदंड की सजा दिलाने का आग्रह किया है। एनसीपीसीआर के चेयरपर्सन प्रियंक कानूनगो ने इस संबंध में सोशल मीडिया के जरिए सरकार से अनुरोध करते हुए कहा है कि झारखंड के दुमका में अगस्त 2022 में यौन शोषण से इंकार कर देने पर खिड़की से पेट्रोल डाल कर घर में सो रही बच्ची को जिंदा जला कर मार देनेवाले शाहरुख और नइम को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी है। इन अपराधियों के समर्थन में बांग्लादेश के कट्टर इस्लामिक संगठनों ने सोशल मीडिया कैंपेन चलाया था।

आयोग द्वारा इस मामले की जांच रिपोर्ट में इन अपराधियों के अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिया होने का संदेह व्यक्त किया गया था। दुर्भाग्य से राज्य सरकार ने इस मामले में कोई पुख्ता जांच नहीं की और न ही न्यायालय को इस तथ्य से अवगत करवाया। प्रियंक के मुताबिक, ऐसे वहशियों का समाज में कोई स्थान नहीं है। राज्य सरकार को राजधर्म निभाना चाहिए। दोनों को मृत्युदंड हेतु हाइकोर्ट में अपील करना चाहिए।

**क्या है मामला**

गौरतलब है कि यह घटना 23 अगस्त 2022 को दुमका के जरुवाडीह मुहल्ले में 23 अगस्त 2022 को अंकिता (काल्पनिक नाम) की हत्या कर दी गयी थी। आरोपी शाहरुख हुसैन एवं नइम उर्फ छोटू खान ने छात्रा को खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था, जिससे उसकी मौत 27 अगस्त को रिम्स, रांची में इलाज के दौरान हो गयी थी। इस मामले की छानबीन करने के लिए 10 सदस्यीय एसआइटी टीम का गठन किया गया था। इसके बाद अंततः दोनों को दोषी पाते हुए पिछले दिनों कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

### रामटहल चौधरी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता और रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय और बंधु तिर्की भी मौजूद रहे। इस शिष्टाचार मुलाकात में रांची लोकसभा सीट सहित झारखंड की अन्य लोकसभा सीटों के समीकरणों पर चर्चा की गयी।

# राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक छोड़ कर दुर्दांत अपराधियों को फांसी की सजा दिलाये: आरती कुजूर

**पूर्व डीएसपी नूर मुस्तफा ने दोषियों की उम्र कम कर बचाने की कोशिश की थी, उसके ऊपर राज्य सरकार ने कार्रवाई नहीं की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने अंकिता हत्याकांड में दोषियों के आजीवन कारावास की सजा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से यह आग्रह भी करते हैं कि उच्च न्यायलय में सरकार अपील करे कि ऐसे दुर्दांत अपराधियों को फांसी की सजा हो।



कहा कि झारखंड की बेटियों की इज्जत लूटने और जान लेने पर उतारू लोगों को फांसी की सजा हो। पेट्रोल छिड़क कर जिस बच्ची अंकिता की हत्या हुई थी, यह एकमात्र ऐसी घटना नहीं है। इस तरह से प्रदेश में छह हजार से ज्यादा बच्चियों की बलात्कार एवं हत्या हुई है। उनके साथ भी ऐसी भयावह घटना हुई है।

कहा कि अंकिता हत्याकांड में डीएसपी नूर मुस्तफा ने अंकिता को बालिग दिखाया और शाहरुख की उम्र नाबालिग दिखायी थी। उनकी मंशा यह थी कि शाहरुख को सजा नहीं हो। लेकिन भाजपा ने इस हत्याकांड पर जोरदार आंदोलन पूरे प्रदेश में किया, आंदोलन जोर पकड़ा, तब डीएसपी ने उम्र को सुधार कर शाहरुख को बालिग किया।

कुजूर ने सरकार से पूछा कि वह बताये कि उस डीएसपी पर क्या कार्रवाई हुई, जिसने इतना बड़ा अपराध किया था और हम पूछना चाहते हैं कि किसके कहने पर डीएसपी ने उम्र में छेड़छाड़ की थी।

कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की नीति से बाहर निकल कर अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाये।

कहा कि राज्य सरकार बताये कि एसटी-एससी की कितनी बच्चियों एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की घटनाएं हुईं। कितने केस में फास्ट ट्रैक का गठन किया गया, कितनों पर कार्रवाई की गयी। इसमें सरकार की उदासीनता साफ दिखती है, क्योंकि वे सभी पीड़िता गरीब परिवार से आती हैं। कहा कि रुबिका पहाड़िया, जिसको 50 से ज्यादा टुकड़ों में काट दिया गया था, उसके हत्यारे भी आज जेल से बाहर आकर खुले में घूम रहे हैं।

कहा कि हत्यारे शाहरुख का तार प्रतिबंधित बांग्लादेशी संगठन अंसार उल बंगला से भी जुड़ा होने की बात सामने आयी थी। इस मामले को भी दबा दिया गया। कहा कि अंकिता हत्याकांड के तुरंत बाद दुमका में ही 14 वर्षीय नाबालिग आदिवासी को अरमान अंसारी ने लव जेहाद के नाम पर फंसा कर गर्भवती किया और उसके बाद उसकी हत्या कर शव पेड़ पर लटका दिया।

# सरकारी कर्मियों ने बीमारी बता चुनाव ड्यूटी से छुट्टी मांगी, डीसी बोले- रिटायरमेंट ले लो

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ में बीमारी का हवाला देकर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की अपील करनेवाले 30 सरकारी कर्मियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति की अनुशंसा उपायुक्त ने कर दी है। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान कार्य के लिए सरकारी कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया जाना है। जिले के कई सरकारी कर्मचारियों ने बीमारी का हवाला देकर उन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की थी। मेडिकल जांच के बाद इनमें से 30 कर्मियों को अनफिट पाया गया। अब उपायुक्त ने यह दलील देते हुए कि इतनी बीमारी में तो कर्मी दैनिक सरकारी कार्य भी नहीं कर पाते होंगे, उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की मांग की है। पाकुड़ के उपायुक्त द्वारा जारी यह चिट्ठी अब सोशल मीडिया में वायरल है। लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



**उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल ने लिखी चिट्ठी :** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल ने जिले में संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान के नाम जारी चिट्ठी में लिखा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग ऑफिसर के रूप में सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है। कई कर्मचारियों ने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है। उनका लिखित आवेदन भी प्राप्त हुआ। कर्मियों के आग्रह पर एक विशेष मेडिकल टीम का गठन किया गया। सभी कर्मियों की जांच करायी गयी। मेडिकल जांच के बाद कई कर्मियों को अनफिट घोषित किया गया है। उपायुक्त ने लिखा है कि जो कर्मचारी अनफिट घोषित किये गये हैं, वे बिना किसी संदेह के अपने दैनिक सरकारी काम का भी निर्वहन नहीं कर पाते होंगे।

**अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव तैयार करने के लिए एक सप्ताह**

पाकुड़ के उपायुक्त ने लिखा है कि अनफिट घोषित किये गये कर्मी अपने दैनिक सरकारी कार्यों का निष्पादन भी नहीं कर पाते होंगे। वे बिना काम किये ही प्रतिमाह वेतन ले रहे हैं, जिससे सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है। ये स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान को आदेश दिया है कि अनफिट घोषित किये गये कर्मचारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव तैयार करें। डीसी ने इसके लिए विभागों को एक सप्ताह का समय दिया है।

# श्रावणी मेले की तैयारी का बना प्रस्ताव चुनाव आयोग से मांगी जायेगी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर का श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू होगा। श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई विभागों ने कार्ययोजना बना ली है, जिसमें पथ निर्माण विभाग, पीएचइडी, नगर निगम और विद्युत विभाग है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार की गयी हैं अलग-अलग योजनाएं

इन विभागों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग योजनाएं तैयार की हैं। इसमें पथ निर्माण विभाग ने कांवरिया पथ में गंगा की मिट्टी बिछायी, देवघर कॉलेज रोड, बमबम बाबा पथ, बीएड कॉलेज से बरमसिया चौक रोड सहित मंदिर के आसपास की सड़कों का सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेज दिया है।



**कांवरिया रूट लाइनिंग में पानी की सुविधा के लिए बनी कार्ययोजना :** इसके अलावा पीएचइडी ने कांवरिया पथ में शौचालय व पानी की सुविधा के साथ-साथ कांवरिया रूट लाइनिंग में पानी की सुविधा के लिए कार्ययोजना बनायी है। देवघर नगर निगम ने भी पेयजल और शौचालय सहित सफाई के लिए कार्ययोजना बनायी है।

**कांवरिया पथ और मेला क्षेत्र में मेंटेनेंस के लिए रिपोर्ट तैयार :** विद्युत विभाग ने कांवरिया पथ में मेंटेनेंस सहित मेला क्षेत्रों में मेंटेनेंस के लिए रिपोर्ट तैयार की है। इन चार विभागों ने करीब 40 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की है, इसमें सबसे अधिक पीडब्ल्यूडी की सड़कों की योजना है।

**अनुमति मिलने के बाद योजनाओं पर शुरू होगा काम :** श्रावणी मेला शुरू होने से दो महीने पहले इन योजनाओं का काम चालू करने की तैयारी है, इससे पहले टेंडर की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से विभागीय स्तर से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**चुनाव आयोग से अनुमति मांगने की चल रही है तैयारी**

ऐसी परिस्थिति में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभागवार चुनाव आयोग से इन योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति मांगी जायेगी। विभागीय मुख्यालय से सचिव व मुख्य अभियंता के स्तर से पत्राचार कर चुनाव आयोग से अनुमति मांगने की तैयारी चल रही। चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद ही इन योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

## सांसद प्रत्याशी चुनाव में खर्च कर सकेंगे 95 लाख

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** निर्धारित धनराशि से अधिक खर्च कर चुनाव जीतने वाले की कुर्सी जा सकती है। वहां दोबारा चुनाव हो सकता है। खर्चों को लेकर आयोग गंभीर है। निगरानी टीमें सक्रिय हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। 2019 लोकसभा चुनाव में 70 लाख रुपये खर्च निर्धारित था। इस बार चुनाव आयोग ने 25 लाख रुपये बढ़ाते हुए 95 लाख रुपये कर दिए हैं। इसके ऊपर खर्च करने वालों पर आयोग की नजर रहेगी। यदि कोई प्रत्याशी निर्धारित धनराशि के ऊपर खर्च कर चुनाव जीतता है तो आयोग चुनाव को निरस्त कर सकता है। अतिरिक्त खर्च साबित होने के बाद वहां दोबारा चुनाव कराने के निर्देश हैं।
**दस हजार रुपये जमानत राशि:** लोकसभा चुनाव में आरक्षित सीट पर दस हजार रुपये जमानत राशि निर्धारित की गयी है। वहीं अनारक्षित सीट पर जमानत राशि 25 हजार रुपये निर्धारित है।

## लोस चुनाव में 270 वाहनों की पड़ेगी जरूरत

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले में लोकसभा चुनाव कराने के लिए 270 वाहनों की जरूरत पड़ेगी। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी ने वाहनों के आकलन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मेघा भारद्वाज को सौंप दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि कोडरमा लोक सभा के अंतर्गत कोडरमा जिले में 160 छोटी गाडियां 110 बस वाहनों की जरूरत पड़ेगी। जिसके लिए अलग-अलग भाड़ा निर्धारित किया गया है। डिटीओ ने बताया कि वर्तमान में जरूरत के अनुसार वाहनों की धड़पकड़ की जायेगी और बागी टांड़ में जब्त वाहनों को रखा जायेगा। वाहन रेट में चुनाव आयोग ने वृद्धि की है उसी के अनुसार भुगतान किया जायेगा। वाहन कोषांग के लिए 15 कर्मियों को अलग-अलग दायित्व दिया गया है। चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण के लिए नोटिस भेजे जायेंगे। नोटिस जाने के बाद ही वाहन को जमा करना पड़ेगा।

## मरकच्चो में रमजान के तीसरे जुम्मे पर नमाजियों ने मांगी भाईचारे की दुआ



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो सहित ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में शुक्रवार की दोपहर रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गयी। इस दौरान नमाजियों ने अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज अदा करने को ले काफी संख्या में नमाजी निर्धारित समय के पूर्व ही मस्जिदों में पहुंच गये थे और निर्धारित समय पर एक साथ नमाज अदा की। इसको लेकर नमाजियों में काफी उत्साह देखा गया। वही मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। ज्ञात हो कि प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद शाहगंज, कर्बला नगर, देवीपुर, खेशमी विंडोमोह, नावाडीह, दशारो, पपलो सहित सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ काफी देखी गयी। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में भी भीड़ देखी गयी।

## जेएमएस चर्च में मनाया गया गुड फ्राइ डे



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के जेएमएस चर्च में गुड फ्राइडे मनाया गया। इसकी अध्यक्षता पास्टर नकुल महतो ने किया। अपने अध्यक्ष से भाषण में नकुल महतो ने कहा कि गुड फ्राइडे का मतलब पवित्र शुक्रवार है, जिसे इसा मसीह के मृत्यु दिवस के तौर पर मनाया जाता है। प्रभु यीशु ने इंसानों की भलाई के लिए ही अपनी जान कुरबान की थी। मुख्य अतिथि सुशील दास प्रभु यीशु का अवतार प्रेम, सत्य, न्याय के लिए हुआ था। मुख्य अतिथि विजय दास ने कहा कि परमेश्वर बलिदान नहीं दया चाहते थे। प्रभु यीशु दुनिया को क्षमा करना सिखाया। जब उन्हें क्रूस पर चढ़ाया जा रहा था, तो वे पापियों को क्षमा कर रहे थे और तीसरे दिन बाद प्रभु जी उठे थे। चर्च में दूर दराज से आये हुए रोगियों, दुखियों के लिए प्रार्थना की गयी। इतना ही नहीं पूरी दुनिया में शांति भाईचारा की एकता खुशी के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की गयी। मौके पर जीसस मिशनरी सोसायटी ऑफ कर्णपुरा के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार, बादल कुमार महतो, शिबू महतो, इंद्रनाथ महतो, महेंद्र महतो, दशरथ साव, युगेश्वर प्रजापति, युगेश्वर महतो, यशवंत कुमार, नीलम देवी, टुसू कोयरी, मुनिता कुमारी, रूपा कुमारी, लिलावती देवी, ललिता देवी, राजकुमार राम, सीताफल महतो, राहुल कुमार,विकास कुमार, आशीष ठाकुर, सुंदरी देवी, सुमित्रा देवी, पिंकी कुमारी, मीना देवी, गांगो नायक, सोनी कुमारी, कालेश्वर महतो समेत दर्जनों लोगों मौजूद थे।

## लोस चुनाव को लेकर प्रशासन ने की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन के द्वारा बुथ सुपरवाइजर और बीएलओ की प्रशिक्षण का अहम बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल और संचालन सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सीओ बालेश्वर राम ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ ग्रुप मिनिमम फैसिलिटी को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में बीडीओ और सीओ ने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को सभी 127 बूथों में बिजली पानी शौचालय फर्नीचर की पूर्ण व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मतदान हेतु 85 वर्ष के ऊपर उम्र के वृद्ध और 40 प्रतिशत से अधिक प्रमाणित दिव्यांगों को घर से ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। परंतु वे मतदान केंद्र में भी जाकर मतदान कर सकते हैं। जिसके लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा वाहन सुविधा और मतदान केंद्र पहुंचने पर लोगों का स्वागत किया जायेगा। प्रशिक्षण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने और 80 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने का लक्ष्य पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण दौरान लोगों ने 80 प्रतिशत से अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर शपथ लिया। ज्ञात हो पूरे प्रखंड में 127 बूथ बनाये गये हैं, जिसमें कुल 68 बिल्डिंग में चुनाव संपन्न कराया जायेगा। जिसके लिए 127 बीएलओ, 13 सुपरवाइजर, लगाये गये हैं। 156 एवं 157 बूथ वेनरूबल बुथ है। बीडीओ सीओ ने चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सुपरवाइजर और बी एल ओ को प्रत्येक दो दिन में बैठक कर बुथ केंद्रों में समस्याओं को दूर करने पर जोर देने को कहा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल लोगों में मुख्य रूप से शशि कुमार, भास्कर राज, पूजा राय, अनुराधा पासवान, रुखसाना परवीन, संजय निगम, राजू कुमार, देवेंद्र कुमार, खुश नारायण मेहता, मनीष पाठक, नरेंद्र महतो, जितेंद्र कुमार दास, आशीष कुमार सोनी के अलावा अन्य कई उपस्थित थे।

# पूर्व सीओ शशि भूषण सिंह से डीसी ने पूछा स्पष्टीकरण

**एक सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए दिया समय**


आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर अंचल के पूर्व सीओ शशि भूषण सिंह से डीसी नैंसी सहाय ने स्पष्टीकरण पूछा है। डीसी कार्यालय ने जिला राजस्व शाखा के ज्ञापांक 669/200 पत्र जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा है। पत्र सीधे शशिभूषण सिंह, तत्कालीन अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग, संप्रति अंचल अधिकारी, गोविंदपुर, धनबाद के नाम पर भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि आपके विरुद्ध रंजीत कुमार, पिता लालचंद साव, ग्राम पोस्ट-बभनवै, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग का परिवाद पत्र प्राप्त है। परिवाद पत्र में वर्णित है कि सदर अंचल अंतर्गत मौजा बभनवै, थाना-मुफ्फसिल, थाना नं0-252, खाता नं0-28, प्लॉट नं-985, रकवा-69 डी खतियानी भूमि जो परिवादी के पूर्वज स्व बोधा महतो वो पनवा देवी के नाम से सर्वे खतियान में दर्ज है और जमाबंदी पंजी 2 के वोल्यूम नं-1 पेज नं-30 पर स्व बोधा महतो वो मो पनवा देवी के नाम से लगान रसीद वर्ष 2023-24 तक लगातार निर्गत होते चला आ रहा है। उक्त भूमि पर परिवादी रंजीत कमार शांति पूर्वक कायम काबिज वो दखलकार होकर जोत आबाद करते आ रहे है। परिवाद पत्र में परिवादी द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि आपके द्वारा पार्वती देवी पति द्वारिका मिस्त्री को विशेष लाभ पहुंचाते हुए गलत तरीके से नियम विरुद्ध एक बार में ही सन् 1958 से 2024 तक कुल 66 वर्ष का लगान रसीद निर्गत कर दिया गया है। आपके द्वारा यह कार्य किस नियम के तहत किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा यह कृत्य गलत मंशा और संबंधित व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। अतः आप उक्त कृत्य और लगाये गये आरोपों के संबंध में पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें।

## झारखंड के 50 स्वतंत्रता सेनानी को भेंट की गयी पुस्तक

**जय मंगल पांडेय और भारत की आजादी में लड़ाई लड़ने वाले सभी क्रांतिकारियों के योगदान लोगों को हमेशा याद रखना चाहिएः बटेश्वर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भाजपा नेता और क्रांतिकारी रामेश्वर महतो के परपोत्र बटेश्वर मेहता शहीद जयमंगल पांडेय के खिरगांव स्थित छठी पीढ़ी के वंशज कमल पांडेय के आवास पर पहुंचकर झारखंड के 50 स्वतंत्रता सेनानी पुस्तक भेंट की। साथ में कमल पांडेय के बड़े पुत्र 7वीं पीढ़ी के वंशज सचिदानंद पांडेय इस सम्मान के समय में उपस्थित थे। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की भारत आजादी की लड़ने वाले और भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जय मंगल पांडेय का और भारत की आजादी में लड़ाई लड़ने वाले सभी क्रांतिकारियों के योगदान लोगों को हमेशा याद रखना चाहिए।

शहीद जयनंगल पांडे हजारीबाग खिरगांव में 1793 इस्वी में जन्म हुवा 1818 ई में रामगढ़ बटालियन में सूबेदार के पद पर सेना में शामिल हुवे जिसका मुख्यालय डोरंडा रांची था। उनका हमेशा से दिल में अंग्रजों के ज्वाला था जो 2 अगस्त 1857 को डोरंडा में शहीद जय मंगल पांडेय और नादिर अली के नेतृत्व में विद्रोह के रूप में दिन के 1 बजे पूरे छावनी को कब्जे में ले लिया। अंग्रेज घनी जंगल के बीच भारतीयों की तेवर देख अंग्रेज भाग खड़े हुए जिसमें डिप्टी कमिश्नर सिंपसन और कमिश्नर डाल्टन भी थे। इस विद्रोह का नेतृत्व शहीद जय मंगल पांडेय कर रहे थे। विद्रोही बाबू कुंवर सिंह से मिलने बिहार की ओर कुच कर गये। सभी भारतीय सैनिकों को चतरा काली पहाड़ी के पास अंग्रेजी सैनिकों ने घेर लिया। जहा घंटो भीसन युद्ध हुआ।

इस युद्ध में 56 अंग्रजी सैनिकों को शहीद जयमंगल पांडेय ने मार गिराये। नादिर अली खा के पैर में गोली लगी सैकड़ों लोग युद्ध में दोनों तरफ से हताहत हुए। शहीद जय मंगल पांडेय और नादिर अली खां पकड़े गये साथ में 150 भारतीय भी पकड़कर एक साथ चतरा में एक तालाब के पास एक साथ 150 सो भारतीय सैनिकों को आम के पेड़ पर लटकाकर फांसी दे दी गयी। उस चतरा में फांसी हारा तालाब के नाम से जाना जाता है। आज शहीद के परिवार को पुस्तक देकर सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। शहीद जय मंगल पांडेय के वंशज कमल पांडेय और सचिदानंद पांडेय ने भी इस क्षण में बटेश्वर मेहता का आभार प्रकट किया।

## मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा जनसमर्थन

**पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देखती है, पीएम मोदी ने सबको गौरवान्वित किया : मनीष जायसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** भाजपा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को बरही प्रखंड के पूर्वी मंडल अंतर्गत दर्जनों गांव में तपिश भरी गर्मी में जनसंपर्क अभियान चलाया। तपिश भरी गर्मी होने के बावजूद ग्रामीणों ने लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, महुआटांड़, बेला, करगइयो, जवाड, कोल्हुआ, धोबियापहरी, भंडारों पंचायत के तेतरिया भंडारों, बेहराबाद, पुरहरा, बैरिशाल, विजैया पंचायत के गुड़ियों, विजैया चौक, डपोक पंचायत के गरजामो, डपोक, खुर्दजवाड, ओरपरता, बेलहारा, मलकोको पंचायत के बुंडू, बेलादोहर, मलकोको, पड़रिया, बरसोत पंचायत के श्रीनगर, बरसोत और करियातपुर क्षेत्रों का सघन दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता बेहद उत्साहित थी। हर एक जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के द्वारा मनीष जयसवाल का ढोल-ताशे के साथ स्वागत हुआ। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आम जनता से रूबरू होते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है, इसका पूरा श्रेय पीएम मोदी को जाता है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और हजारीबाग की जनता के विश्वास पर पार्टी ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी इसी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से पार्टी ने मनीष जायसवाल को टिकट देकर लोगों में उत्साह का संचार किया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग से पार्टी की जीत सुनिश्चित है। जनसंपर्क अभियान में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, शैलेन्द्र सिन्हा, दिनेश सिंह राठौड़, डोमन पांडेय, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, सुजीत कुमार, मुकेश बक्शी, सकलदेव यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## बालू गाड़ी पकड़ने गये सीओ पर ग्रामीणों ने किया हमला

**थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सीओ ने मामला दर्ज कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र के बरवां बोधीबागी के पास बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ने गये सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, चालक निर्मल साव, चौकीदार रौशन पासवान, मो सलीम और भेखलाल पासवान पर ग्रामीणों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने इचाक थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में लिखा गया है कि शुक्रवार को सुबह 7:30 बजे स्थानीय पुलिस और अधोहस्तक्षरी के द्वारा संयुक्त अभियान के तहत छापामारी किया जा रहा था। इस क्रम में बोधीबागी के पास अवैध बालू लदे ट्रैक्टर छापामारी टीम को देखकर भागने लगा। भागने के क्रम में चालक ने असिया मोड़ के पास ट्रैक्टर की ट्रॉली को पलट दिया और चालक भाग गया। कुछ ही देर में स्थानीय लोग और अवैध बालू का व्यापार करने वाले रैकेट के सरगना सिकंदर प्रसाद मेहता अलौंजा कला, राकेश कुमार मेहता उर्फ जोधन मेहता, रामजी प्रसाद मेहता, तुलेश्वर मेहता ग्राम कुरहा और सिकंदर कुमार मेहता ग्राम मोकतमा समेत 20 से 25 अज्ञात लोग हर्वे हथियार से लैस होकर घटना स्थल पर पहुंचें और मुझे गंदी-गंदी गालियां, जान से मारने की चेष्टा से धक्का मुक्की मेरे आलावा प्रतिनियुक्त चौकीदार के साथ भी करने लगे। उक्त अनियंत्रित भीड़ एकत्र होकर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत घृणित कार्य को अंजाम दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद भी चालक घटना स्थल से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मामले में कांड संख्या 40/2024 आइपीसी की धारा 341, 323, 353, 34 और झारखंड मिनरल रूल 2017 की धारा 13, झारखंड खनिज नियमावली 2004 की धारा 54 और खान और खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सीओ के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।



### सीओ पर ऑनलाइन मामला कराया दर्ज

इधर चालक संदीप कुमार की पत्नी शकुन कुमारी (22) ने सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता पर पद की धौंस दिखा कर पैसे के दोहन और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में लिखा गया है कि सीओ द्वारा फोन कर फर्जी तरीके से घटना स्थल पर बुला कर 25000 रुपये की मांग की गयी। इनकार करने पर मेरे साथ बदसलूकी की गयी और मुझे तथा मेरे पति को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गयी। शकुन कुमारी ने सीओ के विरुद्ध ऑनलाइन मामला दर्ज कराया है।

## टोनी जैन बने भाजपा माइक्रो डोनेशन समन्वय के जिला संयोजक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष श्री विवेकानंद सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य टोनी जैन को माइक्रो डोनेशन समन्वय के जिला संयोजक नियुक्त किया है, जिला अध्यक्ष ने अंग वस्त्र देकर सम्मान किया, जिला महामंत्री सुमन कुमार ने मिठाई खिलाई और इस कार्य के लिए बधाई दी, बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता केपी ओझा लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, अनिल मिश्रा कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, हजारीबाग पूर्वी मंडल अध्यक्ष रणधीर पांडे सहित और भी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर संयोजक बनने के उपरांत टोनी जैन ने कहा की पार्टी ने जो हमें जिम्मेवारी दी है उसका हम बखूबी निर्वाह करेंगे यह सभी मंडलों के बुथ स्तर का कार्य है, हमारी चेष्टा की हमें जो जिम्मेवारी मिली है वह पूरी तरह सफल हो, टोनी जैन सभी को धन्यवाद किया।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कोयला खनन का कार्य कर रही कंपनी बीजीआर माइनिंग एन्ड इंफ्रा लिमिटेड के द्वारा परियोजना से प्रभावित गांव बेंगवरि में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया है। इस केंद्र का उद्घाटन बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के जीएम श्रीनिवास रॉव ने फीता काटकर किया। कंपनी की सीएसआर कार्यक्रम के तहत बीजीआर की ओर से युवा संस्था के अजित कंप्यूटर के संचालकों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिम्मा सौंपा गया है। अभी शुरुआत में आठ कंप्यूटर सेट के साथ प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गयी है। प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए बीजीआर माइनिंग एन्ड इंफ्रा लिमिटेड के जीएम श्रीनिवास रॉव ने बताया की कम्पनी कोयले की खनन के अलावे सीएसआर के तहत सामाजिक दायित्व के कार्य भी करती है व इसी के तहत इस कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गयी है। मौके पर बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड के जीएम श्रीनिवार रॉव, एचआर और एडमिन सीएसआर कोडिनेटर रामशास्त्री, अमिताभ कुमार, राजशेखर, त्यागराजन और युवा संस्था से पंकज कुमार, अंजू कुमारी, योगेन्द्र महतो और सैफ अली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जेपी पटेल रविवार को विष्णुगढ़ में

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल रविवार को विष्णुगढ़ में दौरा करेंगे। इस बाबत महागठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के भेलवारा, खरकी, बलकमक्का, जोबर, विधायक मोड़, सारूकुदर, फराचांच, सिमरबेडा, चिहुटिया, नागी, सपमरवा, चानो, तिलैया, नरकी आदि गावों में बैठक की। बताते है कि कांग्रेस से जय प्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग लोक सभा प्रत्यासी बनाये जाने के बाद विष्णुगढ़ प्रखंड में पहला दौरा रविवार को होगा। जिसको लेकर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं में उत्साह हैं। कहा कि इंडिया गठबंधन हजारीबाग लोकसभा में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। जिसकी तैयारी को लेकर प्रखंड के सभी गावों में लगातार ग्रामीणों और महागठबंधन के कार्यकर्ताओं से संपर्क और बैठक किया जा रहा है।

## भाजपा कलस्टर की हुई बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** लोक सभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह ने किया। बैठक में टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में कुल 33 बूथ में दो कलस्टर बनाया गया। टाटीझरिया, डहरभंगा, बेड़म तीन पंचायत का एक कलस्टर और दूसरा कलस्टर धरमपुर और डूमर पंचायत शामिल हैं। कोडरमा लोक सभा क्षेत्र के तीन पंचायत झरपो, भराजो और खैरा के 21 बूथों का एक कलस्टर बनाया गया। कुल मिलाकर प्रखंड में तीन कलस्टर बनाया गया। निर्णय लिया गया कि शनिवार से बूथ का सत्यापन किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का कार्य करें। सभी क्षेत्र में जाकर केंद्र सरकार के कार्यों के बारे में बताने का काम करें। बैठक में राजू यादव, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, अमरेश सिंह, परमेश्वर यादव, विजय पांडेय, नितेश पांडेय, जितेंद्र मंडल, विजय ठाकुर, सुखदेव पांडेय, विक्रम सिंह समेत अन्य शामिल थे।

## रामनवमी मनाने को लेकर कमेटी का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम पूंदौल में महावीर मंदिर प्रांगण में रामनवमी पर्व मनाने हेतु एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी विनोद यादव के द्वारा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से कमेटी का निर्माण किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सागर यादव, उपाध्यक्ष राकेश यादव, सचिव राहुल पासवान, उपसचिव सुनील साहू, कोषाध्यक्ष अमित ठाकुर, संगठन मंत्री संतोष कुमार सिन्हा, उपसंगठन मंत्री रघुनाथ यादव, संरक्षक दिनेशवर पासवान, सुरेश चौधरी और महेंद्र यादव चुने गये। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी पूजा की अष्टमी रात्रि को शोभायात्रा के साथ जुलूस निकाला जायेगा और नवमी की सुबह को समाप्त किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारणी सदस्यों की भी सूची बनायी गयी। जिसमें अवधेश सिंह, कुलेश्वर यादव, रंजन पांडेय, बालेश्वर यादव, विकास पांडेय, पंचेश्वर साव, बोधन यादव, जितेंद्र यादव, रोहित शर्मा, राजेश यादव, यमुना ठाकुर चुने गये।

## विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय में बैठक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय में अभिभावकों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक का आयोजन वार्षिक परीक्षाफल के प्रकाशन मौके पर किया गया। इस अवसर पर एलकेजी से क्लास 8 तक मे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य यशवंत मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में अनुशासन और संस्कार को देना सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का दायित्व बनता है। अभिभावकों की ओर से भी विद्यालय प्रबंधन को सुझाव दिये गये, जिसे अमल करने की बात कही गयी। मौके पर शिक्षिका उमा सोनी, ममता मिश्रा, मो कैसूल आबेदीन, देवेश कुमार, अमन कुमार, स्नेहा कुमारी, आयुष कुमार और प्रतिष्ठा कुमारी उपस्थित थे।

## पेज 01 का शेष

# चिट्ठी क्यों लिखी...

**ढुल्लू:** गरीब आदमी हम लोग पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। पार्टी के लिए मरते हैं। हिंदू और सनातन की विचारधारा पर सबको जोड़ रहे हैं और आप लोग उल्टा पुल्टा काम कर रहे हैं। ये शराफत का काम नहीं है।
**कृष्णा अग्रवाल:** चलिये आपको लग रहा है ये गलत है। आपकी दृष्टि से गलत है।
**ढुल्लू:** लग नहीं रहा, यह गलत है। आप सामने बैठ के बात कीजिये।
**कृष्णा अग्रवाल:** कहां आ जायें?
**ढुल्लू:** आप बोलिए कहां आ जायें?
**कृष्णा अग्रवाल:** आपके घर आ जाते हैं, आप मेरे घर आ जाइये चाय पियेंगे, आपसे भाजपा में हम सीनियर हैं।
**ढुल्लू:** सुनिये भइया, सुन लीजिए, हिम्मत है तो मेरे सामने डिस्कस करे कोई। सबसे पहले शाखा हम शुरू करवाये। नवल जी जितेंद्र मास्टर इसका गवाह हैं।
**कृष्णा अग्रवाल:** मेरी बात पहले सुन लीजिए, प्रिंस खान जब मारवाड़ी लोग को टारगेट किया था, गोली चलवा रहा था।
**ढुल्लू:** हम भी बम चलायें क्या
कृष्णा अग्रवाल: ये आप गलत बात कर रहे हैं। आप हमको डरा रहे हैं।
**ढुल्लू:** आप ये माफिया लोग के दबाव में कर रहे हैं। हमको धमकी दे रहे हैं।
**कृष्णा अग्रवाल:** ये आप बोल रहे हैं कि धमकी दे रहे हैं। हम आपको क्या धमकी दिये बताइये?
**ढुल्लू:** ये क्या-क्या लिख रहे हैं आप। हमको बुला के बात कीजिए।
**कृष्णा अग्रवाल:** अरे गजब बात कर रहे हैं। कोई जरूरी नहीं कि आपको बुला के बात करेंगे।
**ढुल्लू:** तीन-तीन बार विधायक बने बीजेपी के टिकट से उस समय नहीं बोले।
**कृष्णा अग्रवाल:** आज बाघमारा में जो स्थित है?
**ढुल्लू:** क्या स्थिति है?
**कृष्णा अग्रवाल:** आप पर जो मामला है। आज भी अखबार में आया है।
**ढुल्लू:** कौन मामला। अखबार का बात मत कीजिए, एक भी केस साबित हो गया तो राजनीति छोड़ देंगे। बुलाइये सामने। पंद्रह जो मामला कर दिया है, हेमंत सोरेन कोयला चोरी, लोहा चोरी करवा रहा, कौन आवाज उठाया, एक सौ मर्डर करवा दिया।
**कृष्णा अग्रवाल:** आपकी बात सही है।
**ढुल्लू:** ये गलत बात है भइया। आप कांग्रेस के हैं।
**कृष्णा अग्रवाल:** हमको भाजपा में कौन पूछ रहा है?
**ढुल्लू:** भाजपा में कोई नहीं पूछेगा तो हमको मर्डर बना दीजियेगा क्रिमिनल बना दीजियेगा
**कृष्णा अग्रवाल:** आपके बारे में गलत लिखे तो बोलिये?
**ढुल्लू:** उसके बारे में क्यों नहीं लिखे जो मर्डर करवा के जेल में है। माफिया हैं, आप चुप रहिए।
**कृष्णा अग्रवाल:** इसीलिए विरोध कर रहे हैं आपका।

# ढाई करोड़ की हेरोइन और अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** चतरा जिले की गिद्धौर थाना पुलिस ने करीब ढाई करोड़ रुपये की हेरोइन और अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब पुलिस बलबल चेकनाका पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान राजेद्र दांगी को अफीम के साथ पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर करोड़ रुपये की हेरोइन और अफीम पुलिस ने बरामद किया। वहीं, एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में ललन दांगी और राजेंद्र दांगी का नाम शामिल है। दोनों आरोपी गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला के रहनेवाले हैं। आरोपी की निशानदेही पर 44.895 किग्रा अफीम, 25 ग्राम हेरोइन, अल्टो कार (जेएच-02बीबी-8865) और एक स्कूटी पुलिस ने बरामद किया है।

बरामद अफीम का बाजार मूल्य करीब सवा दो करोड़ रुपये और हेरोइन का बाजार मूल्य पांच लाख रुपये बताया गया है। पुलिस के अनुसार बीते गुरुवार को सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गिद्धौर थाना क्षेत्र स्थित अंतरजिला चेकनाका बलबल में एंटी क्राइम चेकिंग और वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान अवैध अफीम के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर पांडेय टोला के राजेंद्र दांगी के घर से भी अवैध अफीम एवं हिरोइन बरामद की गयी। आरोपी के विरुद्ध गिद्धौर थाना (कांड संख्या-22 / 2024) में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पूछताछ में अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

# टोरी रेलवे स्टेशन तक तीसरी नयी रेलवे लाइन बन कर तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू से टोरी रेलवे स्टेशन तक तीसरी नई रेलवे लाइन बीते तीन चार वर्षो से बन रही है। इसके तहत पतरातू से राय स्टेशन तक तीसरी लाइन बनकर तैयार हो गयी है। उसी का शुक्रवार को कोलकाता परिमंडल के मुख्य संरक्षा आयुक्त रेलवे सुवोमय मित्रा के द्वारा अंतिम जांच की गयी। इस मौके पर धनबाद के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, आरवीएनएल के डॉ सतीश कुमार आदि वरीय अधिकारी मौजूद थे। जांच के दौरान सबसे पहले राय से पतरातू स्टेशन तक सामान्य गति से ट्रेन को लाया गया। इसके बाद पतरातू से राय तक 120 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से ट्रेन को दौड़ाया गया। और इस दौरान रेलवे लाइन, ओवर हेड इक्यूपमेंट सहित अन्य कई चीजों की जांच की गयी। इस जांच के बाद रेलवे के अधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए यह जानकारी दी की अब नई बनी तीसरी रेलवे लाइन पर माल गाड़ी सहित सवारी और एक्सप्रेस ट्रेन को चलाना संभव हो पायेगा। मौके पर आरपीएफ के सहायक समादेष्टा मनोज कुमार श्रीवास्तव, गौरीशंकर सोय, सुरेंद्र साहू, हेमंत द्विवेदी, परमानंद प्रसाद, अंकित सिंह, रंजीत समल, सुब्रत बरल, वेंकटेश गुर्रम, शैलेश काले, डीपी गौतम, प्रशांत त्रिपाठी, रित्विक सरकार आदि अधिकारियों सहित अन्य सैकड़ों कर्मी शामिल थे।

## नदी में गिरने से व्यक्ति की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दामोदर नदी के किनारे शुक्रवार कों एक व्यक्ति के गिर जाने से मौत हो गयी। इस संबंध में बताया गया कि हेसापोडा निवासी कोलेश्वर महतो 46 वर्ष नदी किनारे गया था। इसी बीच वे अचानक गिर पड़े और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इसकी सुचना मिलते ही परिजन उसे उठा कर घर ले आये। इसके बाद पुलिस कों गुप्त सुचना मिली कि एक व्यक्ति का शव नदी किनारे से पाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के घर पहुंच कर शव कों कब्जे में कर पोष्टमार्टम कराने के लिए थाना ले आयी। इधर मृतक के पुत्र प्रेम कुमार ने थाना कों आवेदन देकर अपने पिता के मौत का कारण गिरकर हो जाने की बात कही है। साथ ही किसी के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराया है। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव कों पोष्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर तीन अलग अलग जगहों से तीन शव के पाये जाने से कई तरह की चर्चा हो रही है।**

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि पूजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिवर साइड बुध बाजार स्थित शिवनगर कॉलोनी बीटीटीआई में 20 से 24 अप्रैल तक होने वाले पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को श्री शिव मंदिर परिसर में भूमि पूजन और ध्वजारोहण आदि अनुष्ठान का आयोजन किया गया। पूजा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। मौके पर रोशनलाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मनोज राम, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कराया गया। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा की यह हर्ष का विषय है की श्री शिव मंदिर जीर्णोद्धार हेतू भव्य महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। आयोजन समिति ने बताया की पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा का 20 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। मौके पर आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, समाजसेवी अविनाश पासवान, उपमुखिया प्रशांत कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, कौशल सिंह, ददन कुमार, किरण सिंह, बासुकी नाथ, शंभू ठाकुर, आशा देवी, रौशनी देवी, रेशमी देवी, राजकुमार सिंह, सत्रुधन कुमार, धीरेन बक्शी, विश्वजीत बनर्जी, छोटू यादव, दिलीप महतो, बबलू कुमार, कोमल कुमारी, आयुष सिंह, विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय, विशाल कुमार, छोटू कुमार, दीपक कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थें।

## गुड फ्राइडे को लेकर आराधना का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर झंडा चौक स्थित सीएनआई चर्च में गुड फ्राइडे मनाया गया। गुड फ्राइडे प्रभु यीशु खीस्त के क्रूस पर समर्पित सिद्ध बलिदान के द्वारा संपूर्ण पापी जगत के पाप से छुटकारे का दिन है। शुक्रवार को प्रात: 9 बजे से खीस्त दिव्य रूपांतर उपासनालय, डी यू मिशन रामगढ़ कैंट में पेरिस पुरोहित थॉमस बाजरय के द्वारा प्रभु यीशु के क्रूस पर से उच्चारे गई सात वाणी पर संपूर्ण मानव जाति की भलाई और पाप मुक्त जीवन के लिए शुभ संदेश दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में पेरिस सचिव, कोषाध्यक्ष, सभा सदस्य गण और महिला समिति और युवा समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रामगढ़ जिला अंडर 19 टीम हजारीबाग गयी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में भाग लेने शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंडर 19 की टीम हजारीबाग रवाना हुई। हजारीबाग में कोडरमा, सरायकेला खरसावां, चतरा और हजारीबाग के साथ 30 मार्च से प्रारंभ टूर्नामेंट में रामगढ़ जिला की टीम भगो लेगी। टीम को रवाना करने के लिए रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, मानद सचिव अरुण कुमार राय, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू, सदस्य पवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, कोच अलोक शर्मा और सदस्य महेंद्र राणा ने अनित्यता अनुपम को टीम कप्तान और उपकप्तान राहुल राज, टीम मैनेजर लक्ष्मण कुमार गोलू और कोच रौशन सिंह के नेतृत्व में रुद्राक्ष कुमार सिंह, सुजल कुमार, सत्यम कुमार शर्मा, मानस गोयल, युवराज सिंह, रूपम कुमार केशरी, कृष, नीरज कुमार महतो, प्रिंस राज, कशिश मुंडा, देवेश गोयल और आशीष कुमार चौबे को शुभकामना देते हुए रवाना किया। अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कहा आयोजित अंडर 19 टूर्नामेंट में वर्तमान सत्र में भी टीम संतुलित और ऊर्जावान है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया गया अभियान


आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव में रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ ही बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई, चुनाव का पर्व देश का गर्व, आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। वही, उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर गांव गांव घूम घूम कर मतदान करने के लिए अपील की।

# नॉर्थ पोल एक्सपीडिशन पर वेबिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए नेवर गिव अप का अटल भाव रखें। यदि कोई शारीरिक कमी है, तो वह भी सफलता में आड़े नहीं आयेगी। यह बात प्रसिद्ध पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत ने कही। सत्यरूप सिद्धांत शुक्रवार को अपनी प्रस्तावित नॉर्थ पोल एक्सपीडिशन को लेकर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। आइ थ्री फाउंडेशन व श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस वेबिनार में सत्यरूप ने अपने पर्वतारोहण के अनुभव को साझा करते हुए नॉर्थ पोल की चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बचपन में वे अस्थमा से ग्रसित थे। ऐसे में सामान्य जीवन भी प्रभावित था। पर्वतारोही बनना तो दूर की बात थी। लेकिन धीरे-धीरे उन्हें पहाड़ों से प्यार हो गया। यह बात समझ आ गयी कि फिजिकल चैलेंजेस को जीता जा सकता है। बस माइंड डिसएबिलिटी नहीं होनी चाहिए। फाउंडेशन के संस्थापक राजीव गुप्ता ने कहा कि 20 अगस्त 2023 को रांची में आयोजित 70 वें एवरेस्ट सम्मेलन की सफलता के बाद झारखंड में कई नए लोगों ने पर्वतारोहण की शुरूआत की है। ऐसे लोगों का समूह कुछ महीने पहले ही अन्नपूर्णा बेस कैंप की सफल चढ़ाई कर चुका है। इस अवसर पर कनिष्क पोद्दार, प्रवीण राजगढ़िया, श्रवण जाजोदिया, अनूप प्रसाद, अमित मोदी आदि ने सत्यरूप सिद्धांत को नॉर्थ पोल यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दी।

**अप्रैल में शुरू होगा नॉर्थ पोल एक्सपीडिशन:** सत्यरूप सिद्धांत ने बताया कि एक अप्रैल से उनकी नॉर्थ पोल की यात्रा साइबेरिया की राजधानी क्रास्नोयार्स्क से शुरू होगी। पोलर बियर व अन्य बर्फीले जानवरों का खतरा सबसे अधिक होता है। इस सफर के दौरान कमर में टाइअप किया हुआ खाने-पीने और अन्य जरूरी सामान से भरा बॉक्स के स्लेज को भी खींचना पड़ेगा।

# सीसीएल कुजू क्षेत्र की परियोजनाओं का निरीक्षण

**आरा-सारूबेड़ा परियोजना को पुन: चालू करने सहित कुजू कोलियरी में लगी आग पर काबू पाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** सीसीएल मुख्यालय के डीटी पीएण्डपी सतीश झा ने सीसीएल कुजू क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने करीब एक दशक से बंद पड़े आरा-सारूबेड़ा परियोजना का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को अविलंब चालू करने का निर्देश दिया। वहीं बंद पड़ी पुंडी और कुजू कोलियरी को चालू करने की दिशा पर अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा किया। साथ ही तोपा व करमा परियोजना का निरीक्षण करते हुए तोपा में फोरमैन की कमी को जल्द से जल्द बहाल करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कुजू कोलियरी परियोजना अंतर्गत चरण पहाड़ी मंदिर का दर्शन करते हुए सुगम आवागमन मार्ग के लिए अधिकारियों को इस पर पहल करने का निर्देश दिया। जबकि कोलियरी में कई वर्षों से लगी आग पर जल्द काबू पाने की बात कही। वहीं बंद पड़ी सारूबेड़ा-आरा परियोजना का खदान क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान उत्पादन कार्य में तेजी लाकर चालू करने की बात कही। वहीं सीसीएल मुख्यालय द्वारा 2023-24 के वित्तीय लक्ष्य को पूरा होने की बधाई दिया। इसके बाद जीएम कार्यालय आकर वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भविष्य निधि पर चर्चा करते हुए मिलने वाले कोयला उत्पादन टारगेट की समीक्षा की गयी। इधर श्रमिक नेता तेजनाथ महतो, जगदीश महतो, मो अताउल्लाह, हाजी अफजल अंसारी, हाजी वाहिद अंसारी, प्रेम प्रसाद, मन्नू महतो ने डीटी को कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने श्रमिक प्रतिनिधियों को शीघ्र समाधान जा भरोसा दिलाया। मौके पर सीसीएल मुख्यालय टेक्निकल सेक्रेटरी पीके सिंह के अलावे कुजू जीएम आरके सिन्हा, पीसी साहू, राजू रविदास, एसओईएंडएम परशुराम सिंह, करमा पीओ पवन कुमार, मैनेजर संजय सिंह, तोपा पीओ मनीष कुमार, एमके सिंह, एसके सिंह, अभिमन्यु सिंह, झुनकु कुमार, हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, अजय कुमार, आशुतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## पेज 01 का शेष

# अप्रशिक्षित हाथों में ...

**बिल गेट्स:** भारत ना केवल टेक्नोलॉजी को अपना रहा है, बल्कि इसे लीड भी कर रहा है। ऐसी कौन-सी चीजें हैं, जिनके बारे में आप उत्साहित हैं?
**मोदी:** स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में मैंने दो लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांवों में बनायें। मैं स्वास्थ्य केंद्रों को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बड़े अस्पतालों के साथ जोड़ देता हूं। शुरुआत में उन्हें लगता था कि डॉक्टर सामने नहीं है, मुझे देखे बिना इलाज कैसे कर रहा है? लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि टेक्नोलॉजी की मदद से सैकड़ों किलोमीटर दूर बैठा डॉक्टर भी उन्हें सही इलाज दे रहा है। लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। जिस तरह का इलाज बड़े अस्पतालों में होता है वैसा ही छोटे आरोग्य मंदिर में भी हो रहा है। ये डिजिटल प्लेटफॉर्म का कमाल है। मैं बच्चों तक बेस्ट एजुकेशन पहुंचाना चाहता हूं। टीचर्स की जो कमियां हैं, उसे टेक से भरना चाहता हूं। दूसरा, बच्चों का इंटरेस्ट विजुअल्स में और स्टोरी-टेलिंग में है। मैं उस तरह के कंटेंट बनाने की दिशा में भी काम कर रहा हूं। यहां हम एग्रीकल्चर सेक्टर में भी बड़ा बदलाव ला रहे हैं।
**बिल गेट्स:** मुझे लगता है भारत जिन विषयों से संबंधित टेक्नोलॉजी ला रहा है। उसमें से एक यह है कि यह सभी के लिए अवेलेबल हो। वास्तव में उन लोगों को उपर उठाना चाहिये जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।
**मोदी:** जब मैं डिजिटल डिवाइड की बात सुनता था, तो कहता था, मैं मेरे देश में ऐसा कुछ नहीं होने दूंगा। मैं गावों तक डिजिटल फैसिलिटी पहुंचाना चाहता हूं। मुझे लगता है कि वह बहुत बड़ा टारगेट ग्रुप है। मेरे देश में मेरा यह अनुभव है कि महिलाएं नयी चीजों को काफी तेजी से स्वीकार करती हैं। मैंने महिलाओं के लिए कार्यक्रम शुरू किये हैं जिसके जरिए दो लक्ष्य रखे हैं। पहला मैं भारत के गांवों में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना चाहता हूं, वो भी एक गरीब परिवार से। मैं साइकोलॉजिकल चेंज लाना चाहता हूं। दूसरा गांव में महिला मतलब-भैंस चराना, गाय चराना, दूध निकालना, लेकिन ऐसा नहीं है। मैंने उनके हाथ में ड्रोन दिया है। लोगों को लगना चाहिए ये हमारे गांव को बदल रही हैं। इन दिनों जब ड्रोन दीदी से बातें करता हूं, वो काफी खुश होती हैं और कहती हैं कि हमको साइकिल चलाना नहीं आता था, आज हम पायलट बन गयी हैं, ड्रोन उड़ा रहीं हैं। अब आपने देखा होगा कि कोविड में दुनिया सर्टिफिकेट नहीं दे पा रही थी। मेरे यहां, मुझे वैक्सीन लेना है तो मैं कोविन ऐप पर जाकर इसके बारे सारी जानकरी ले सकता हूं। कोविन को मैंने सभी के लिए ओपन सोर्स कर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा पहले दूसरे जो इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन हुए उसमें हम पीछे रह गए क्योंकि हम गुलाम थे। ये जो चौथा इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन है, जिसमें डिजिटल एलिमेंट सबसे बड़ा है। भारत इसमें बहुत कुछ प्राप्त कर लेगा ऐसा मेरा विश्वास है। मुझे लगता है मुख्य बात यह है कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार समृद्ध होता जा रहा है। अब बहुत से लोग आइडेंटिटी सिस्टम और डिजिटल पेमेंट के बारे में जानते हैं। सरकार ने सभी गवर्नमेंट पेमेंट प्रोग्राम को डिजिटलाइज कर लिया है।
**बिल गेट्स:** मैं आपका विचार जानना पसंद करूंगा कि भारत एआइ को कैसे देखता है?
**मोदी:** अगर हम एआइ को एक मैजिक टूल के रूप में इस्तेमल करेंगे तो शायद बहुत बड़ा अन्याय होगा। मान लीजिए मुझे किसी को चिट्ठी लिखनी है, तो मैं चैट जीपीटी को कह दूंगा मेरी चिट्ठी लिख दो, तो यह गलत रास्ता है। मुझे तो चैट जीपीटी के साथ कॉम्पिटिशन करना चाहिये। नहीं, तुम ठीक नहीं कर रहे हो। इस शब्द की जगह ये क्यों नहीं लाये। अब जैसे हमारे यहां बहुत सारी लैंग्वेज हैं, तो मैं एआइ को कहता हूं, आप इन लैंग्वेज को पकड़िये। उन्होंने बताया मैं रोबोट से बात कर रहा था तो मैंने देखा कि मैं जिस टोन में उससे बात कर रहा था, वह उसी टोन में जवाब दे रहा था। फिर मैने रोबोट से उसका नाम बदल कर बात करने की कोशिश की तो उसने रिस्पॉन्स नहीं किया। तब मैंने कहा, आपके एआइ से मैंने 4 मिनट तक बात की, लेकिन वो मेरी आवाज को अभी तक पहचान नहीं पाया। जब तक मैं उसका नाम नहीं बोल रहा हूं वह रिस्पॉन्स नहीं कर रहा है। मैं चाहता हूं कि वो मेरे आवाज को सेंस करें, भले ही मैं उसका नाम ना बोलूं, वो मेरे से बात करे। तब उन्होंने कहां कि वो इसपर काम करेंगे।
**बिल गेट्स:** हां, एआइ अभी शुरुआती दौर में है। मुझे लगता है जो भी इसे इस्तेमाल करता है वह हैरान होकर इसे एक ही दिन में अच्छा और बहुत बुरा भी बता देता है। यह उन कई कामों को करता है जिसे आप कठिन समझते हैं। और फिर उन कामों को करने में विफल हो जाता है जिन्हें आप आसान समझते हैं। आप जानते हैं कि एआइ एक बहुत बड़ा अवसर है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी आती है। आपको क्या लगता है भारत इसे कैसे सुलझाएगा?
**मोदी:** एआइ ने जो चैलेंजेस खड़े किये हैं उसे मैंने देखा है। इतनी अच्छी चीज अगर प्रॉपर्ली ट्रेंड किये बिना किसी के हाथ में दे दी जाये, तो उसके गलत इस्तेमाल की संभावना ज्यादा होती है। मैंने एआइ बनाने वाले लोगों से बात की और उनसे सभी एआइ जनरेटेड चीजों पर वाटर मार्क लगाने को कहा कि यह अकजनरेटेड है, ताकि कोई मिसगाइड ना हो और यह बुरी चीज नहीं है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में कोई एक डीप फेक को शुरू में तो सही मान जायेंगे, तो बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जायेगी। इसलिए जरूरी है कि डीप फेक में लिखा आये कि यह एआइ जनरेटेड है और उसमें दी गई जानकारी का सोर्स होना चाहिये। हमें इसपर कुछ डूज और नॉर्म्स के बारे में गंभीरता से सोचना पड़ेगा उसी प्रकार से मैं एआइ से वहीं काम लू जिसमें मेरी एक्सपर्टीज है।
**बिल गेट्स:** आपके कार्यकाल में देखते ही देखते टेक्नोलॉजी काफी बेहतर हो गई है। ये कैसे किया?
**मोदी:** मुझे टेक्नोलॉजी का पागलपन है, खुद एक्सपर्ट नहीं हूं। मुझमें इसको लेकर छोटे बच्चे की तरह क्यूरोसिटी रहती है। मुझे याद है कि बहुत पहले मेरे पास एक गैजेट था। हाथ में रखने वाली एक छोटी सी डायरी थी, लेकिन थोड़ी वजनी थी। मैं बहुत साल पहले यूएसए गया था। तब मैं मॉल में जाता था, लेकिन मैं टेक्नोलॉजी वाली दुकानों में जल्दी जाता था। मैंने उनको कहा कि इसका लेटेस्ट वर्जन हैं क्या? वह उसे देखता रह गया कि यह क्या है? फिर वो बोला कि अभी तो मेरे देश में तो ये आया नहीं है, तो इसका लेटेस्ट वर्जन कहां से आयेगा। मैं इतनी एडवांस चीजों को ढूंढ़ता रहता था, लेकिन मैं टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं हुआ। मैं किसी से बंधा नहीं हूं, मैं पानी के प्रवाह की तरह नयी-नयी चीजों को खोदता रहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा ध्यान किसी भी चीज को देखने पर उसके मल्टीपल यूटिलिटी पर होता है। ये मेरा गॉड गिफटेड नेचर है।
**बिल गेट्स:** भारत का इतिहास ही पर्यावरण के अनुकूल रहा है, इसे मौजूदा समय के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है?
**मोदी:** अपनी जैकेट दिखाते हुए बोले, यह रिसाइकल मटेरियल से बनी है। हमने प्रगति के पैरामीटर क्लाइमेट फ्रेंडली बनाए थे, आज हमारे प्रगति के सारे पैरामीटर एंटी-क्लाइमेट हैं।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार के पिता की मौत

**टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ पर स्थित तेलियाडीह स्कूल के समीप तेज रफ्तार सवारी बस ने वितरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में टंडवा के पत्रकार कृष्ण मुरारी सिंह के 65 वर्षीय पिता सच्चिदानंद सिंह उर्फ सुधीर सिंह की मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने आकृषित ग्रामीणों को समझा बूझकर शव को अपने कब्जे में लेते हुये पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृतक पत्रकार के पिता थाना क्षेत्र के पदमपुर में स्कुल के बॉउन्ड्री को लेकर उत्पन्न भूमि विवाद मामले से लौटकर आ रहे थे।इसी दौरान हुए हादसे का शिकार हुए।**

# विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में रार

महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर लंबी बातचीत के बाद भी किसी नतीजे पर पहुंचे बगैर जिस तरह से शिवसेना (यूबीटी) ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी ने बातचीत समाप्त करते हुए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी, वह विपक्षी दलों के एकजुटता प्रयासों पर सख्त टिप्पणी है। इस तरह के एकतरफा फैसले बताते हैं कि विपक्षी दलों ने देशव्यापी गठबंधन आइएनडीआइए की घोषणा भले कर दी हो, उनमें आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाने का कोई कारगर मैकेनिज्म डिवेलप नहीं हो पाया है। इससे वोटरों के एक हिस्से के मन में बैठे इस संदेह को भी ताकत मिलती है कि जब ये दल चुनाव से पहले कोई तालमेल नहीं बना पा रहे तो बहुमत मिलने के बाद पांच साल सरकार कैसे चलायेंगे। हालांकि चाहे बात मुंबई की हो या सांगली की, दोनों जगह शिवसेना (यूबीटी) के इस कदम से कांग्रेस ही प्रभावित हो रही दिखती है। सांगली पारंपरिक तौर पर कांग्रेस की सीट रही है। वहां आजादी के बाद से 2014 तक कांग्रेस ही जीतती रही है। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वसंत दादा पाटिल की सीट रही है। इस बार उनके पोते विशाल पाटिल को कांग्रेस का टिकट दिये जाने की चर्चा थी। मुंबई कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और पूर्व अध्यक्ष संजय निरूपम दोनों इस स्थिति से नाराज बताये जाते हैं। निरूपम ने तो अल्टिमेटम देते हुए यहां तक कह दिया है कि अगर पार्टी नेतृत्व इस मसले पर कोई स्टैंड नहीं लेता, तो उनके सभी विकल्प खुले हैं। कांग्रेस के लिए यह कठिन स्थिति इसलिए भी है कि इससे कार्यकर्ताओं में यह संदेश जा सकता है कि पार्टी अपनी जमीन बचाने को लेकर गंभीर नहीं है। लेकिन ज्यादा सीटों पर लड़ने के बजाय विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या बढ़ाने के घोषित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देखें तो कांग्रेस नेतृत्व का कथित नरम रुख असंगत नहीं लगता। मुंबई की ये सीटें पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में पार्टी हार चुकी है। दूसरी तरफ शिवसेना (यूबीटी) के सामने पिछले चुनाव में अविभाजित पार्टी की जीती तमाम सीटें बचाने की चुनौती है। संभवतः यही वजह है कि कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर कड़ा बयान जारी नहीं किया है। वंचित बहुजन आघाड़ी का बाहर निकलना जरूर विपक्षी गठबंधन के लिए एक झटका है। वह भले ज्यादा सीटें न निकाल पाये, लेकिन कई सीटों पर फैसले को प्रभावित करने की स्थिति में है। कुल मिला कर देखें तो आइएनडीआइए से जुड़ी पार्टियां अगर चुनावी लड़ाई से पहले हार नहीं जाना चाहतीं तो उन्हें आपसी विवाद और सार्वजनिक सरफुटौव्वल से बनते नैरेटिव को गंभीरता से लेना होगा।

**मुंबई कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और पूर्व अध्यक्ष संजय निरूपम दोनों इस स्थिति से नाराज बताये जाते हैं। निरूपम ने तो अल्टिमेटम देते हुए यहां तक कह दिया है कि अगर पार्टी नेतृत्व इस मसले पर कोई स्टैंड नहीं लेता, तो उनके सभी विकल्प खुले हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दिल्ली मैट्रो में दो लड़कियों द्वारा अश्लील वीडियो रील बनाने को लेकर काफी बवाल मचा। जैसे ही इस वीडियो को लेकर दिल्ली वालों ने मैट्रो प्रशासन से सवाल पूछे तो दिल्ली मैट्रो ने इसे डीप फेक कह कर इससे पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। परंतु जब कुछ लोगों ने इसकी जांच की तो यह वीडियो सही पाया गया और वीडियो में देखी गई लड़कियों ने भी इसे स्वीकारा।**

# सोशल मीडिया की लत पर नियंत्रण जरूरी

रजनीश कपूर



**सबसे पहले तो स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना जरूरी है। क्या आपने कभी सोचा है कि दिन के 24 घंटों में आप कितना समय अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर बिताते हैं? क्या आप अपने परिवार, समाज व सहकर्मियों के साथ उसका कुछ हिस्सा भी बिताते हैं? आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ही हैं जो हमें अपने समाज से दूर कर अराजक बना रहे हैं।**

**कुछ** समय पहले तक एक आम धारणा थी कि जब भी कभी घर की बेटी समझदार हो जाये तो उसके विवाह के लिए विचार शुरू हो जाता था। उसी तरह यदि घर का बेटा बिगड़ने लग जाये, तो उसे ठीक करने की मंशा से भी उसके विवाह के बारे में सोचा जाता था, परंतु आजकल के दौर में ऐसा नहीं है। आजकल का युवा जिस कदर सोशल मीडिया के साथ घंटों बिताता है, उसे लेकर भी मां-बाप में चिंता बढ़ती जाती है। पिछले दिनों आपने सोशल मीडिया पर होली के उपलक्ष्य में ऐसे कई वायरल वीडियो देखे होंगे, जहां लड़के लड़कियां खुलेआम ऐसी हरकतें करते दिखायी दी कि सभी शर्मसार हुए। आखिर इस समस्या का क्या कारण है और इससे कैसे निपटा जाये?

दिल्ली मैट्रो में दो लड़कियों द्वारा अश्लील वीडियो रील बनाने को लेकर काफी बवाल मचा। जैसे ही इस वीडियो को लेकर दिल्ली वालों ने मैट्रो प्रशासन से सवाल पूछे तो दिल्ली मैट्रो ने इसे डीप फेक कह कर इससे पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। परंतु जब कुछ लोगों ने इसकी जांच की तो यह वीडियो सही पाया गया और वीडियो में देखी गई लड़कियों ने भी इसे स्वीकारा। यह लड़कियां यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने दिल्ली से सटे नोएडा में एक स्कूटी पर बैठ ऐसा ही एक और अश्लील वीडियो बना डाला। वीडियो सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन लोगों का 33 हजार रुपये का चालान भी काटा, परंतु क्या सिर्फ चालान ही इस समस्या का हल है? ऐसा देखा गया है कि न सिर्फ ऐसे अश्लील वीडियो बनते हैं, बल्कि ऐसे अनेकों अन्य वीडियो भी बनाये जाते हैं, जहां युवा खतरनाक स्टंट करते हुए दिखायी देते हैं। कभी-कभी तो ऐसे वीडियो जानलेवा भी साबित होते हैं।

**जिस तरह मोबाइल फोन के जरिए सोशल मीडिया ने हर घर में अपनी जगह बना ली है, ऐसे क्रियाकलापों से छुटकारा पाना असंभव होता जा रहा है।**

परंतु क्या किसी ने सोचा है कि ये युवा इतने बेलगाम क्यों होते जा रहे हैं? सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो डाल कर आखिर वह क्या हासिल करना चाहते हैं? ऐसी हरकतें कर वे कुछ समय तक तो सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध अवश्य हो जायेंगे, पर उसके बाद क्या? क्या इस प्रसिद्धि से उन्हें कुछ आर्थिक लाभ होगा? क्या इस प्रसिद्धि का उनकी शैक्षिक योग्यता पर अच्छा असर पड़ेगा? क्या ऐसा करने से उनका मान-सम्मान बढ़ेगा? इन सभी सवालों का उत्तर नहीं ही है। तो फिर ये प्रसिद्धि या ऐसी हरकतें किस काम कीं?

वहीं यदि इन युवकों के नजरिए से देखा जाये तो इन हरकतों के पीछे न सिर्फ सही संगत की कमी है, बल्कि उससे भी ज्यादा रोजगार की कमी है। यदि इन युवकों को समय रहते उनकी योग्यता के मुताबिक सही रोजगार मिल जाते तो शायद ऐसे दृश्य देखने को न मिलते।

जिस तरह मोबाइल फोन के जरिए सोशल मीडिया ने हर घर में अपनी जगह बना ली है, ऐसे क्रियाकलापों से छुटकारा पाना असंभव होता जा रहा है। बच्चा हो, युवा हो या घर का कोई बड़ा सदस्य जिसे देखो उसकी गर्दन झुकी ही रहती है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि आज के दौर में वही सिर उठा कर रह सकता है, जिसके पास स्मार्ट फोन नहीं है। यह तो हुई मजाक की बात। परंतु क्या वास्तव में इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है? ऐसे कई छोटे और सरल उपचार हैं, जिससे इस समस्या से निदान पाया जा सकता है।

सबसे पहले तो स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना जरूरी है। क्या आपने कभी सोचा है कि दिन के 24 घंटों में आप कितना समय अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर बिताते हैं? क्या आप अपने परिवार, समाज व सहकर्मियों के साथ उसका कुछ हिस्सा भी बिताते हैं? आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ही हैं जो हमें अपने समाज से दूर कर अराजक बना रहे हैं। यदि हम अपने परिवारों में एक बात निश्चित कर लें कि दिन के 24 घंटों में एक निर्धारित समय ऐसा हो, जब परिवार का हर सदस्य अपना-अपना मोबाइल छोड़ एक-दूसरे से बात करे, साथ बैठ कर भोजन या भजन करे तो इस समस्या का अंत आसानी से हो जायेगा।

एक बार कुछ मित्रों ने मिलने का प्लान बनाया। एक महंगे से रैस्टोरेंट में मिलना तय हुआ। सभी मित्र अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में काफी प्रसिद्ध और संपन्न थे। सभी के हाथ में महंगे मोबाइल फोन भी थे। जैसे ही सभी मित्र इकट्ठा हुए तो जिस मित्र ने इस पार्टी का आयोजन किया, उसने खड़े हो कर एक घोषणा की। उसने सभी मित्रों से कहा कि आज की पार्टी हमेशा की तरह नहीं है। जैसा कि हम सभी मित्र हमेशा करते हैं कि रैस्टोरेंट के बिल का भुगतान मिल-बांट कर करते हैं, आज ऐसा नहीं होगा। सभी ने पूछा तो फिर आज पार्टी कौन दे रहा है? इससे पहले कि उत्तर मिलता आयोजक ने टेबल के बीचों बीच रखी एक टोकरी की ओर इशारा किया और सभी से अपना-अपना फोन उसमें रखने को कहा। फिर वह बोला कि यह समय हम सभी एक-दूसरे के साथ बितायें और अपने फोन को भी आराम करने दें। फोन की घंटी बजने पर, जो भी व्यक्ति सबसे पहले इस टोकरी में से अपना फोन उठायेगा, वो ही सबका बिल भरेगा।

इस अटपटी शर्त को सभी ने माना। बस फिर क्या था भले ही कइयों के फोन की घंटी बजी, लेकिन जितनी भी देर पार्टी चली किसी ने भी फोन नहीं उठाया। अंत में हमेशा की तरह बिल सभी के बीच बराबर बंटा और सभी मित्र कुछ पल के लिए ही सही, परंतु काफी ताजा महसूस करने लगे। यह तो एक उदाहरण है यदि आप खोजेंगे तो आपको इस समस्या के कई हल मिल जायेंगे और युवा हों या अन्य सभी नियंत्रित हो जायेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# ट्रैफिक पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों पर की कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर से सरायकेला जाने वाली मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी को देखते हुए यातायात पुलिस ने कारवाई शुरू कर दी। शुक्रवार को पुलिस ने सड़क किनारे खड़ी बड़ी वाहनो पर कार्रवाई करते हुए फाइन काटा। साथ ही सड़क जाम कर खड़ीं ठेला वाले पर कारवाई की। यातायात प्रभारी राजेश कुमार ने बताया जिले में सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़ी बड़ी बहनों पर कार्रवाई कर रही है। सड़क जाम करने वाले कई फल से लदे ठेलों को जब्त कर थाने लाया गया। आधुनिक पावर प्लांट के पास से बीच सड़कों पर खड़ी वाहन और नो एंट्री स्थान पर लगी वाहनों पर कार्रवाई की गयी। सभी ठेले को चेतावनी देकर फिलहाल छोड़ दिया गया, लेकिन अगर फिर से सड़क जाम कर लगाते हैं तो उन सभी ठेलों पर कार्रवाई की जायेगी।

# लाल बाबा फाउंड्री में रबर फैक्ट्री में लगी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के बमामाईंस थाना अंतर्गत लाल बाबा फाउंड्री में एक रबर की फैक्ट्री में आग लगने से पूरे क्षेत्र में हड़काम मच गया। शुक्रवार को देर शाम आगजनी की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगो ने अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना दी। उधर आग की लपटें धीरे धीरे तेज होते हुए एक विक्राल रूप लेने लगा। उधर सूचना मिलते ही झारखंड अग्निशमन विभाग के दमकल मौके पर पहुंच कर आग बुझाने के प्रयास में लग गये। वही सड़क से आवागमन को पूरी तरह से ठप कर दिया गया। फैक्ट्री में मौजूद लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। वैसे आग कैसे लगी कितना का नुकसान हुआ है इसकी कोई आंकड़ा अभी तक बताया नही गया। वैसे राहत कार्य जारी है। अनुमान लगाया जा रहा है लाखों का समान जलकर खाक हो गाया।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा, कई मंडलों में मैराथन बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही भाजपा ने कमर कसने शुरू कर दी। शुक्रवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष ने पूर्वी सिंहभूम जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान विजयी लक्ष्य को साधने के लिए पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गये हैं। उन्होंने विभिन्न मंडलों में भाजपा संगठनात्मक बैठक के जरिये कार्यकर्ताओं में जोश भरने लगे है। इस अवसर पर कमलपुर, बोड़ाम और एमजीएम मंडल में आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की भूमिका और बूथ संरचनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा और विभिन्न कार्यक्रमों के संदर्भ में अलग-अलग बैठक की गयी। मौके पर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान महतो, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी और एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा समेत केंद्र के प्रमुख और मंडल अंतर्गत विभिन्न बूथों के अध्यक्षगण शामिल रहे। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने के लिए चुनावी रणनीति पर मंथन किया। साथ ही पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों के क्रियान्वयन पर व्यापक चर्चा की। मौके पर मंडलों में निवास करने वाले पार्टी के जिला पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोककल्याणारी नीतियों, लोकप्रिय सांसद विद्युत वरण महतो के उल्लेखनीय कार्यों और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकताओं के परिश्रम के बल पर पार्टी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। सभी कार्यकर्ताओं को अधिक मेहनत करनी है। उन्होंने कहा कार्यकर्ता पूरी तन्मयता और सर्म्पण के साथ अपने बूथ को जीतने में योगदान दें। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से जमशेदपुर लोकसभा जीत कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर और कार्ययोजना बनाकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। बैठक में प्रदीप महतो, प्रदीप बेसरा, मुचिराम बाउरी, अजीत कालिंदी, अमरजीत सिंह राजा, सुबोध झा, सुखदेव सिंह, हेबेन चंद्र महतो, प्रकाश पातर, सुखेन महतो, सूरज साहू, रमेश तंतुबाई, रामकृष्ण महतो, सहदेव महतो, हराधन प्रधान, अजय दास समेत मंडल के पदाधिकारी, सभी बूथों के अध्यक्ष और सभी शक्ति केंद्र के प्रमुख मौजूद रहे।

# रघुवर दास पहुंचे जमशेदपुर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ओडिशा के महामहिम राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने तीन दिवसीय जमशेदपुर प्रवास के तहत शुक्रवार को पूरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से टाटानगर पहुंचे। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर आगमन पर स्वागत व अभिनंदन किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, घाघीडीह मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा बौबी, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, मिथिलेश साव, दिलीप पासवान, मुकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स प्रबंधन और मजदूरों ने समाज कल्याण के क्षेत्र में लिया हिस्सा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के न्यू ट्रीम लाइन डिवीजन के मजदूर व प्रबंधन के लोगों ने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए समाज कल्याण के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को बिरसानगर स्थित आनंद मार्ग द्वारा संचालित अनाथ बच्चों के आश्रम में सूखा राशन, सब्जी,नाश्ते का सामान व उपहार स्वरूप चॉकलेट के पैकेट उपलब्ध कराया। वही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से मनीष राणा,मजदूरों की ओर से यूनियन उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, रघुवीर कुमार,संजय सिंह, वरुण सिंह, साधन दत्त, पांडुरंगा राव, चितरंजन, सकट मंडल,सूरज नन्दी,महेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह,सलीम, संजय सहित अन्य शामिल रहे।

# उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ हुई कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर आरआईटी थाना क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ कार्रवाई की गयी। शुक्रवार को उत्पाद अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई के दौरान भुआ, पार्वतीपुर और अन्य नदी किनारे चल रही अवैध शराब भट्ठी पर कारवाई की गयी। छापामारी के दौरान 700 किलोग्राम जावा महुआ विनस्ट किया गया। साथ ही 40 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया। वही छापामारी दल को देख भट्ठी संचालक मौके से भाग निकले। वही उत्पाद विभाग ने अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए फरार व्यक्ति के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## लोक सभा चुनाव को लेकर झामुमो प्रखंड कमेटी रेस




रंका। आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर झामुमो प्रखंड कमेटी ने बचे हुए बुथ कमेटी निर्माण के लिए रंका प्रखंड झामुमो कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बुथ प्रभारियों की एक समीक्षा बैठक बुलायी गयी। जिसमें छुटे हुए अपूर्ण बुथ कमेटी को एक दो दिनों के अंदर पूर्ण कर प्रखंड कार्यालय में सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ताकि ससमय जिला को बुथ कमेटी की सूचि सौपी जा सके। इस अवसर पर बैठक में बुथ प्रभारियों को संबोधित करते हुए आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। इन्हीं के बदौलत बुथ जीतते हैं। इसलिए सभी बुथ प्रभारी, सभी विंग के पंचायत अध्यक्ष, सचिव तथा कमेटी के लोग अपना चुनावी कमर कस लें। पार्टी के आलाकमान का जो निर्देश होगा उस पर हम सबों को खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि सभी बुथ पर कार्यकर्ताओं की फौज हर घर में झारखण्ड सरकार के द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को बताना है। बैठक को युवा जिला अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, कार्यकारी अध्यक्ष शत्रुघ्न चंद्रवंशी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडिहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, बीस सूत्रि उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रतन सिंह, महिला प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष, सचिव एवं बुथ प्रभारी उपस्थित थे।

# 65 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार

**थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मिली सूचना थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खरसोटा पंचायत के ग्राम खरसोता में शराब विक्रेता के विरुद्ध स्युंक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 65 बोतल देशी और विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वहीं जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सूचना मिली थी, कि खरसोता गांव निवासी अभिजीत प्रसाद और जयशंकर प्रसाद के घर में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। तत्काल टीम गठित कर संयुक्त रूप से छापेमारी की गयी। वहीं अभिजीत प्रसाद के घर से 17 बोतल बियर और 18 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया तथा उक्त दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसमें केस कांड संख्या 24 \ 24 उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया। छापेमारी थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में की गयी। छापेमारी टीम में शामिल थाना प्रभारी के अतिरिक्त एसआई चंदन प्रधान, प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे। इस प्रकार शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान से शराब माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

# डीसी और एसपी ने सीमावर्ती राज्यों पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से लोकसभा आम चुनाव को लेकर गढ़वा जिला से सटे सीमावर्ती राज्यों और जिले में बने चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण आयुक्त रूप से किया। इस दौरान एनएच 75 पर बिलासपुर अवस्थित बॉर्डर के समीप बने चेक पोस्ट, खरौंधी से उत्तर प्रदेश सीमा जाने के लिए खोखा चेक पोस्ट, कांडी से बिहार जाने के लिए श्रीनगर के समीप अवस्थित नवघाट के पास बने चेक पोस्ट का उक्त पदाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी चेक पोस्टों पर प्रतिनिधित्व कर्मी अपने ड्यूटी पर मौजूद थे। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के समक्ष चेक किये गये वाहनों की सूची पंजी का निरीक्षण किया गया। साथ हीं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी और पुलिस के जवानों के रहने, खाने, बिजली, पानी आदि मूलभूत व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गढ़वा जिला के विभिन्न सड़कों जो अन्य राज्य या अन्य जिला से जुड़ती है उन पर चेक पोस्ट बनाया गया है। जिससे मादक पदार्थों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध वाहनों समेत अन्य अवैध आवागमन को रोका जा सके। सभी चेक पोस्ट पर वेब कैमरा भी लगाया गया है। जिसकी सहायता से लाइव हर गतिविधि पर जिले में रहकर पैनी नजर रखी जा रही है।

# कांडी प्रखंड क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार थमने का नहीं ले रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा। इस धंधे के कारण सड़कों के किनारे रहने वाले लोगों की रातों की नींद हराम हो गयी है। मध्य रात्रि होते ही इन बालू कारोबारियों का धंधा शुरू हो जाता है और पूरी रात ट्रैक्टर के ट्रॉली की तेज आवाज रात के शांत वातावरण को झकझोर कर रख देती है। लोक सभा चुनाव को लेकर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर टिकी हुई है। इसके विपरीत बालू माफिया पुलिस प्रशासन को खुलेआम चुनौती देकर नदियों से अवैध उत्खनन कर दर्जनों ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाई में मशगूल हैं। बड़े ताज्जुब की बात तो यह है कि कांडी थाना व हरिहरपुर ओपी की पुलिस व्यवस्था को दरकिनार कर पूरी रात यह धंधा फलते फूलते रहता है। प्रशासन को इस कारोबार की भनक कैसे नहीं लग रही है यह लाख टके का सवाल है।

ज्ञात हो कि बालू के इस कारोबार से सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। कांडी प्रखंड की कोयल नदी व सोन नदी से बालू कारोबारियों द्वारा अवैध उत्खनन के बाद मध्य रात्रि के बाद से लेकर सुबह छः बजे तक प्रखंड के हर क्षेत्र में मंहगे दाम पर बालू बेंचा जाता है। सरकारी व निजी आवास आदि बनानेवाले गरज में काफी महंगे भाव पर बालू खरीदने के लिए लाचार हैं।

### क्या कहा सीओ ने

इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ अफताब आलम ने कहा कि बालू की अवैध कारोबार की सूचना पहले नही मिली थी। अगर बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है तो संलिप्त लोगों के खिलाफ अवश्य कार्रवाई की जायेगी।

# पलामू में ममता भुइयां ने जनसंपर्क अभियान चलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां अपने दर्जनों समर्थकों के साथ धुरकी प्रखंड के दर्जनों गांव सहित धुरकी प्रखंड मुख्यालय के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने धुरकी में पदयात्रा कर लोगों को अपने पक्ष में करने की अपील की। लोगों से मिलते जुलते हुए आग्रह किया कि राजद के केंद्रीय नेतृत्व में पलामू लोकसभा क्षेत्र से उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है, अपना बहुमूल्य समर्थन देकर पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व करने का मौका एक बार उन्हें दें। उन्होंने पलामू लोकसभा क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं के निदान के साथ बेरोजगारी पलायन इत्यादि समस्याओं के समाधान करने का भी वादा दोहराया है। इनके साथ युवा नेता पंकज यादव, सोनू यादव, पलामू के रजत जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा राजद नेता दिनेश यादव, प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर सिंह खरवार, जिला अध्यक्ष सोनू, महताब, शैलेश यादव, अरविंद सहित दर्जन लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने भ्रष्टाचार में लिप्त होने का पत्र डीडीसी को दिया जो हास्यास्पद है : पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा उनके ऊपर लगाये गये आरोप को निराधार बताया। श्री पांडेय ने कहा कि विधायक द्वारा मेरे विरुद्ध भ्रष्टाचार में लिप्त होने का पत्र डीडीसी को दिया जाना हास्यास्पद है। श्री पांडेय ने कहा कि विधायक जी स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हुए दूसरे के विरुद्ध पत्र लिख रहे हैं। विधायक द्वारा विधायक मद की राशि अपने निजी संस्थान में खर्च की जा रही है और मेरे ऊपर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है। प्रमुख ने विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे मेरी हत्या कराने की नियत से मेरे विरुद्ध अपराधियों को लगाये थे, किंतु वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके।

उन्हें विकास देखना है, तो गढ़वा विधानसभा में जा कर देखें। इनके 20 वर्ष के कार्यकाल पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का 4 वर्ष भारी है। जेएमएम प्रखंड सचिव अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि कोयल नदी स्थित भीम बराज से निकली बाई नहर में बिना मिट्टी हटाए 2करोड़ रूपए की निकासी कर ली गयी, किंतु विधायक व सांसद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। विधायक को दूसरे के ऊपर आरोप लगाने से पहले खुद के बारे में सोच लेना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर और प्रखंड सचिव अंजनी कुमार सिंह मौजूद थे।

## मेराल पुलिस ने चलाया एंटीक्राइम चेकिंग अभियान

**मेराल (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी दीपक कुमार पांडे के निर्देश पर शुक्रवार को अस्पताल चौक पर थाना पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस पदाधिकारी अखिलेश्वर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिया एवं चार पहिया वाहन का जांच किया गया। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन हेतु दुर्घटना में अंकुश लगाने तथा क्राइम कंट्रोल के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान बगैर हेलमेट तथा वाहन का कागजात तथा ड्राइविंग लाइसेंस आदि नहीं रखने वाले वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि बिना कागजात तथा बिना हेलमेट के बाइक सवार को बक्सा नहीं जायेगा। चेकिंग अभियान में आरक्षी अरविंद यादव जितेंद्र कुमार सहित अन्य कई जवान शामिल थे।

## प्राचीन मंदिर का होगा जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कड़िया राज धाम मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को ग्रामीणों ने बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण किया जायेगा। बैठक कि अध्यक्षता प्रदीप यादव ने की। इस बैठक में मंदिर विकास से संबंधित कार्यों का क्रियान्वयन हेतु मंदिर विकास एवं प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मेहता, उपाध्यक्षअनुज कुमार यादव, सचिव मनोज कुमार यादव, सह सचिव अरविंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, मीडिया प्रभारी सोना किशोर यादव, संरक्षक खरौंधी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, राजेश्वर पासवान, प्रदीप कुमार चौबे, दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, रवि रंजन यादव, विमलेश कुमार,सदस्य अयोध्या सिंह, अमर राम, विजय पाल, राजेंद्र विश्वकर्मा, शिवराज उराव, प्रभु नारायण गुप्ता, बिगन सिंह, शंभू सिंह, संजीव, उत्तम यादव, सोमनाथ को बनाया गया।

## कंचन साहू बने महावीर मंडल के अध्यक्ष



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के मां गढ़ देवी मुहाल्ला में महावीर मंडल की बैठक संरक्षक दीपक तिवारी व मुरली श्याम सोनी की देख रेख में आयोजित की गयी। बैठक में धूमधाम से रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। नयी कमेटी में सर्वसम्मति से कंचन कुमार साहू को अध्यक्ष, सुनील केशरी को सचिव, पवन जायसवाल को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर को बनाया गया। जानकारी देते हुए कंचन कुमार साहू ने बताया की पीछले वर्ष से भी बेहतर इस वर्ष रामनवमी से पूजा काफी धूमधाम मनाया जायेगा। पूरे शहर में महावीरी झंडा लगाया जायेगा। साथ ही पूर्व की तरह इस वर्ष भी रामनवमी के दिन मझिआंव मोड़ पर समारोह आयोजित कर सभी अखाड़ा को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही मंगला आरती के लिए सभी अखाड़ा को संगठित कर काली स्थान से एक साथ जुलूस निकालकर रामलला मंदिर जायेगा। इन्होंने कहा कि इस वर्ष रामनवमी काफी भव्य और बेहतर तरीके से मनाया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम को बेहतर एवं सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गयी। इसके लिए सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गई। सभी ने बेहतर ढंग से कार्यक्रम सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में महिला मंडल अध्यक्ष डेजी गुप्ता, सचिव प्रतिभा शोर्य, ज्ञान प्रकाश केशरी, नंद गुप्ता, पीएन गुप्ता, उमेश कश्यप, रंजीत सिंह, देवेंद्र गुप्त, संजय कांस्यकार, जूही कुमारी, विमल शर्मा सहित अन्य लोगों शामिल थे।

# आदर्श आचार संहिता की पूरी सख्ती के साथ अनुपालन करें : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी और मतदाताओं की सुविधा को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ जागो महतो ने मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक की। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव आयोग द्वारा लागू कर दी गयी है। कहा कि आदर्श आचार संहिता की पूरी सख्ती के साथ अनुपालन करना है। उन्होंने शिक्षा विभाग क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान केदो में पेयजल, शौचालय, बिजली व मतदान कर्मीयों के ठहरने की व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त कर ले। कहा कि सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने विद्यालय रूपी मतदान केदो पर सारी व्यवस्था की अहार्ता पूरी कर ले। इसके लिए सभी प्रधानाध्यापक जवाब देही के साथ कार्यों का निर्वहन करेंगे। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में वि पी आरो विकास कुमार, प्रधानाध्यापक उदयकांत, प्रबेश राम आदि उपस्थित थे।

## पेड़ से गिरने से वृद्ध की हुई मौत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा रंका थाना क्षेत्र के बराडीह तितही महुआ टोला निवासी 60 वर्षीय कन्हाई कोरवा की मौत पेड़ से गिरने से हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कन्हाई कोरवा जंगल में बकरी के चारा के लिए सखुआ का पेड़ से पत्ता तोड़ रहा था। इस दौरान वह पेड़ से गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे ईलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

## थार पर भावी मुख्यमंत्री लिखवाने वाले अभियंता पर प्राथमिकी दर्ज, वाहन जब्त




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थार पर भावी मुख्यमंत्री लिखवाने वाले गढ़वा जिले के भावनाथपुर प्रखंड कार्यालय के कनीय अभियंता पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। भवनाथपुर थाना में प्रखंड विकास पदाधिकारी के आवेदन पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया के माध्यम से भवनाथपुर निवासी राजू कुमार प्रजापति अपने थार में अवैध तरीके से भावी मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के नाम का साइन बोर्ड लगाये जाने से संबंधित प्राप्त सूचना मिली। भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में अनुबंध पर कनीय अभियंता के रूप में कार्यरत आरोपी के विरुद्ध मिली सूचना का सत्यापन भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया गया। सूचना सही पाये जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भवनाथपुर थाना में स्वयं के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करायी। भवनाथपुर थाना में भवनाथपुर थाना (कांड संख्या 26/24) आईपीसी की धारा 188/171(F)/290, 134(अ) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और 179(1) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में वाहन को विधिवत जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# गुणों और संस्कारों कीअमूल्य धरोहर हैं दादा-दादी और नाना-नानी : प्रमोद कुमार झा

**आरके पब्लिक स्कूल में दादा दादी और नाना नानी सम्मेलन का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शुक्रवार को आरके पब्लिक स्कूल में दादा-दादी,नाना-नानी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी की विशेष उपस्थिति रही। सर्वप्रथम विद्यालय की परंपरानुसार प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और जूनियर विंग्स की प्रभारी अनीता सिन्हा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात कक्षा 4 की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार झा ने कहा कि दादा-दादियों का सबसे बड़ा स्नेह अपने पोते-पोतियों पर होता है। इसलिए शिशुओं को उनके द्वारा अच्छी शिक्षा देने की आवश्यकता है। दादा दादी और नाना नानी तो गुणों का ऐसा अमूल्य खजाना है, जिसकी हम सबको आवश्यकता है।

माता-पिता के रूप में दादा-दादी हमें ज्ञान, भावनाओं और अनुभव का एक खुला आसमान प्रदान करते हैं, जिसमें बच्चे अपने भविष्य की उड़ान भरते हैं।बच्चे अक्सर अपने माता-पिता की तुलना में दादा दादी या नाना नानी के साथ बात करने और साझा करने में अधिक सहज होते हैं।

दादा दादी और नाना नानी के लिए कुछ मनोरंजक खेल भी खेले गये और बहुत से दादा /नाना ने अपने अनुभव वहां उपस्थित लोगों के साथ साझा किये। इन्होंने स्कूल के बारे में भी बहुत अच्छी बातें बतायी। मंच संचालन शिक्षिका अभिलाषा और जागृति चौबे ने किया। इन्होंने भी दादा-दादी और नाना-नानी के महत्व की बातें बतायी। कार्यक्रम में नीतू सिंह, रंजीत गुप्ता, रोशन दुबे आदि सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सगमा पांच वर्षीय निक्की कुमारी का शव कुआं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी



फाइल फोटो नितिया कुमारी

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी धनंजय राम के 5 वर्षीय पुत्री नितिया कुमारी का शव शुक्रवार को बगल के कुएं से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार धनंजय राम के 5 वर्षीय पुत्री नितिया कुमारी गुरुवार को दोपहर 11 बजे से गायब थीं, जो परिजनों ने पुरे दिन अगल बगल के कुएं के साथ साथ आस पास के इलाकों में काफी खोजबीन किया। लेकिन नितियां कुमारी का कहीं पता नहीं चला। जो गुमशुदगी के 19 घंटे बाद घर से लगभग चार सौ फीट के दुरी पे चारों तरफ से लगे अरहर के खेत के कुएं में शव को बरामद किया गया। हालांकि परिजनों द्वारा गुरुवार को ही अगल बगल के सभी कुएं को खंगाला गया था, लेकिन कहीं पता नहीं चला। जब शुक्रवार को सुबह पूनः उक्त कुआं में देखा गया तो, उक्त कुएं में बच्ची का शव तैरता हुआ देखा गया। सुचना पर धुरकी थाना ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, जो शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त हुई है, जो यूडी केस दर्ज कर अनुसंधान हेतू अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। शव बरामद में एसआई बीकू कुमार रजक, एएसआई वामन कुंडेला मौजूद थे। इधर मौत की सुचना पाकर पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव सगमा मुखिया तेजलाल राम उप प्रमुख अर्जुन पासवान उप मुखिया मंगलेश यादव, देवचंद्र यादव, रामेश्वर यादव, नंदलाल साह, रनधीर यादव, विनय यादव अन्य सहित मौजूद थे।

आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 30 मार्च, 2024

www.azadsipahi.in

08


# फरार अभियुक्त कुर्की के दौरान चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर थाना क्षेत्र के बदला ग्राम कुर्की करने पहुंची पुलिस उसी क्रम में फरार अभियुक्त पुलिस के गिरफ्त में आया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम निवासी लहसनिया उरांव के पुत्र रितेश उरांव के विरुद्ध सेन्हा थाना में पुलिस कारवाई किया जा रहा था। परंतु अभियुक्त आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसके आलोक में लोहरदगा न्यायालय से आरोपी के घर कुर्की का आदेश जारी किया गया था। न्यायालय के आदेशानुसार प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में एएसआइ अलबिना लकड़ा दलबल के साथ बदला ग्राम स्थित आरोपी अभियुक्त के घर कुर्की करने करने पहुंचे। उसी दौरान लंबे समय से फरार आरोपी रितेश उरांव पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वही बताया जाता है कि आरोपी महिला उत्पीड़न मामला में अभियुक्त था जो पुलिस से छुपता फिर रहा था। लेकिन सेन्हा थाना पुलिस द्वारा आरोपी को आत्मसमर्पण के लिये चौकीदार के माध्यम से सूचना भेजा जा रहा था। उसके बावजूद आरोपी भागता फिर रहा था। जिसके आलोक में व्यवहार न्यायालय से आरोपी अभियुक्त के घर कुर्की करने का आदेश जारी किया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस आरोपी के घर कुर्की करने पहुंची पुलिस तो फरार आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर प्रशासन द्वारा अग्रतर करवाई आरंभ कर दिया गया है।

# 26 वर्ष से फरार अपराधी और आठ वारंटी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी ललित मीणा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के उद्देश्य से बरवाडीह थाना क्षेत्र के कई गांवो में वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु गुरुवार रात्रि सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें विगत 26 वर्षों से फरार चल रहे समेत अन्य विभिन्न कांडों के कुल आठ वांछित अपराधियों और स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर भेज गया जेल।



गिरफ्तार वारंटियों में बुधनारायण सिंह (48) पिछले 18 सालों से फरार चल रहा था। वह वर्तमान में ग्राम पोखरी खुर्द, टोला छेचानी, बरवाडीह में रह रहा था। अमानुल्लाह पिछले 2010 से फरार चल रहा था। नंदू सिंह (48) और महेंद्र तूरी 1998 से फरार था। लेथा सिंह उर्फ तिवारी सिंह 1999 से फरार था। इसके अलावा 2018 से फरार अजमांतीय वारंटी कुंभकरण राम (42) और 2022 से फरार चल रहे अजमांतीय वारंटी सुबेदार परहिया (54) को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी अभियान में सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी ललित मीणा, एसआइ राधेश्याम कुमार, एसआइ राजन अधिकारी, एसआइ सुनील कुमार मंडल, एसआइ यकिन अंसारी एएसआइ सुनील कुमार के साथ सैट- 45 एवं थाना रिजर्व सशस्त्र बल शामिल थे।

नवनियुक्त प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी ललित मीणा ने कहा कि अगर किसी भी असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस और पब्लिक के बीच सामंजस्य बना रहेगा। बेहतर कार्य करने वाले लोगो को प्रोत्साहित भी किया जायेगा।

# पारंपरिक डोल मेला का आयोजन आज



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय कैरो मे आज 30 मार्च शनिवार की रात्रि डोल मेला का आयोजन होगी। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह,सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस वर्ष भी पुर्व की भांति आज शनिवार को डोल मेला का आयोजन किया गया है, जो कल दिन रविवार 31 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे समाप्त हो जायेगा। अध्यक्ष सचिव ने कहा कि मेले मे रातभर झूमे झारखंड म्युज़िकल ग्रुप के संगीत की प्रस्तुति से दर्शको का मन मोहा जायेगा। इसके निमित आयोजन समिति के द्वारा जिले के उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा को लिखित आवेदन देकर आदर्श चुनाव आचार संहिता के निमित कार्यक्रम करने की अनुमति मांगी थी। इसपर जिला प्रशासन ने नियमानुसार आयोजन समिति को कार्यक्रम करने की लिखित अनुमति दे दी है।

# रमजान माह के तीसरे जुम्मे पर शांतिपूर्वक नमाज अदा की गयी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रमजान माह के दूसरे जुम्मे पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को शांतिपूर्वक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में रमजान माह का तीसरे जुम्मा की नमाज अदा कर क्षेत्र के लिये अम्न चैन की दुआ मांगे। वही सेन्हा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा ने मुस्लिम धर्मावलंबियों को नमाज से पहले संबोधित करते हुए कहा की रमजान माह में इबादत कर जीवन गुजारे और रोजा रखें, रोजेदार को सीधा खुदा देखता है। साथ ही कहा कि पड़ोसी या अन्य लोगो से हर मामले में बेहतर व्यवहार करें तथा खुशी और गम में सभी का साथ दें रोजेदारों की दुआ बहुत जल्द काबुल होती है। वही मुस्लिम धमार्नुसार बताया कि हर दौर में अंबियाओ ने अपने अपने तरीके से रोजा रखा है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, अरु, सेन्हा, बुटी, झखरा, भड़गांव, अरु बांधटोली, भंगाडी, तोड़ार सहित सभी जगहों के मस्जिद में रमजान महीने का तीसरे जुम्मे पर शुक्रवार को शांतिपूर्वक एक साथ नमाज अदा की गयी।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया गया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार लोकसभा चुनाव 2024 में जिलेवासियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला खेल स्टेडियम में बालक एवं बालिका का फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के माध्यम से लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गयी। इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न जगहों से 13 टीमों ने भाग लिया जो इस प्रकार है बालक वर्ग बीएस एनएसएस कॉलेज लातेहार, बाजकुम, डिग्री कॉलेज मनिका , एसटी हॉस्टल लातेहार परसही, चंदनडीह , उदयपुरा , चंदावा एफसी, ओएचडी लातेहार, जालिम लातेहार। दोनों वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम बीएस एनएसएस लातेहार बनाम डिग्री कॉलेज मनिका, परसही बनाम ओएचडी लातेहार के बीच खेला गया। वही बालिका वर्ग में बीएस एनएसएस कॉलेज, सबानो और चंदवा लातेहार के बीच खेला गया। फाइनल मैच बालक वर्ग में डिग्री कॉलेज मनिका बनाम परसही के बीच खेला गया। जिसमें 2-1 से परसही विजेता रहा एवं वही उपविजेता डिग्री कॉलेज मनिका रहा। बालिका वर्ग में फाइनल बीएसएस कॉलेज ५२ सबानो के बिच खेला गया। जिसमें 1-0 से सबानो ने विजेता दर्ज की। वही बीएस एनएसएस कॉलेज उपविजेता रहा।

# केंद्रीय महावीर मंडल कमेटी का गठन आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्री रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाने को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल का पुनर्गठन होना है। इस निमित्त सत्र 2024 -2025 के लिए नई कमेटी का गठन आज होगा। स्थानीय मुंद्रिका भवन पुत्री बाजार में कमेटी गठन को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक रखी गयी है। जिसमें जिला के सभी अखाड़ा प्रमुखों/ प्रतिनिधियों एवं केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षकों पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी केंद्रीय महावीर मंडल, अध्यक्ष रोहित कुमार ने दी। रोहित कुमार ने कहा कि जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी पूजा बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। सभी अखाड़ा के प्रतिनिधि, केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षक एवं पदाधिकारीयों से आग्रह है कि इस बैठक में अवश्य उपस्थित हों तथा अपने विचारों को रखे।

# बिजली के खंभे से लगा तार चुरा ले गये चोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** चोरों से क्या-क्या बचाया जाए। यहां तो बिजली के खंभों पर लगे तार ही सुरक्षित नहीं हैं। ऐसा ही मामला सामने आया थाना क्षेत्र भैसमुंदो बगीचा टोली में जहां से अज्ञात चोर करीब 150 मीटर (25 हजार रुपये) के बिजली के तार चोरी कर ले गये। भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो बगीचा टोली में कृषि विभाग द्वारा खंभे से पदवान के लिए केबल तार से किसानो को पटवन की सुविधा दिया गया था। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा केविल तार काटकर चुरा ले गये हैं। चोरी गये तार की कीमत करीब 25 हजार रुपये आंकी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि किसानों के पटवन के लिए बिजली और कृषि विभाग द्वारा खेतो में पटवन के लिए बिजली खंभे से केबल तार लगाकर किसानों के खेतो तक पहुंचा गया था। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा करीब 150 मीटर केविल तार को काट चोरी कर ली। बिजली तार के चोरी होने से किसानों को पटवन की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

# अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बनाये गये रंजन सिंह



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के कार्यों को मजबूती से संचालित करने को लेकर शुक्रवार को भाजपा बरवाडीह मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के पद पर रंजन कुमार सिंह छेन्चा निवासी को मनोनीत किया गया ।साथ ही मण्डल अध्यक्ष प्रखण्ड हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार अपने स्तर से जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है ।इसके प्रति लोगो को जागरूक करना होगा ।व पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती के लिए आवश्यक विचार विमर्श किये जाएंगे ।उधर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा नेत्री सह जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर, प्रमुख सुशीला कुमारी, उप प्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल, कन्हाई प्रसाद, अवधेश सिंह चेरो भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील सिंह, मनोज प्रसाद, मनीष कुमार समेत सैकड़ो लोगो ने बधाई दी है।

# सरहुल महापर्व मनाने को लेकर समिति का पुनर्गठन



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर में प्रकृति का महापर्व सरहुल हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने और तैयारी को लेकर बैठक की गयी। बैठक का अध्यक्षा सरना स्थल के मुख्य सेवक प्रधान उरांव ने किया। जबकि संचालन महेंद्र भगत ने किया। बैठक मे सरहुल पर्व को विधिवत मनाये जाने वाले कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की गयी। सरहुल पर्व को विधिवत संपन्न कराने तथा पर्व के अवसर पर किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम के सुव्यवस्थित ढंग से संचालन हेतु सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में समाज के कई लोग मौजूद थे।

# सरयू पहुंचे पूर्व डीसी राजीव कुमार, हुआ स्वागत

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार पूर्व उपायुक्त सह आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में चतरा संसदीय क्षेत्र के भावी निर्दलीय प्रत्याशी राजीव कुमार शुक्रवार को लातेहार पहुंचे। जहां पर उनके समर्थकों के द्वारा गर्भजोशी के साथ स्वागत किया गया एवं लोकसभा चुनाव में खड़ा होने का अनुरोध किया गया। इसके पश्चात पूर्व उपायुक्त राजीव कुमार सरयू पहुंचे एवं ग्रामीणों से रूबरू होते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद मांगा। ग्रामीणों ने कहा कि जब आप उपायुक्त के रूप में लातेहार में पदस्थापित थे, तो उस समय ग्रामीणों के दुख दर्द को समझते हुए गांव के विकास के लिए अनेक कार्य किए थे। ग्रामीणों ने एक स्वर में उनके साथ खड़ा होने का भरोसा दिया।

# घरों में लगी आग, लाखों का सामान जल कर राख

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** मनिका रांकीकला पंचायत स्थित मोहनटांड़ गांव में दिन गुरुवार की रात्रि में राजेश उरांव, बुधन उरांव, सरयू उरांव और नगीना उरांव के घर में अचानक आग लगने से घर में रखे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया है। वहीं भुक्तभोगियों ने बताया कि रात्रि में सभी लोग अपने-अपने घर पर सोए हुए थे तभी अचानक आग लगने से घर के लोग जागे और सभी लोग घर के बाहर निकले आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते घर धूं-धूं करके जलने लगा लोगों ने बताया कि घर में आग कैसे लगी हमलोगों को पता नहीं है। वहीं घर में आग लगने से घर में रखे अलमारी, अनाज, भूमि संबंधित कागजात समेत अन्य सभी सामग्री जलकर राख हो गया। वहीं भुक्तभोगियों ने कहा कि एक घर में लगभग 2 लाख रूपए से ऊपर का नुकसान हुआ है। वहीं आगजनी की घटना की जानकारी मिलने पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह मोहनटांड़ गांव पहुंचे और आगजनी की घटना से पीड़ित सभी लोगों को सहयोग राशि एवं खाद्य सामग्री मुहैया कराया और उन्होंने सभी लोगों को सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली लाभ जल्द से जल्द दिलवाने का आश्वासन दिया। मौके पर वृंदबिहारी प्रसाद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जेसीबी मशीन को अज्ञात लोगों ने जलाया

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के हुटाप पंचायत स्थित बोरसीदाग ग्राम निवासी सकिन्द्र मुंडा का शुक्रवार अहले सुबह लगभग 4:00 बजे जेसीबी मशीन को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया गया। सकिन्द्र मुंडा ने चंदवा थाना में आवेदन देकर बताया कि हमारा जेसीबी मशीन हिंडालको नर्सरी में तालाब खोदने के लिए कार्य कर रहा था। उसी के क्रम में जेसीबी मशीन का इंजन में खराबी आ गई। जिसको लेकर रांची सर्विसिंग सेंटर में इंजन को भेज दिया था। परंतु जेसीबी मशीन का पूरा बॉडी कार्य स्थल पर ही खड़ा था। हिंडालको कंपनी के मैनेजर के द्वारा सूचना दिया गया कि आपकी मशीन को किसी के द्वारा आग लगा दिया गया है। हिंडालको कंपनी के नर्सरी मैनेजर को कहा की हम कुछ देर पहले आए थे तो मशीन पूरी तरह से सही सलामत था और अचानक किसने आग लगा दिया।

# इसाई धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास से मनाया गुड फ्राइडे का त्योहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में ईसाई धर्मावलम्बियों द्वारा शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ गुड़ फ्राइडे का त्यौहार मनाया गया। वही गुड फ्राइडे पर प्रखंड क्षेत्र के सीठीयो, सेरेंगहातु, बंसरी सहित सभी जगहों पर जीएल चर्च, जेम्स चर्च, जर्मन चर्च में विशेष प्रार्थना व मीसा पूजा आयोजित किया गया। वही प्रचार अनिल कुजूर, प्रेम एक्का, मार्टीन बखला ने संयुक्त रूप से बताते हुए कहा की प्रभु यीशु ने मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। पापियों को बचाने के उद्देश्य से ही क्रूस पर स्वयं का बलिदान दिया। उनके कोड़े खाने से पापी मनुष्य चंगे हुए। क्रूस पर मृत्यु से पहले उन्होंने सात वचन बोले जो मानव समाज को सदैव राह दिखाने का काम करेगा। जिस समय प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया,समस्त विश्व में अंधियारा छा गया था। साथ ही कहा कि गुड़ फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु मसीह को आज शारीरिक यातनाएं दी गयी थी। प्रभु यीशु के शरीर को 39 कोड़े चाबुक से मारा गया था, और कांटेदार मुकुट पहनाया गया था। जिसके बाद क्रूस पर चढ़ा कर हाथ पैरो में कील ठोका दिया गया था। वही आराधना में विश्वासी मसीही समुदायव के भाई बहनों ने इस पर्व का आशिषो को ग्रहण किया। मौके पर सनातन बखला, दीपिका केर-केट्टा, संजय कुजूर, महेश कुजूर, मरियम टोप्पो, नुवेल खेस, प्यारी बखला, शुसिल बखला, सरिता बखला, नीलमणी बखला, शंकर पन्ना, अमर बखला सहित अन्य मसीही समुदाय के महिला पुरुष मौजूद थे।

# फसल कटाई को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में कल देर शाम समाहरणालय सभागार में जेनरल क्रॉप एसटीमेशन सर्वे (फसल कटनी प्रयोग) मोबाईल एप निष्पादन के निमित जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गयी।

अपर समाहर्ता द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी/ कर्मियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने बताया कि रब्बी भौराम में आच्छादित फसल रब्बी गेहूं का फसल कटनी प्रयोग मोबाईल एप के माध्यम से निष्पादित किया जाना है। उनके द्वारा बताया गया कि गेहूं फसल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित फसल के रूप में अधिसूचित किया गया है। रब्बी गेहूं फसल कटनी प्रयोग प्रत्येक पंचायत के 02 ग्रामों में कुल 04 प्रयोग का निष्पादन किया जाना है तथा उनके द्वारा फसल कटनी प्रयोग हेतु प्लॉट चयन, प्रयोग क्षेत्र का निर्धारण, हरा वजन, सुखवन आदि के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गयी।

इस क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि फसल कटनी प्रयोग के उपज दर के आधार पर किसानों को उनके फसल का क्षतिपूर्ति लाभ प्रदान की जाती है। फलस्वरूप उनके द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को निदेशित किया गया कि प्रखंड/ अंचलवार फसल कटनी प्रयोग हेतु आवंटित ग्रामों के प्रयोगों का शत-प्रतिशत निष्पादन किया जाना है। इस निमित मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर टीम गठित करने हेतु जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, लातेहार को निदेश दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मंगल किशोर उरांव, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, लातेहार द्वारा जेनरल क्रॉप एसटीमेशन सर्वे (फसल कटनी प्रयोग) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में कनीय सांख्यिकी सहायक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सभी अंचल के अंचल निरीक्षक/ सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी/ सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/ सभी राजस्व उप निरीक्षक / सभी जनसेवक एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

# लोहरदगा सीट पर चमरा लिंडा की एंट्री!

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा सीट पर झामुमो विधायक चमरा लिंडा की एंट्री हो सकती है। वह लोहरदगा से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उन्होंने विधानसभा में अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया है। लोहरदगा सीट पर कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने लोहरदगा से सुखदेव भगत को उम्मीदवार बनाया है, जबकि बीजेपी ने समीर उरांव को। चमरा लिंडा अगर मैदान में उतरते हैं तो गठबंधन में टूट की पूरी संभावना है। ऐसे में वोटों का बिखराव हो जायेगा, जिसका पूरा फायदा बीजेपी उठायेगी। यहां मुकाबला त्रिकोणीय होने वाला है। चमरा लिंडा को मनाने के प्रयास तेज हो गये हैं। पार्टी के एक मंत्री को उन्हें मनाने की जिम्मेवारी दी गयी है।

**लोहरदगा सीट से चमरा लिंडा अड़े :** गौरतलब है कि लोहरदगा सीट के लिए झामुमो पहले से अड़ा हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है, तो जीत की गारंटी भी ले। हमारा दावा कई कारणों से लोहरदागा पर था, लेकिन कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन झामुमो, गठबंधन धर्म का पालन करेगा। झामुमो के चमरा लिंडा द्वारा चुनाव लड़ने के लिए अड़े होने की बात पर उन्होंने कहा कि अगर कोई किसी अन्य पार्टी से या निर्दलीय मैदान में उतरता है, तो संगठन के संविधान के अनुसार उस पर काम किया जायेगा।

## दिलचस्प हो जायेगा चुनाव

लोहरदगा लोकसभा सीट को लेकर बेहद रोचक स्थिति नजर आ रही है। चमरा लिंडा के निर्दलीय चुनाव लड़ने की स्थिति में चुनावी समीकरण बेहद दिलचस्प हो जायेगा। चमरा लिंडा ने साल 2004 में लोहरदगा लोकसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉक्टर रामेश्वर उरांव, भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रोफेसर दुखा भगत चुनाव मैदान में थे। साल 2004 का लोकसभा चुनाव लोहरदगा लोकसभा सीट से डॉ रामेश्वर उरांव जीत गये थे। साल 2009 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सुदर्शन भगत, कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉ रामेश्वर उरांव और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चमरा लिंडा चुनाव मैदान में थे। इस चुनाव को भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत ने जीत लिया था। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में फिर एक बार चमरा लिंडा चुनाव मैदान में थे। हालांकि तब वह ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से सुदर्शन भगत और कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉ रामेश्वर उरांव चुनाव मैदान में थे। इस चुनाव को सुदर्शन भगत ने बेहद करीबी मुकाबले में जीता था।

# सीयूईटी में भी होगी काउंसलिंग, जेइइ की तर्ज पर बनेगा सिस्टम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइइ की तर्ज पर सीयूइटी भी अब काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। यूजीसी अब सीयूइटी स्कोर के आधार पर स्नातक प्रवेश के लिए एक आम काउंसलिंग आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसे लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक कमिटी बनायी है। कमिटी में विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। साथ ही पांच प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों को पायलट प्रोजेक्ट के लिए शामिल किया गया है।

**कब होगा लागू इस पर कोई स्पष्टता नहीं :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यदि समिति को यह विचार सही लगता है, तो इसे कब लागू किया जायेगा इसे लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। विचार आगे बढ़ेगा या नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है। यह पैनल के निष्कर्षों पर निर्भर करता है। जानकारी तो यह भी है कि कमिटी फिर हितधारकों से इस पर परामर्श करेगी, वहीं इस आइडिया पर विचार का अध्ययन करने के लिए एक पैनल का गठन किया गया है। पेशेवरों और विपक्षों का अध्ययन करने के लिए आंतरिक रूप से पायलट कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। ऐसी प्रणाली प्रवेश के लिए एकल विंडो प्रदान करेगी और छात्र विश्वविद्यालयों में अलग से आवेदन करने के बजाय एक ही पोर्टल पर अपनी पसंद दे सकते हैं।

**15 से 31 मई सीयूइटी यूजी की होगी परीक्षा :** गौरतलब है कि यूजी परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी गयी है। अब उम्मीदवार 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा का आयोजन 15 से 31 मई तक किया जायेगा। सीयूइटी परीक्षा एनटीए की ओर से 13 भाषाओं में आयोजित होगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स भाग लेकर यूजी लेवल के कोर्स में एडमिशन ले सकें।

# बैंक से पैसे निकाल देने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत घाघरा प्रखंड के एक गांव की युवती से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बैंक से पैसे निकालने के बहाने आरोपी युवक पीड़िता को अपने साथ ले गया। इसके बाद बैंक की जगह एक गांव ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए शुक्रवार को आरोपी दीपक उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानेदार तरुण कुमार ने कहा कि आवेदन मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक उरांव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त स्कूटी को भी बरामद कर थाना लाया गया है।




**आरोपी**

**पीड़िता के माता-पिता के साथ ईंट-भट्ठे पर काम करता था**

दुष्कर्म की घटना के बाद गुरुवार की शाम पीड़िता अपने मामा-मामी के साथ थाने पहुंची और लिखित आवेदन देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद थानेदार तरुण कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी दीपक उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता अपने दादा के साथ घर पर रहती थी। माता-पिता व भाई ईंट भट्ठा पर काम करने के लिए दूसरी जगह पलायन कर चुके हैं। उसी ईंट भट्ठे पर आरोपी दीपक उरांव भी काम करने के लिए गया था। कुछ दिन पूर्व ही वह गांव लौटा था।

**आरोपी अरेस्ट व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद**

गांव लौटने के बाद 16 मार्च को दीपक ने पीड़िता से कहा कि तुम्हारा भाई मेरे बैंक खाते में पैसा भेजा है। तुम मेरे साथ बैंक चलो। पैसा निकाल कर दे देंगे। यह कहकर दीपक पीड़िता को अपने साथ घाघरा लाया, परंतु घाघरा की बैंक शाखा ना ले जाकर पालकोट स्थित बघिमा गांव अपने रिश्तेदार के घर बहला-फुसला कर ले गया, जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता डर से यह बात किसी को नहीं बता रही थी, पर हिम्मत करके अपने मामा-मामी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार की शाम मामा-मामी पीड़िता को थाना लेकर आये और लिखित आवेदन पीड़िता द्वारा थाना में दिया गया।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में शहीद नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर–पीतांबर का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने शहीद नीलांबर–पीतांबर के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्पार्चन कर किया। शिक्षक संदीप कुमार पंडित ने विस्तार से नीलांबर–पीतांबर की जीवनी तथा अंग्रेजों के खिलाफ उनके संघर्ष का वृत्तांत छात्रों के समक्ष रखा। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने शहीद नीलांबर–पीतांबर के बलिदान को उच्च कोटि की देशभक्ति का उदाहरण बताया तथा छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

## मिशन बदलाव के सदस्य कौशल सिंह ने थेलेमिसिया मरीज के लिया किया रक्तदान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव सदस्य सुशील इंदवार और मिशन बदलाव के सदस्य अनंत कुमार के सहयोग से 9 साल की बच्ची जो सदर अस्पताल गुमला में भी भर्ती थी एवं अनंत कुमार जी ने 9 साल की एक बच्ची नाम खुशी कुमारी जो गुमला जिला गांव कैलगा की रहने वाली है। इस बच्ची को ए पॉजिटिव खून की अति आवश्यकता थी। इस छोटी सी बच्ची को थैलेसीमिया बीमारी है। जब सुशील इंदवार ने अनंत कुमार जी को फोन किया तो उन्होंने बोला कि खून मिल जाएगा। उन्होंने तत्काल अपने सहयोगी मित्र कौशल सिह को बुलाया। उन्होंने तत्काल जाकर उस बच्ची को ए पॉजिटिव ब्लड दिया इस महान काम के लिए बच्ची के घर वालों ने आभार प्रकट किया। सुशील इंदवार ने लोंगो से अनुरोध किया है कि ब्लड डोनेट किया करें रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नहीं आती है। जबकि इस से शरीर और स्वस्थ बनता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा नेशनल हाईवे रोड स्थित खटवा नदी के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सर चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने फोन कर घटना की सूचना गुमला थाना को दी। गुमला थाना के एस आई कोंगाडी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच घायल को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के उपरांत उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके पैकेट में मोबाइल के अलावा अन्य कोई पहचान का वस्तु नहीं मिला। घटना गुरुवार की रात लगभग 9 :00 बजे की है। पुलिस ने बताया युवक घाघरा की ओर बाइक से जा रहा था तभी अज्ञात वाहन उसे अपनी चपेट में ले लिया। वहीं सड़क के बीच में ही उसकी बाइक भी पड़ा मिला जो छतिग्रस्त हो गया था। पुलिस ने बाइक को जप्त कर लिया है।

## दवा लेने जा रहे युवक को कार ने मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सिलम गांव में सिलम निवासी 30 वर्षीय इलियास टोप्पो को एक कार टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में युवक को सिर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी। घटना की सूचना पर परिजन तत्काल घायल युवक को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक अपनी मां के लिए दवा लेने सड़क पार कर दुकान जा रहा था। तभी गुमला की ओर से तेज रफ्तार से एक कार उसे टक्कर मारते हुए तेजी से घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद रायडीह थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंच वस्तु स्थिति से अवगत हुई। साथ ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया युवक के कान से खून का रिसाव बंद नहीं हो रहा है। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो घायल को रिम्स रेफर किया जा सकता है।

# पाइप चोरी करते दो लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** नल जल योजना के तहत बिछाई जा रही पाईप की चोरी करते दो लोगों को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में पुसो थाना क्षेत्र के कोचा गांव निवासी जसीम खान (22) व गुमला थाना का कतरी गांव निवासी तशदीक खान (23) शामिल हैं। इस बावत बसिया सर्किल इंस्पेक्टर जितेन्द्र राम और थानेदार संदीप कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते गुरुवार देर रात छारदा गांव के टोंगरी सोकरा के समीप हर घर नल जल योजना के तहत बिछाई जाने के लिए रखे पाईप की चोरी किए जाने की सूचना थाना प्रभारी को मिली थी। थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना का सत्यापन व कार्रवाई के लिए रात्रि गश्ती दल में तैनात एसआई आशीष कुमार को दल बल के साथ घटनास्थल भेजा, और इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी। एसआई आशीष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां एक मालवाहक ट्रक जेएच 07 एच 6048 में कुछ लोग पाईप लाद रहे थे, पुलिस को देखते अंधेरे का फायदा उठाकर सभी भागने लगे। छापेमारी दल के द्वारा दो लोगों को खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए दोनों से पाईप के संबंध में कागजात मांगने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद दोनों के पास से दो मोबाइल फोन व चोरी की नियत से ट्रक में लदे 38 पाईप को जप्त कर थाना लाया गया पुछताछ में दोनों ने अपना नाम पता और ट्रक चालक व उपचालक होने की बात कही। दोनों को सिसई थाना में केस दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रेस वार्ता के दौरान एसआई अजय कुमार, एसआई आशीष कुमार, एसआई अनुज कुमार वहीं रात्रि छापेमारी दल में एस आई आशीष कुमार, हवलदार निमन उरांव, आरक्षी सुबोध कुमार गोप, नरेन्द्र सरदार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 29 मार्च शुक्रवार को माध्यमिक खंड का वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। परीक्षा प्रमुख प्रशांत रंजन ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह ने पुरस्कार प्राप्त करने वालों की सराहना की साथ ही सभी भैया बहनों को आगामी सत्र में उत्कृष्ट सफलता का आशीर्वाद दिया।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुई। प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन किया। कार्यक्रम का संचालन कर रही आशा कुमारी ने शैक्षणिक एवं अन्य विद्यालय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहन के नामों की घोषणा की। कक्षा षष्ठ से अनिमा कुमारी, कक्षा सप्तम से मानवी सिंह, कक्षा अष्टम से प्रवीण कुमार, कक्षा नवम से लक्ष्मी कुमारी, कक्षा एकादश विज्ञान से आर्या शाह तथा कक्षा एकादश वाणिज्य से प्रिंस चौरसिया प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा विद्यालय की गतिविधियां जैसे वंदना विभाग के लिए श्याम सिंह, आन्वी अपूर्वा, अपूर्वी प्रसाद को पुरस्कृत किया गया। बागवानी के लिए कक्षा नवम 'स' को पुरस्कृत किया गया। 100% उपस्थिति के लिए नौ विद्यार्थी पुरस्कृत हुए।

सभी प्रतिभागियों को प्रबंध कारिणी समिति के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य ने परीक्षा परिणाम भूमिका रखते हुए उपस्थित भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया। कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास तथा सचिव विजय बहादुर सिंह ने विद्यालय के उद्देश्य तथा आगामी योजना को अभिभावकों के साथ साझा किया।

# ईसाई धर्मावलंबियों ने मनाया गुड फ्राइडे



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के सभी पल्लियों में गुडफ्राइडे को ईसाई धर्मावलंबियों ने धूमधाम से मनाया।सर्वप्रथम सभी पल्लियों मे मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया।कोनबीर नवाटोली पल्ली में फा. अमृत केमताटोली पल्ली मे फादर जोसेफ बेक ममरला पल्ली में बिलियम मिंज दलमादी पल्ली में दीपक एक्का मुख्य अधिष्ठाता के रूप मे निभाया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा0 अगस्तुस ने अपने संदेश में कहा कि दुनिया के सभी मानव जाति के उद्धार और प्रेम के लिए प्रभु यीशु ने क्रुस पर अपने आप को समर्पित कर दिया साथ ही मानव जाति के उत्थान हेतु खुद को बलिदान कर दिया।इस लिए खीस्तीय समुदाय के लोग आज के दिन को शहादत दिवस के रूप में मनाते है। मौके पर फा. जॉन बाड़ा सिस्टर ममता सि. पुष्पा सहित सैकड़ों खीस्त विश्वासी उपस्थित थे।

## जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत सतखारी सावना टोली निवासी सकरा मिंज ने गुरुवार की रात सल्फास का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद पड़ोसी उसे उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले गए। जहां सुविधा नहीं होने के कारण उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में व्यक्ति का इलाज चल रहा है। हालांकि व्यक्ति ने सल्फास का सेवन क्यों किया इसका स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि उसकी पत्नी मायके चली गई है और घटना के वक्त घर में वह अकेला था। सल्फास का सेवन के उपरांत पड़ोसियों को उसने यह बात बताई। पड़ोसी उसे एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लेकर आए। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# समुदाय के लोगों ने ईसा मसीह को याद करते हुए प्रार्थना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड में ईसाई समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया। इस क्रम में विमरला कैथोलिक चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने उपवास कर ईसा मसीह को याद करते हुए प्रार्थना किया। फादर ब्लासियुश धनवार, फादर संजय मिंज, फादर ओरकर किंडो, फादर जॉन टोप्पो ने पवित्र मिस्सा कराया।ईसाई समुदाय के लोगों ने बताया कि पवित्र किताब बाइबल के अनुसार जब ईसा मसीह को जब यातनाएं दी जा रही थी। तो उनके समर्थक और शिष्य रो रहे थे। वह मन ही मन में उनके वापस लौटने और उन्हें बचाने की प्रार्थना कर रहे थे। यीशु मसीह ने मुस्कुराते हुए अपने शिष्य और समर्थकों की ओर देखते हुए उन्हें दिलासा दिया था कि वह इंसानियत के लिए फिर से वापस आएंगे। बाइबल के अनुसार ईसा मसीह के दोनों हाथों और पैरों पर कील ठोककर उन्हें लकड़ी में बने क्रॉस पर लटकाया गया था। इस क्रूरता से पूरा अंधेरा छा गया था और बहुत तेज आंधी बारिश आने लगी थी। इस क्रूरता और यातनावों के बाद प्रभु यीशु मसीह ने अपने प्राण त्याग दिए लेकिन इसके बाद एक चमत्कार होने की ही बात कही गई और तीन दिनों के बाद प्रभु यीशु मसीह पुनः जाग गए थे। उस दिन रविवार था। वही ईसाई समुदाय के लोगों ने कहा कि गुड फ्राइडे के बाद पड़ने वाले पहले रविवार को ईस्टर संडे मनाया जाता है। इस मौके पर क्रेसनिसिमा किंडो, अगुस्तीना कोंगाड़ी, संजीत कुजूर, नवल टोप्पो, जेंडर बखला सहित ईसाई समुदाय के महिला पुरुष बच्चे बच्चियां शामिल थी।

## पारिवारिक विवाद में कीटनाशक का सेवन कर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बेला निवासी 55 वर्षीय महिला करिया देवी पति पांडे खड़िया ने गुरुवार की रात पारिवारिक विवाद में कीटनाशक का सेवन कर लिया। तत्काल परिजनों उसे लेकर सदर अस्पताल आए। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद काफी बढ़ जाने के बाद महिला ने घर में रखें सब्जी में छिड़काव करने वाला कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी हालत खराब होने लगी। महिला के पुत्र व पड़ोसियों ने तत्काल एंबुलेंस को फोन किया और उसे सदर अस्पताल लाया। इलाज के उपरांत महिला खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना गेट के समीप शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे दो बाइक में सीधे टक्कर में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों घायलों को पुलिस वाहन में बैठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान कुन्जाली तिरार्डीह निवासी अजय उरांव(18), ममरला निवासी आकांक्षा बारला(20),घाघरा निवासी आशीष उरांव(18) और कोहीपाट निवासी पवन उरांव(15) के रूप में हुई है। घायल आशीष व अजय की गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक दो लोगों का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा था।

# मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा शुक्रवार को जिला स्तरीय वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहर मिशन के अंतर्गत यह आयोजन गांधी सभागार में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र भगत संयुक्त सचिव विकास भारती ने किया। महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले में पोषक पौधों की काफी मात्रा में पाया जाता है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर संजय कुमार ने मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के रोजगार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र की मधु की मांग विदेशी बाजार में काफी है साथ ही साथ हमारे क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की मधु पाई जाती है जो उन क्षेत्रों में नहीं पाई जाती इसलिए हमारा यह जिला मधुमक्खी पालन के लिए काफी उपयुक्त है। पंकज कुमार सिंह ने बताया कि हम अब विभिन्न पोषक पौधों की मधु विभिन्न नाम से बाजार में बेच सकते हैं साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के पोषक पौधों की मांग भी अलग-अलग है एवं मूल्य भी अलग है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र छात्र के वैज्ञानिक डॉक्टर धर्म उड़ानी मधुमक्खी पालन के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए उसमें आने वाले विभिन्न रोग एवं किट की रोकथाम के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मधुमक्खी विशेषज्ञ के रूप में मनबोध चौहान ने मधुमक्खी पालन करने के विभिन्न तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ मधुमक्खी पालन के लिए कृत्रिम भोजन बनाने में विभिन्न प्रकार की सावधानियां पर भी चर्चा की। इस सेमिनार के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन के द्वारा विभिन्न फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में 25 प्रतिशत से लेकर कई सौ प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि पाई जाती है साथ ही साथ हमारी जय हो विविधता में भी काफी योगदान है। श्री तिवारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन के द्वारा जहां शहद, मोम, विष के साथ-साथ पराग बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि किसान 10 बक्से से लगभग 60000 रुपए वार्षिक आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र के किस देसी मधुमक्खी पालन के माध्यम से भी लगभग 25 से 30 हजार आसानी से आमदनी प्राप्त कर सकते हैं और यह आसानी से किया भी जा सकता है। इस कार्यक्रम अंतर्गत जितनी देवी पूजा कुमारी हरिनाथ सिंह सुरेंद्र प्रसाद गुप्त गुलाबपुरा देव गोविंद सिंह के साथ-साथ विभिन्न प्रखंडों के 150 किसान भाई बहनों ने भाग लिया।

# तस्करी के लिए ले जा रहे 19 पशु बरामद, तस्कर हुआ फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कांसीर के खुरसुता रोड़ स्थित जंगल में शुक्रवार की तड़के तस्करी हेतु ले जा रहे 19 गोवंशोय पशुओं को पुलिस ने ग्रामवासियों के सहयोग से जप्त किया।लेकिन अंधेरा और जंगल का लाभ उठाकर पशु तस्कर भागने में सफल रहे।सभी पशुओं को पंचायत सचिवालय भवन में लाया गया और ग्रामीणों के बीच कृषि कार्य हेतु जिम्मेनामा पर सभी पशुओं को वितरण कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि पशु तस्कर खुरसुता रोड़ जंगल होकर हांकते हुए पशुओं को ले जा रहे हैं।तब रात्रि गश्ती पर पुलिस अवर निरीक्षक युधिष्ठिर कुमार प्रजापति सशस्त्र बलों के साथ में थे।थाना प्रभारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां पहुँचे और पशुओं को ग्रामीणों को मदद से जप्त कर लिया। इससे पशु तस्करों में हड़कंप मच गया। उन्हें पकड़ने हेतु खदेड़ा गया पर अंधेरा और जंगल का फायदा से वे भागने के सफल रहे।इस संबंध में रायडीह थाना में अज्ञात तीन पशु तस्करों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।और पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।गौरतलब है कि एक पखवारे पूर्व भी कांसीर में मवेशियों के साथ आठ तस्कर पकड़े गए थे।उसके बाद भी यह धंधा रुक नहीं रहा है।

# कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है : विष्णु दयाल राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में भाजपा की बैठक हुई। बैठक में विश्रामपुर ग्रामीण व नगर मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। बैठक में लोक सभा चुनाव पर चर्चा हुई। रिकार्ड मतों से जीत के लिए रणनीति भी बनाई गई। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि किसी भी संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता ही होते हैं।

**कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है**

कार्यकताओं के मेहनत से ही देश में राष्ट्रवादी सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में भाजपा को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को बूथ स्तर पर मेहनत करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश तेजी से विकास ही राह पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं जिसे बूथ स्तर के कार्यकताओं को घर पर तक पहुंचाने की जरूरत है। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत को बढ़ाने के लिये बूथ स्तर पर कार्य करने में जुट जाएं। 2024 का लोकसभा चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण है। यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। देश की हर लोकसभा सीट भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प है,जिसमें हम सभी को अपना 100 प्रतिशत योगदान देना है।

भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता भी कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं होता,बल्कि आने वाले समय का बड़ा नेता है,वह कल को सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री भी हो सकता है। इस चुनाव में हमारे बूथ स्तर के कार्यकताओं पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता किसी व्यक्ति के लिए नहीं राष्ट्र के लिए और देश हित में कार्य करें। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सांसद विष्णु दायर राम का दस वर्षो का कार्यकाल स्वर्णिम रहा। पलामू में विकाश की एक नई इबारत लिखी गई। बैठक को वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,भोला चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, डॉ वी पी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, डॉ ईश्वरी पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मार्कण्डे चौबे, धर्मेंद्र कुमार, शंकर चंद्रवंशी, उपेंद्र तिवारी, किरण देवी, किरण शर्मा, बेबी देवी, लीलावती देवी, अर्चना देवी, सोनी देवी, शंभू शरण सिंह, राजन सोनी, बबन पाठक, मनीष गुप्ता, संजय कुमार, संतोष चौबे, मनोज पांडेय, राम सारिख पांडेय, संजय ठाकुर, अनुज चौधरी, अमरेंद्र यादव, ज्वाला गुप्ता, गोपाल सोनी, धर्मेंद्र चौधरी, सुनील कुमार चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीसी के निर्देश पर डीएमओ ने नौडीहा क्षेत्र में संचालित माइंस का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार नौडीहा पहुंचे व यहां संचालित माइंनिस का निरीक्षण किया।निरीक्षण कि क्रम में डीएमओ श्री कुमार ने माइंनिस में हो रहे खनन कार्य एवं स्टोक का निरीक्षण किया एवं स्पष्ट रूप से माइंनिग संचालको को सरकार द्वारा बनाए गए नियमानुसार खनन कार्य करने को लेकर निर्देशित किया साथ ही क्षमता से अधिक माइंनिग नहीं करने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी माइंस संचालको को ससयम राजस्व जमा करवाने की बात की।उन्होंने सभी माइंस संचालको को नियम विरूद्ध कार्य नहीं करने को लेकर निर्देशित किया एवं ऐसा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतवानी दी।

**इन माइंस का किया गया निरीक्षण**

डीएमओ आनंद कुमार शुक्रवार को नौडीहा में यूपीएस स्टोन एंड चिप्स,संचालक अनुप कुमार एवं पार्टनर,यूपीएस स्टोन,चिप्स,संचालक यूके सिंह एवं पार्टनर,यूपीएस स्टोन चिप्स,संचालक प्रदीप सिंह एडं पार्टनर,नावाडीह स्टोन माइंनिस,संचालक विश्वनाथ प्रसाद,जय मां शेरवाली स्टोन चिप्स,डीगले माइंनिग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं संजय कुमार सिंह माइंनिग का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## हृदयगति रुकने से मौत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के उरसुला गांव निवासी निजामुद्दीन अंसारी (74) का आज हृदय गति रुकने से निधन हो गया। निजामुद्दीन अंसारी सेवा निवृत्त रेल कर्मी थे। वे शुक्रवार को मस्जिद से जुमे का नमाज अदा कर घर वापस जा रहे थे। तभी अचानक रास्ते में गिर कर उनकी मौत हो गयी। स्व निजामुद्दीन कविलाशी गांव में बने नये मकान में रह रहे थे। शोक व्यक्त करने वालो में नप के निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, रमेश चौबे, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, जहीर अंसारी, हफीजुल अंसारी सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर का मनाया गया 165 वां शहादत दिवस



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** खरवार आदिवासी एकता मंच द्वारा अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महुगायी दुगार्पुर में स्थापित नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह खरवार ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर देश की आजादी के नायक थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। अलका सिंह ने कहा कि दोनों वीर भाइयों ने शोषण के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। इसके बाद देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने का काम किया। सन 1857 के सिपाही विद्रोह काल में अंग्रेजों के विरुद्ध पीपुल्स वॉर सैन्य संगठन बनाकर दोनों भाइयों ने गुरिल्ला युद्ध किया था। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष उमेश्वर सिंह,उदय सिंह,सुरेश सिंह,राजेश सिंह,रामप्रीत सिंह,अखिलेश सिंह खरवार,जोगिंदर सिंह खरवार,बलराम सिंह खरवार,व्यास देवनारायण सिंह,सिकंदर सिंह, रामसहाय सिंह खरवार, मुरारी सिंह खरवार सहित कई लोग मौजूद थे।

# एमकेडीएवी में झारखंड जोन आइ के शिक्षकों की तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में डीएवीसीएई के तत्वाधान में त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 29 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2024 को समाप्त होगा। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के अंतर्गत 6 जिलों के कुल आठ विद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार गढ़वा, भवनाथपुर एवं मेदिनीनगर के शिक्षक भाग लेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी की परंपरा अनुसार अतिथियों को वेद मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं समस्त विद्यालयों के आगंतुक प्राचार्यों ने गायत्री मंत्र कर के साथ दीप प्रज्वलित किया। डीएवी गान का समूह गायन भी हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर के सम्मानित व्यवसायी एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के स्थानीय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सह भूमि प्रदाता सतवीर सिंह राजा थे। उन्होंने कहा कि विद्यादान सर्वोत्तम दान है। आप सभी इस पुनीत कार्य में लगे हैं, किंतु आज बदलते समय के साथ अनेक चुनौतियां भी खड़ी हैं जिन्हें पार करने हेतु इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। मैं आप सभी को शुभकामना देता हूं।

डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने आगंतुक अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रशिक्षण की महत्ता को बताते हुए एक लघु कथा के माध्यम से इसे लकड़हारे की कुल्हाड़ी के धार के समान बताया। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि यहां पूर्ण मनोयोग से शिक्षण तकनीकि सीखें एवं ईमानदारी पूर्वक कक्षा -कक्ष तक ले जाए, जिससे छात्रों को लाभ पहुंचे। उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों एवं योजना की चर्चा करते हुए खेल गतिविधियों पर बल देने की बात कहीं। इस वर्ष के राष्ट्रीय स्तर पर विजेता छात्रों को डीएवी प्रबंधन कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्य रत्न,पद्मश्री पूनम सूरी जी के कर कमलों द्वारा 5100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधान जी सभी विद्यालयों के छात्रों को सभी स्तर के खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का निर्देश देते हैं। वह प्रधानमंत्री जी के खेलो इंडिया अभियान में डीएवी की सहभागिता चाहते हैं।

आगामी सत्र में नर्सरी क्लासेस शुरू करने की बात भी प्राचार्य ने बताई। जो नई शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित है। इस विद्यालय की दो शिक्षिकाओं श्रीमती मीनाक्षी करण एवं श्रीमती प्रियंवदा मिश्रा ने इसका प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।

आज प्रथम दिवस के सत्र कुछ इस प्रकार निर्धारित हैं ईईडीपी मीनाक्षी करण,स्ट्रेस मैनेजमेंट चिंसू सिंह,इफेक्टिव कम्युनिकेशन एंड कम्यूनिकेशन बैरियर्स निशा मल्होत्रा, एंगर मैनेजमेंट करण सिंह के द्वारा संपन्न होगा। इसके पश्चात सभी शिक्षक अपने-अपने विषय के निर्धारित कक्षा - कक्ष में विषय से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे जिनके प्रशिक्षक पूर्व निर्धारित हैं।

इस अवसर पर डॉ जीपी झा प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा, क्लस्टर हेड झारखंड क्षेत्र आई।

डॉ आरके साहू प्राचार्य गुमला, राजेंद्र सचदेवा प्राचार्य भवनाथपुर, एके चौबे प्राचार्य गढ़वा,जीके सहाय प्राचार्य लातेहार, आरके झा प्रभारी शिक्षक सिमडेगा,अश्विन पात्रा प्रभारी शिक्षक डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में शुक्रवार से त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के पश्चात विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, प्रो.राजेश सिंह, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में तीन दिनों में पंद्रह सत्रों के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं को समायोजित कर संपन्न होगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में आचार्य की भूमिका क्या होनी चाहिए पर विस्तृत चर्चा करना है। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने आगामी योजनाओं के ऊपर विधिवत रूप से प्रकाश डालते हुए अनौपचारिक शैक्षणिक गतिविधि को बढ़ावा देने की बात कही। विद्यार्थियों के विकास में आचार्यों की भूमिका शाश्वत रूप से महत्वपूर्ण मानी गई है। विद्या भारती पूरे राष्ट्र में सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर का संचालन कर रही है। विद्या भारती संगठन समाज के भावी पीढ़ी के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना प्रारंभ से ही भरने का कार्य कर रही है। वहीं तृतीय सत्र में राजेश सिंह ने अपने संबोधन में बाल्यावस्था में बच्चों के देखभाल एवं शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ-साथ एक सभ्य व सुसंस्कृत समाज के निर्माण में योगदान देने हेतू संस्कार, राष्ट्रीयता व नैतिकता का भी ज्ञान देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद में फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान में फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बक्शी उच्च विद्यालय और आमजनता के बीच मैच खेला गया। जिसमें बक्शी उच्च विद्यालय ने तीन गोल से कप पर कब्जा किया।मौके पर प्रखंड कोच चंदन कुमार,दीपक कुमार,आकाश कुमार,नबीन कुमार,सोनू कुमार, बिजय कुमार,आदित्य कुमार, रौशन कुमार लव कुमार,नीतीश कुमार विशाल यादव,मुनीर खान,आदर्श कुमार,अभिषेक कुमार,आकाश कुमार समेत कई अन्य खिलाड़ी व दर्शक मौजूद थे।

# एमएस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के दरुआ बेनी पंचायत के हटिया गांव स्थित एमएस स्कूल ऑफ एजुकेशन का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई तरह के रंगारंग एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, विद्यालय के निदेशक बिमलेश कुमार तिवारी, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के निदेशक कृष्ण कुमार तिवारी, मुखिया पति योगेंद्र सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलन कर किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी स्थानीय युवा बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सामाजिक ज्ञान भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन मे उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत अति आवश्यक है। मौके पर विद्यालय के निदेशक बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार देना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल अविनाश तिवारी, वंशीधर तिवारी, लव सिंह, अखिलेश तिवारी, शंकर राम, पूर्व मुखिया बिपिन सिंह समेत सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



**दिल्ली को 12 रन से हराया, होम टीम सीजन में लगातार 9वां मैच जीती**
**रियान पराग की फिफ्टी**

# आइपीएल-2024 में राजस्थान की लगातार दूसरी जीत

आजाद सिपाही संवाददाता




**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया। होम टीम ने सीजन में लगातार 9वां मैच जीता है, जबकि राजस्थान ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। रियान पराग प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 45 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। इस पारी में 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

**रियान की फिफ्टी, वॉर्नर अर्धशतक चूके**

राजस्थान के रियान पराग ने 45 बॉल पर 186.67 के स्ट्राइक रेट से 7 चौके और 6 छक्के के सहारे नाबाद 84 रन बनाए।

रविचंद्रन अश्विन ने 29 और ध्रुव जुरेल ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली के खलील अहमद, मुकेश कुमार, एनरिक नॉर्त्या, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

जवाब में दिल्ली से डेविड वॉर्नर ने 34 बॉल पर 49 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 44, कप्तान ऋषभ पंत ने 28 और मिचेल मार्श ने 23 रन की पारियां खेलीं। युजवेंद्र चहल और नांद्रे बर्गर को 2-2 विकेट मिले। आवेश खान के हिस्से एक विकेट आया। आखिरी ओवर्स में महंगे रहे गेंदबाज दिल्ली के गेंदबाजों ने आखिरी के 8 ओवर्स में खराब गेंदबाजी की। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 77/3 था, लेकिन के बाद बाद के ओवर्स में दिल्ली के गेंदबाजों ने 108 रन खर्च किए और 2 विकेट लिए। रियान पराग की बैटिंग, आखिरी 19 बॉल में 58 रन बनाए रियान पराग की पारी ने भी अंतर पैदा किया। उन्होंने अपनी पहली 26 बॉल में 26 रन जुटाए, जबकि आखिरी 19 बॉल में 58 रन बना डाले।

पारी का आखिरी ओवर पारी के आखिरी ओवर्स ने भी अंतर पैदा किया। दिल्ली से आखिरी ओवर डाल रहे एनरिक नॉर्त्या ने आखिरी ओवर में 25 रन लुटाए, जबकि राजस्थान की ओर से आवेश खान ने महज 4 रन ही दिए।

# नेतरहाट के छात्रों का देवघर में उम्दा प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नेतरहाट।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्रों में खेल अभिरुचि एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं को विकसित करने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान के द्वारा ऐतिहासिक पहल की गयी। पहली बार प्राचार्य के निर्देशन बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का पूर्ण अवसर प्राप्त हुआ।

दरअसल देवघर में राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 में विद्यालय के आठवीं और दसवीं के कुल 19 छात्र और 12वीं के चार छात्रों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स के प्रतिभागी के रूप में हुआ और देवघर एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेने के लिए निकले। इस एथलेटिक्स मीट के दौरान सभी बच्चे जैवलिन थ्रो, शॉट फुट 5000 एवं 10000 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि खेल की विधाओं में भाग लेने के लिए देवघर में स्थित कुमेठा स्टेडियम पहुंचे। सभी बच्चे मार्च पास्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किये और सर्वश्रेष्ठ विजेता घोषित किये गये। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद छात्रों के वापस लौटने पर प्राचार्य ने उन्हें प्रतिभागी छात्रों का जोरदार स्वागत किया और उनका उत्साह वर्धन किया उन्हें भविष्य में विद्यालय देश और राज्य के हित में कुछ करने के लिए प्रेरित किया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



## वाहन जांच अभियान में वसूला 2.5 लाख जुर्माना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 40 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 10 वाहनों से ओवरसाइज, ओवरलोड के लिए लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे 6 वाहनों को सीज कर संबंधित थाना को सुपुर्द कर दिया गया।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसपी ने किया नक्सल प्रभावित टुंडी क्षेत्र का दौरा

# एसएसपी ने सुरक्षा का दिया पुख्ता भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक श्री ह्रदीप पी जनार्दनन आज नक्सल प्रभावित टुंडी क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे जहाँ महोदय ने सुरक्षा सम्बंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। एसएसपी महोदय ने गिरिडीह-धनबाद सीमा पर अवस्थित प्रतापपुर चेक पोस्ट का जायजा लिया। महोदय ने वहां हो रही वाहनों की जांच का मुआयना करते हुए चेकपोस्ट में प्रतिनियुक्त पुलिस जवानों को सभी वाहनों की सघन जांच करने एवं वाहन जांच पंजी का सही से संधारण के निर्देश भी दिए । दल बल के साथ एसएसपी महोदय ने नक्सल प्रभावित गावों का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र पर्वतपुर व गुआकोला में पड़ने वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण भी किया। बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारी को जरुरी दिशानिर्देश भी दिए। निरीक्षण के क्रम में एसएसपी महोदय टुंडी थाना अंतर्गत ग्राम ओझाडीह कटनिया पहुंचे जहां स्कूल भवन का निरीक्षण करते हुए चुनाव के दौरान सुरक्षा बल के आवासन स्थल का उन्होंने जायजा भी लिया। सुरक्षा बलों के आवासन के दौरान स्कूल भवन में पर्याप्त बिजली व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय समेत अन्य मूलभूत जरूरतों के पुख्ता इंतजमात करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसएसपी महोदय टुंडी थाना क्षेत्र के संवेदनशील कदैया ग्राम पहुंचे जहाँ वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण करते हुए स्थानीय ग्रामीणों से वार्ता कर समाज में मैत्री संबंध बढ़ाने व आपसी सौहार्द बनाये रखने की उन्होने अपील की। महोदय ने ग्रामवासियों से शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने में पुलिस व जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की। एसएसपी महोदय ने कहा कि धनबाद पुलिस स्थानीय जनता के सहयोग व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में ग्रामीण किसी भी तरह की मदद के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया । स्थानीय ग्रमीणों से बातचीत के दौरान महोदय ने सभी ग्रामीणों को आपस में मिलकर रहने व सामाजिक भाईचारा को बढ़ाने पर जोर दिया। महोदय ने आमजनों को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा देते हुए अत्याधिक संख्या में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने को कहा। टुंडी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन के साथ सीआरपीएफ कमांडेंट (154 बटालियन) अच्युतानंद, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता, टुंडी थाना प्रभारी असीम टोपनो समेत सशस्त्र बल के जवान व अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## कार्य के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद सीसीएल कर्मी की मौत



**बैदकारो (बेरमो) (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बी एंड के क्षेत्र के एकेकेओसीपी खासमहल परियोजना में कार्यरत 58 वर्षीय तारकेश्वर सिंह की 29 मार्च को कार्य के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में परियोजना में कार्यरत राजन चंद्रवंशी ने बताया कि 29 मार्च को जनरल शिफ्ट में उक्त कामगार की ड्यूटी थी। वह ड्यूटी आया और हाजिरी भी बनाया। उसके बाद सुबह लगभग 8:00 बजे कार्य के दौरान उसका अचानक तबीयत खराब हो गया। आनन-फानन में उसे सीसीएल के ढ़ोरी रीजनल अस्पताल लाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु बोकारो रेफर कर दिया। इसी बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर राष्ट्रीय कोलरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि श्यामल सरकार, वीरेंद्र कुमार सिंह, जयनाथ तांती, सीसीएल सीकेएस के विनय कुमार पाठक मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह आदि ने अस्पताल पहुंचकर मृत श्रमिक के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। साथ ही कहा कि प्रबंधन को बिना देर किए आश्रित को नियोजन से संबंधित नियुक्ति पत्र दे देना चाहिए। अनावश्यक विलंब मजदूरों का प्रबंध के प्रति आक्रोश को और बढ़ाएगा। समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन के द्वारा आश्रित को नियुक्ति पत्र देने की कागजी प्रक्रिया जारी थी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती योजनानुसार बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला प्रारंभ हुआ।कार्यशाला का उद्घाटन प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ पवन मिश्रा एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि इस कार्यशाला में विद्या भारती की योजना एवं लक्ष्य के अनुसार गत सत्र की समीक्षा कर नवीन सत्र की योजना बनाई जाएगी। मौके पर डॉ पवन मिश्रा ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से वर्ष भर कार्य करने हेतु यह कार्यशाला आयोजित है।भैया बहनों के बीच सरल तरीके से ज्ञान का हस्तांतरण करने की कला हम आचार्य की सबसे बड़ी पूंजी है।बच्चे जिज्ञासु होते हैं उनकी जिज्ञासा को शांत करना हमारा दायित्व है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जांच और छापेमारी का दिया निर्देश

**जब्त सामानों का बाजार मूल्य आंकलन कर प्रतिवेदन समर्पित करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बालीडीह थाना के बियाडा औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत उद्भेदन हुए अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री का शुक्रवार को उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने निरीक्षण किया। मौके पर पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र डा. माइकल राज एस, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, संयुक्त निदेशक उत्पाद, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक उत्पाद आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। उत्पाद और मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसके विभिन्न जिला प्रशासनों और विभाग द्वारा भी सतत जांच एवं छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। यह एक श्रोत केंद्र (सोर्स प्वाइंट) है। जो अवैध रूप से शराब का निर्माण कर बाजार में नामी ब्रांडों के नाम से विदेशी शराब को बेच रहा था। उत्पाद अधिनियम एवं फैक्ट्री अधिनियम अंतर्गत प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिला प्रशासन की सख्ती एवं सघन जांच/छापेमारी अभियान संचालन के दौरान प्राप्त इनपुट पर कार्रवाई के दौरान इस अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ है। यहां 05 हजार क्षमता वाली 16 टैंक (हिमगिरी) मिले हैं, जिसमें 07 हजार लीटर तैयार शराब, 20 हजार लीटर स्पिरिट है। देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि यह काफी दिनों से चल रहा था। करोड़ की सामग्री जब्त की गई है।

## कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाकपा माले ने चलाया जन संपर्क



**गांडेय (आजाद सिपाही)।**भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गांडेय विधानसभा क्षेत्र के ओझाडीह (बेंगाबाद) में जन संपर्क चलाते हुए लोगों से पार्टी के समर्थन में खड़ा होने की अपील की। जन संपर्क के दौरान अपने संबोधन में पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, मोदी सरकार जनता की नहीं कंपनियों की सरकार है। इस सरकार ने सिर्फ कंपनियों के ही हित में काम किया है। कंपनियों से चंदा लेकर उन्हें लूटने की छूट दी है। वहीं, आम लोगों के लिए मोदी सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी की सौगात दी है। कहा कि, भाकपा माले की अगुवाई में जनता ने इस बार कोडरमा क्षेत्र से भाजपा को शिकस्त देने की पूरी तैयारी कर ली है। महागठबंधन के सभी दलों के सहयोग से यह संभव भी होगा। उन्होंने लोगों से भाकपा माले के चुनावी संघर्ष कोष में घर-घर से सहयोग देने की अपील की। श्री यादव की अपील पर मौजूद लोगों ने प्रति घर 20 रु सहयोग जमा कराया। शेष घरों से भी सहयोग लेनेवाला निर्णय लिया गया।

# होली के दिन युवक की हत्या करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** चास पुलिस ने 25 मार्च होली के दिन दिनदहाड़े एक युवक को चाकू मारकर हत्या किये जाने के मामले में आरोपी दीपू मिश्रा को गिरफ्तार किया है घटना में प्रयुक्त चाकू सहित बीयर की खाली बोतल भी बरामद किया है। इस आशय की जानकारी पुलिस ऑफिस सभागार में देते हुए चास एसडीपीओ पी के सिंह ने बताया कि चास थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी मुस्कान हॉस्पिटल समीप मोनू कुमार नामक एक युवक की सीने में चाकू गोद कर हत्या कर दी गयी थी। जिसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई ,पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले मामले की छानबीन शुरू की थी। मृतक चिरा चास के बसेरा कॉलोनी का रहने वाला था। ,मृत युवक बिहार पुलिस का जवान था जो बिहार में अग्निशमन विभाग में जॉब करता था, होली के मौके पर घर आया था जो सुबह दोस्तो के साथ होली खेलने बाहर निकला था। इस मामले में पुलिस ने घटना के दिन ही संदेह के अधार पर तीन लोगो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इस्पात कालोनी स्थित दीपू मिश्रा को गिरफ्तार किया एसडीपीओ के मुताबिक वह भागने के फिराक में था, इसी कारण घर में रखे गए आवश्यक कागजात लेने घर पहुंचा था तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी चास खुर्शीद आलम राजकुमार मुंडा अजय कुमार शर्मा प्रभात किरण लालबाबू रजत एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव मे मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर चिनप कार्यालय में बैठक



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों में डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि क्षेत्र के नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। वार्ड संख्या 15 में विभाग के कर्मी व सुपरवाइजर द्वारा डोर टू डोर जाकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा गया व मतदान करना क्यों जरूरी है उसके बारे में भी लोगों को समझाया गया। उन्होने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने सभी 21 वार्डों में 'स्वीप' के तहत बीएलओ के साथ नगर परिषद के सुपरवाइजर व कर्मी डोर टू डोर जाकर क्षेत्र में मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए सूचना देकर जागरूक करेगें।उन्होने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, मेंहदी, क्विज प्रतियोगिता,रैली,वार्डों में बैठक का आयोजन, जिंगल बेल,माइकिंग भी कराई जाएगी साथ ही मैराथन भी कराई जाएगी।

## करगली में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**करगली(बेरमो)(आजाद सिपाही) ।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोरी बस्ती रेहवाघाट निवासी दिनेश रविदास के लगभग 25 वर्षीय पुत्र गोंविंद रविदास गुरुवार की रात को अपने ही घर में फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार की रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आयी। इसके बाद परिवार के लोगों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा का कुंडी तोडकर अंदर गया तो देखा कि पंखा में गमछा के सहारे फांसी लगाया हुआ था। पडोसियो एवं परिजनों की सूचना पर बेरमो थाना के एएसआइ रॉकी बाबा दलबल के साथ पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनो को सौंप दिया गया। यह घटना देखकर हर किसी के आंखें नम हो गई। बेरमो थाना एएसआई रॉकी बाबा ने कहा कि जांचोपरांत एवं

## बीसीसीएल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के मुख्यालय कोयला भवन में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया ने की। इस कार्यक्रम में पधारे स्वीप कोषांग धनबाद के नोडल पदाधिकारी सह सीओ धनबाद श्री शशिकांत सिंकर ने कंपनी के कर्मियों को मतदान से संबंधित प्रशिक्षण दिया तथा उनकी विभिन्न शंकाओं का समाधान किया।

धनबाद सीओ शशिकांत सिंकर ने कर्मियों से वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर एपिक नंबर के द्वारा उनके मतदाता विवरण की जांच करवाई तथा उन्होंने फॉर्म सिक्स के द्वारा जिन लोगों का मतदाता लिस्ट में नाम नहीं है। मतदाता लिस्ट में नाम जुड़वाने का आग्रह किया। 007

## डीएवी में तीन दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सिंदरी- डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी, धनबाद में डीएवी मैनेजिंग कमिटी, दिल्ली के सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस (सीएई) के तत्वावधान में तीन दिवसीय शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला की शुरूआत की गई। सत्र का आरंभ डीएवी सिंदरी के प्राचार्य अशुतोष कुमार व आगत शिक्षक प्रशिक्षको ने किया। कार्यशाला में डीएवी सिंदरी, डीएवी कुसुण्डा सहित कोयला नगर, अलकुसा, मुनीडीह, लोदना, सिंदरी व डीएवी मुगमा से विज्ञान, सामाजिक विज्ञान शारीरिक शिक्षा, संगीत व जीव विज्ञान के कुल 150 शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल हुए । स्वामी रामकृष्ण आश्रम कोलबिंदी मामरकुदर, चंदनक्यारी से उपस्थित स्वामी शशंकानंद जी ने अपने संबोधन में आज कि शिक्षा प्रणाली हमें दुर्वल, असहाय,भीरू , पराधीन और परमुखापेक्षी बना रही है । खेत खलिहान खाली पड़े हैं। भारत में कहा जाता था कि *₹*उत्तम खेती, मध्यम बान, अधम चाकरी, भीख निदान । प्राचीन भारत में स्वनिर्भर रोजगार ही धनोपार्जन का मुख्य उपाय माना जाता रहा है। बड़े-बड़े कारखाने नहीं, स्वतंत्र उद्योग एवं शिल्प, चिकित्सा, चिकित्सा तथा आयुर्वेदिक औषधि भी स्वरोजगार ही है। हमारी शिक्षा रोजगारोन्मुख होनी चाहिए। यह भावना लोगो में एक शिक्षक ही जागृत कर सकता है।

## रमजान के 18वें रोजा के अवसर पर दावत का आयोजन

**बोकारो थर्मल (बेरमो)(आजाद सिपाही)।** रमजान के 18वें रोजा के अवसर पर बोकारो थर्मल के राजाबाजार में शुक्रवार के दिन राजाबाजार नौजवान कमिटी की ओर से रोजेदारों हेतु दावत ए इफ्तार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राजा बाजार सहित आस पास के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने 18वें रोजा के अवसर पर एक साथ दावतें इफ्तार में उपस्थित हुए। यहां आजसू नेता मंजूर आलम, अनवर आलम, फना अख्तर, सरफराज आलम, जावेद आलम, नदीम खान सहित पूरे राजा बाजार के रोजेदार उपस्थित रहे। सभी ने आजान की आवाज सुनकर रोजा खोला एवं दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआ की।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29 मार्च 2024 को जिला के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत झरिया बाजार के चार नंबर बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड एवं धर्मशाला रोड के सभी दुकानदार को अपने पूरे परिवार के साथ वोट अवश्य देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही मतदान जागरूकता हेतु हस्ताक्षर कार्यक्रम चलाया गया एवं बाजार क्षेत्र में दुकानदारों से मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं रेलवे द्वारा नामित नोडल अधिकारी के निर्देशन में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पूर्व मध्य रेल, धनबाद मे वोटिंग प्रतिशत बढाने हेतु रेल कर्मचारियों के बीच वोटिंग सम्बन्धी क्विज का आयोजन किया गया' साथ हीं रेल कर्ममचारियों के बीच मतदान शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा विभिन्न बूथों पर चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई। इन सभी गतिविधियों का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत वोटर मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।


## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची ।

(कल्याण शाखा)

**नामांकन हेतु परीक्षा केन्द्र की सूचना ।**

शिक्षण सत्र 2024–25 में कल्याण विभागीय एकलब्य मॉडल, आश्रम एवं आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु दिनांक 07.03.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है, जिसका लिखित परीक्षा की तिथि 07.04.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक निर्धारित की गई है।

उक्त चयन परीक्षा हेतु निम्न विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित है :–

| क्र0 | परीक्षा केन्द्र का नाम | कक्षा | रोल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्कूल, शहीद चौक, राँची । | 6 | 0160001 से 0160450 |
| 2 | बालकृष्णा +2 उच्च विद्यालय, राँची । | 6 | 0160451 से 0160850 |
| 3 | षिवनारायण मारवाड़ी उच्च विद्यालय, अपर बाजार, राँची । | 6 | 0160851 से 0161160 |
| 4 | पिछड़ी जाति बालिका आवासीय +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची । | 7 | 0170001 से 0170320 |
| | | 8 | 0180001 से 0180135 |

11.00 बजे से परीक्षा है। परीक्षार्थी 10.00 बजे तक परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग करेंगे।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,
राँची ।

PR 323435 Welfare(23-24)D

## बीजेडी के चित्रकोंडा के पूर्व विधायक डंबरू शीशा ने पार्टी से दिया इस्तीफा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। चित्रकोंडा के पूर्व विधायक डंबरू शीशा ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी सुप्रीमो नवीन पटनायक को भेजा है। डंबरू शीशा 2014 से 2019 तक विधायक रहे। 28 मार्च 1980 को जन्मे डंबरू शीशा ओड़िशा विधानसभा के लिए चुने जाने वाले पहले बंडा व्यक्ति थे।

## सुरेंद्र सिंह भोई बीजेडी में शामिल हुए



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शंख भवन में आयोजित विलय उत्सव में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह भोई बीजू जनता दल (बीजेडी)में शामिल हुए हैं। टुकुनि साहू, सस्मित पात्र, अधिराज पाणिग्राही की मौजूदगी में सुरेंद्र अपने हजारों समर्थकों के साथ बीजेडी पार्टी में शामिल हुए हैं। 38 साल तक कांग्रेस में रहे सुरेंद्र ने कल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बलांगीर जिला अध्यक्ष के पद सहित एआईसीसी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। सुरेंद्र ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दिया।

## नीलगिरी के विधायक ने भाजपा छोड़ी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नीलगिरी के विधायक सुकांत नायक ने भाजपा छोड़ दी और सुकांत ने प्रदेश अध्यक्ष को अपना इस्तीफा पत्र भेज कर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले 2019 में सुकांत भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गये थे। इससे पहले 2014 में भी सुकांत बीजेडी के टिकट पर विधायक बने थे। हालांकि, 2019 में पार्टी द्वारा टिकट से वंचित किये जाने के बाद, सुकांत भाजपा में शामिल हो गये और चुनाव लड़कर विधायक बन गये। ऐसी अटकलें हैं कि सुकांत भाजपा से इस्तीफा देने के बाद बीजेडी में लौट सकते हैं। चूंकि सुकांत पहले से ही बीजेडी के विधायक रहे चुके हैं। बीजेडी द्वारा पहले घोषित विधायक उम्मीदवारों की सूची में नीलगिरी का नाम नहीं था। इसलिए पार्टी सुकांत को नीलगिरी से मैदान में उतार सकती है, यदि वह बीजेडी में शामिल हो जाते हैं।


CBSE BOARD
THE SCHOLAR SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
Nursery & KG to X & XII
Under the aegis of Human Welfare Foundation, New Delhi
ADMISSION OPEN
LKG, UKG, STD-I to IV
REQUIRED:
English Speaking Teachers for Primary & KG Classes
88 09 03 65 65
Kubasal Road, Rargaon Tamar-835225



बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's Today
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!


# ओड़िशा दिवस मनाने को लेकर बैठक

## आचार संहिता का पालन करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** इस वर्ष ओड़िशा दिवस को राज्य, जिला और उप-जिला स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए इस दिन को मनाने के लिए सूचना और जनसंपर्क विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक आभासी बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभागीय निदेशक सरोज कुमार सामल, निदेशक (वाणिज्यिक) सुरेंद्र नाथ परिडा, अतिरिक्त निदेशक संतोष कुमार दास, उप निदेशक (क्षेत्र) सुचेता प्रियदर्शिनी, तीन आर डीसी क्षेत्रों के उप निदेशक और जिला सूचना और जनसंपर्क अधिकारी प्रमुख शामिल थे।

विभाग के निदेशक सरोज कुमार सामल ने इस वर्ष आम चुनाव-2024 के संदर्भ में भारत के चुनाव आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के अनुसार ओडिशा दिवस समारोह की रूपरेखा पर एक परिचयात्मक जानकारी दी।

मुख्य प्रशासनिक सचिव ने निर्देश दिया कि ओड़िशा दिवस को चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए जिला और उप-मंडल स्तरों पर उचित गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। ओड़िशा दिवस के अवसर पर जिले के सभी भूमिपुत्र की मूर्तियों को माला पहनायी जायेगी। प्रभातफेरी सुबह आयोजित की जायेगी, जिसमें केवल ओड़िया देशभक्ति संगीत रिकॉर्ड के माध्यम से बजाया जायेगा।

ओड़िशा दिवस मनाने के उद्देश्य और भूमिपुत्र के योगदान पर एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें जिला कलेक्टर, जिले के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी आदि शामिल होंगे। बैठक के आरंभ में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित स्थल पर बंदे उत्कल जननी संगीत बजाया जायेगा। इस बैठक में अठारह वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जायेगा। इसके अलावा, भूमिपुत्र की रचनाओं से उड़िया देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। जिलों और उप-मंडलों में प्रमुख सरकारी भवनों को रोशन किया जा सकता है एल और न ही किसी सरकारी कार्यक्रम का प्रचार, प्रसार या किसी पार्टी का लोगो इस्तेमाल किया जा सकेगा।

इस अवसर पर राजनीतिक भाषण और प्रचार के साथ-साथ किसी भी प्रकार के जुलूस, बैनर और तख्तियां नहीं पेश करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय लिया गया कि विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित की जा सकती है और पुरस्कार प्रदान किये जा सकते हैं।

# सीएम चंपाई सोरेन से मिले कालीचरण मुंडा

## झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और शशि भूषण राय रहे मौजूद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आइएनडीआइए समर्थित महागठबंधन के प्रत्याशी घोषित होने के बाद खूंटी लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की एवं महागठबंधन के उम्मीदवार चुने जाने पर अपना आभार व्यक्त किया।

कालीचरण मुंडा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से खूंटी समेत सभी 14 सीट पर विचार विमर्श कर उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य की जनता का समर्थन महागठबंधन को प्राप्त है और उनके नेतृत्व में सरकार जिस तरह हेमंत सोरेन के कामों को आगे ले जा रही है। निश्चित रूप से राज्य की सभी सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे। कालीचरण मुंडा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भरोसा दिलाया कि जनता भाजपा और उनके झूठे वादों से ऊब चुकी है एवं जिस तरह से आदिवासी समाज के प्राथमिकताओं को दरकिनार करते हुए उनके चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया, उसका जवाब राज्य की जनता और पूरा आदिवासी समाज चुनाव के माध्यम से भाजपा को देगा। कालीचरण मुंडा ने कहा कि झूठे केस में हेमंत सोरेन को फंसाना भाजपा को बहुत भारी पड़ेगा और राज्य की जनता इसका जवाब उन्हें आने वाले चुनाव में जरूर देगी। इस बैठक में झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय एवं मदन मिश्रा शामिल रहे।

# चाय-समोसे के लिए डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल के रेट कार्ड तय

## चाय पर बालाघाट में 5 रुपये और चेन्नई में 15 खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए 7 फेज में 19 अप्रैल से वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी राज्यों में डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल चुनावी खर्चों पर निगरानी के मद्देनजर खर्चों की दरें तय कर रहे हैं। इसमें सबसे मजेदार पहलू समोसे और चाय पर होने वाला खर्च है। अलग-अलग राज्यों में मेनू की कीमतें अलग हैं, लेकिन किसी भी डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल ने शराब का जिक्र नहीं किया है, जबकि पार्टियां और उम्मीदवार अक्सर कार्यकताओं और मतदाताओं को शराब की पेशकश करती हैं।

पंजाब के जालंधर में उम्मीदवार एक कप चाय पर 15 रुपये खर्च कर सकेगा, जबकि मध्य प्रदेश के मंडला में इसी एक कप चाय के लिए 7 रुपये तय किये गये हैं। इसके अलावा समोसे के लिए 7.50 रुपये रेट तय किया गया है।

आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों में लोकसभा उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 95 लाख निर्धारित है। जबकि अरुणाचल प्रदेश, गोवा और सिक्किम में 75 लाख रुपये लिमिट रखी गयी है। केंद्र शासित प्रदेशों में खर्च की सीमा प्रति उम्मीदवार 75 लाख से 95 लाख रुपये तक है।

### गेंदा-गुलाब के रेट भी तय किये

कई राज्यों के डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल्स ने रेट कार्ड में जिन अन्य मदों का उल्लेख किया है, उनमें हेलीपैड, लक्जरी गाड़ियां, फार्महाउस से लेकर फूल, कूलर, टावर एसी और सोफा जैसी चीजें शामिल हैं। प्रचार के लिए टाटा सफारी या स्कॉर्पियो से लेकर होंडा सिटी या सियाज या जनता को रैली मैदान तक ले जाने के लिए बस तक गाड़ियां किराये पर लेने की दरों की सीमा भी निर्धारित की गयी है। कुछ चुनाव पैनलों ने गुलाब की माला, गेंदा की माला और गुलदस्ते के लिए भी रेट तय किये गये हैं। कुछ में टोपी और झंडे को भी शामिल किया गया है। जगह और घर किराये पर लेने के लिए भी लिस्ट दी गयी है। इस खर्च में बैठकों, रैलियों, विज्ञापनों, होर्डिंग्स, पैम्फलेट, फ्लेक्स, प्रचार सामग्री और अन्य सभी चुनाव-संबंधी कार्यों का खर्च शामिल हैं।

### खोलना होगा अलग बैंक अकाउंट

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक अलग बैंक अकाउंट खोलने के लिए भी कहा गया है। इस अकाउंट के जरिए चुनाव में खर्च की पूरी जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग सभी प्रत्याशियों को व्यय रजिस्टर भी उपलब्ध कराता है। इसमें चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार, खाना, गाड़ी, प्रचार वाहन, सभा में होने वाला खर्च दर्ज करना पड़ता है। चुनाव संपन्न होने के बाद व्यय रजिस्टर को ट्रेजरी ऑफिस में जमा करना होता है। अगर प्रत्याशी ऐसा नहीं करता है, तो उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाती है।

# सम हॉस्पिटल का टीबी जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** विशेषज्ञों ने कहा कि तपेदिक पूरी तरह से इलाज योग्य है और उचित उपचार से रोगी को ठीक किया जा सकता है। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल द्वारा आयोजित सप्ताह भर के जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के पीजी रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर बनानी जेना ने टीबी रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और सेवन पर जोर दिया। आयोजित कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए प्रोफेसर जेना ने कहा कि टीबी की समस्या मधुमेह से पीड़ित लोगों में होती है। प्रोफेसर जेना ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस बारे में जागरूकता पैदा करना है कि इन दोनों समस्याओं का इलाज कैसे किया जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर आइएमएस एवं सम अस्पताल के डीन प्रो संघमित्रा मिश्र ने कहा कि अस्पताल में जल्द ही तपेदिक के निदान के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग लैब स्थापित की जायेगी और मरीजों का इलाज के लिए मल्टी-ड्रग रेजिस्टेंस टीबी युद्ध शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही टीबी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, अभ्यर्थियों और छात्रों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

आइएमएस एवं सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंहार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि यदि जागरूकता कार्यक्रम ठीक से तैयार किया जाये, तो टीबी हारेगी और देश जीतेगा।

इस अवसर पर जीएसएल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, राजमहेंद्री के टीबी और छाती रोग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) सोमनाथ दास ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और टीबी और मधुमेह एक रोगी को कैसे प्रभावित करते हैं और उचित उपचार के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर आईएमएस और सम अस्पताल के ओएसडी प्रहलाद महांति, सोआ की मुख्य सुविधा अधिकारी प्रतिमा राउतराय, अग्निशमन अधिकारी एटी बस्तिया, एओ सुरक्षा पीसी पंडा, आइएमएस और सम अस्पताल के एएनएस रश्मिता स्वाइं, एएनएम सुभस्मिता साहू, स्टाफ नर्स नमिता नायक और शुभलक्ष्मी खुंटिया को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रीतम छोटरॉय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर अस्पताल द्वारा जागरूकता रैली एवं स्ट्रीट प्ले (पथप्रांत नाटक)का आयोजन किया गया।

# नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

## अब बिना अनुमति के नहीं बढ़ा सकेंगे फीस

- शिक्षा निदेशालय से मंजूरी के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राजधानी की सरकारी जमीन पर बने निजी स्कूलों को अब फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय की मंजूरी लेनी होगी। निदेशालय ने कहा कि मान्यता प्राप्त निजी स्कूल जिनके पास डीडीए द्वारा आवंटित जमीन है, उन्हें 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय की पूर्व मंजूरी लेनी होगी।

निदेशालय की पूर्व मंजूरी के बिना स्कूल फीस नहीं बढ़ा सकते हैं। स्कूलों को शिक्षा निदेशक द्वारा अनुमोदित अंतिम शुल्क संरचना या उनके द्वारा दाखिल किए गए शुल्क विवरण के आधार पर फीस एकत्र करनी होगी।

### एक से वेबसाइट के माध्यम से करना होगा आवेदन

निदेशालय ने कहा कि जिन स्कूलों को फीस बढ़ानी है उन्हें शिक्षा निदेशक की पूर्व अनुमति के लिए एक अप्रैल 2024 से निदेशालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा और 15 अप्रैल 2024 तक संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

वहीं, किसी भी अधूरे प्रस्ताव को सीधे तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। निदेशालय ने कहा कि अगर कोई स्कूल पूर्व मंजूरी के बिना किसी भी शुल्क में वृद्धि करता है तो ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।


कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो! समाधान भी है!
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची



आवश्यकता
रोजगार विज्ञापनः चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में पचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.



S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569



RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in



FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21